सूर्योदय 6:33 सूर्यास्त 6:28

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 07.6 न्यू | 17.4 अधि |
| धर्मशाला | 13.1 न्यू | 19.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| संसेक्स | 73502.64 |
| निफ्टी | 22332.65 |
| सोना 66,270 | चांदी 74,965 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

www.anantgyaan.in



follow us on: | धर्मशाला | मंगलवार, 12 मार्च, 2024 | 29 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 84, कुल पृष्ठ 16 | मूल्य : 5 रुपए

आज के अंक में

- बिना जमाणी के ढाई पौड़ी चढ़ गए थे देव ब्रह्मा
- 14 लाख न वसूले जाने पर गरजी नगर परिषद

पृष्ठ 2 पर पढ़ें



- इंदौरा की जनता को दीं करोड़ों की सौगात
- कांगड़ा जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग में कई पद रिक्त

पृष्ठ 7 पर पढ़ें



- शिमला में प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने निकाला मशाल जुलूस
- 10.200 किलो चरस के साथ दो गिरफ्तार

पृष्ठ 14 पर पढ़ें



- चेक बाउंस पर अमीषा पटेल ने दी 20 लाख की पहली किस्त
- सात्विक और चिराग की जोड़ी ने जीता फ्रैंच ओपन युगल खिताब

पृष्ठ 16 पर पढ़ें



# देश में नागरिकता संशोधन कानून लागू

## बांग्लादेश, पाक और अफगानिस्तान के गैर मुस्लिम शरणार्थियों को मिलेगी भारतीय नागरिकता

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**देश** में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के नियम लागू हो गए हैं। केंद्र सरकार ने सोमवार शाम को नागरिकता संशोधन अधिनियम को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। इसके लिए पोर्टल भी तैयार कर लिया गया है, जिसके जरिए गैर-मुस्लिम प्रवासी समुदाय के लोग नागरिकता पाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा इसके लिए पूरी तैयारी कर ली है।

सीएए लागू होने से अब तीन मुस्लिम देशों के अस्पसंख्यकों को नागरिकता मिलेगी। तीन मुस्लिम बहुल पड़ोसी मुल्कों से आने वाले वहां के अल्पसंख्यकों को इस पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा और सरकारी जांच पड़ताल के बाद उन्हें कानून के तहत नागरिकता दी जाएगी। इसके लिए बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए विस्थापित अल्पसंख्यकों को कोई दस्तावेज देने की जरूरत नहीं होगी।




केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

### 2019 में केंद्र सरकार ने कानून में किया था संशोधन

**मोदी** सरकार ने 2019 में नागरिकता कानून में संशोधन किया था। इसमे अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश से 31 दिसंबर 2014 से पहले आने वाले छह अल्पसंख्यकों (हिंदू, ईसाई, सिख, जैन, बौद्ध और पारसी) को भारत की नागरिकता देने का प्रावधान किया गया था। नियमों के मुताबिक, नागरिकता देने का अधिकार केंद्र सरकार के हाथों में होगा

### किसे मिलेगी नागरिकता

31 दिसंबर 2014 से पहले पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश से धार्मिक आधार पर प्रताड़ित होकर भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को नागरिकता दी जाएगी। इन तीन देशों के लोग ही नागरिकता के लिए आवेदन कर सकेंगे।

### भारतीय नागरिकों पर क्या असर

भारतीय नागरिकों से सीएए का कोई सरोकार नहीं है। संविधान के तहत भारतीयों को नागरिकता का अधिकार है। सीएए या कोई कानून इसे नहीं छीन सकता।

### आवेदन की प्रक्रिया क्या होगी

**आवेदन** ऑनलाइन करना होगा। आवेदक को बताना होगा कि वे भारत कब आए। पासपोर्ट या अन्य यात्रा दस्तावेज न होने पर भी आवेदन कर पाएंगे। इसके तहत भारत में रहने की अवधि 5 साल से अधिक रखी गई है। बाकी विदेशियों (मुस्लिम) के लिए यह अवधि 11 साल से अधिक है।

### भेदभाव होता है तो हम नहीं करेंगे स्वीकार: ममता

**बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सीएए को लेकर कहा कि अगर कोई भेदभाव होता है तो हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे। अगर सीएए कहता है कि आप आज नागरिक हैं, तो क्या इसका मतलब यह है कि वे पहले नागरिक नहीं थे?

### किसी की नागरिकता को खतरा नहीं : खालिद

**मुस्लिम** धर्मगुरु खालिद रशीद फरंगी महली ने सीएए लागू होने पर शांति बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि किसी की नागरिकता को खतरा नहीं है। हमारी लीगल टीम सीएए नोटिफिकेशन को पढ़ेगी और फिर हम किसी नतीजे पर पहुंचेंगे।

## न्यूज शॉर्ट्स

### बागी विधायकों के मामले पर सुप्रीम कोर्ट में आज होगी सुनवाई

**शिमला।** प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष की ओर से अयोग्य करार दिए गए छह बागी विधायकों के मामले पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। वहीं, दूसरी तरफ निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा व कांग्रेस के बागी चैतन्य के पिता के खिलाफ शिमला के बालूगंज थाना में मामला दर्ज हुआ है। उधर, प्रदेश सरकार का पक्ष सुनने के लिए कैविएट याचिका दायर की है।

### भाजपा सांसद प्रज्ञा ठाकुर के खिलाफ जमानती वारंट जारी



**नई दिल्ली।** 2008 में हुए मालेगांव विस्फोट मामले में मुंबई की विशेष एनआईए अदालत ने भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर के खिलाफ 10 हजार रुपए का जमानती वारंट जारी किया है। बता दें मालेगांव विस्फोट मामले में सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर आरोपी है। कोर्ट ने उन्हें सुनवाई के दौरान उपस्थित रहने को कहा था।

### रेवाड़ी में सड़क हादसा, हिमाचल के ड्राइवर समेत छह की मौत

**रेवाड़ी।** हरियाणा के रेवाड़ी में दिल्ली रोड पर मसानी के पास सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि सात गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा कार के पंक्चर टायर को बदलते समय पीछे से आ रही दूसरी कार की टक्कर मारने से हुआ। मृतकों में हिमाचल का ड्राइवर विजय शामिल है, अन्य मृतक यूपी व हरियाणा के हैं।

### केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार में सस्ता मिलेगा सामान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के 11 लाख जवानों के लिए राहत की खबर है। गृह मंत्रालय ने सीआरपीएफ कैंटीन यानी केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार (केपीकेबी) पर मिलने वाले उत्पादों पर 50 फीसदी जीएसटी छूट का तोहफा दिया है। सोमवार को गृह मंत्रालय की ओर से कार्यालय ज्ञापन जारी किया गया है। केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार से सामान की खरीद पर 50 फीसदी जीएसटी सहायता एक अप्रैल 2024 से लागू होगी। कंफेडरेशन ऑफ एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेस मार्टियरस वेलफेयर एसोसिएशन इस छूट के लिए लंबे समय से आवाज उठा रही थी।



## सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई से मांगी चुनावी बॉन्ड की डिटेल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान बेंच ने सोमवार को इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए राजनीतिक पार्टियों को मिले चंदे की जानकारी देने की समय सीमा 30 जून तक बढ़ाने की मांग खारिज कर दी है।

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को फटकार लगाते हुए चुनावी बॉन्ड की जानकारी 12 मार्च तक दाखिल करने का आदेश दिया है। साथ ही कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉन्ड की जानकारी 15 मार्च तक अपनी वेबसाइट प्रकाशित करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने करीब 40 मिनट में फैसला सुनाया। एसबीआई ने कोर्ट से कहा कि बॉन्ड से जुड़ी जानकारी देने में हमें कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन इसके लिए कुछ समय चाहिए। इस पर सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने पूछा कि पिछली सुनवाई (15 फरवरी) से अब तक 26 दिन में आपने क्या किया? दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संविधान पीठ ने 15 फरवरी को इलेक्टोरल बॉन्ड की बिक्री पर रोक लगा दी थी। साथ ही एसबीआई को 12 अप्रैल 2019 से अब तक खरीदे गए इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी छह मार्च तक इलेक्शन कमीशन को देने का निर्देश दिया था।



फटकार लगाकर खारिज की समय सीमा बढ़ाने की मांग

**सौगात** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल किया किरतपुर-मनाली फोरलेन का उद्घाटन

## मंडी से चंडीगढ़ अब तीन घंटे में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**अब** मंडी से चंडीगढ़ सिर्फ तीन घंटे में पहुंच पाएंगे। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किरतपुर-मनाली फोरलेन का पुंघ (सुंदरनगर) तक हरियाणा के गुरुग्राम से वर्चुअली उद्घाटन किया। लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री ने बड़ा तोहफा दिया है। यह फोरलेन हिमाचल के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

चीन व पाकिस्तान की सीमा तक पहुंचने में आसानी होगी। 69.203 किलोमीटर लंबे फोरलेन के निर्माण कार्य पर 3375 करोड़ रुपए की राशि खर्च हुई है। इससे पहले चंडीगढ़ तक पहुंचने तक छह घंटे का समय लगता था। इस फोरलेन के बनने से करीब 40 किलोमीटर की दूरी, बिलासपुर जिले की स्वारघाट की उतराई-चढ़ाई का झंझट समाप्त होने से पैसे और समय की बचत होगी। फोरलेन को ग्रीन व ब्राउन फील्ड में बांटा गया है। 48 किलोमीटर ब्राउन और 21.203 किलोमीटर लंबे ग्रीन फील्ड फोरलेन का निर्माण हुआ है। सफर को सुगम बनाने के लिए पंजाब की सीमा से लगते कैंची मोड़ से सुंदरनगर के भवाणा तक पांच सुरंगों, 25 बड़े और 17 छोटे पुलों का निर्माण किया गया है। पांचों सुरंगों की लंबाई करीब साढ़े पांच किलोमीटर है।

69.203 किलोमीटर लंबा फोरलेन

पांच सुरंगों | 25 बड़े और 17 छोटे पुलों का निर्माण | पैसे व समय की होगी बचत



48 किलोमीटर ब्राउन और 21.203 किलोमीटर लंबे ग्रीन फील्ड फोरलेन का निर्माण

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने करोड़ों की लागत से बने किरतपुर-नेरचौक फोरलेन का उद्घाटन कर हिमाचल को तोहफा दिया है। इसके लिए प्रधानमंत्री व सड़क राजमार्ग मंत्री गडकरी का धन्यवाद।
**-अनुराग ठाकुर, केंद्रीय मंत्री।**

### इन विकास कार्यों का रखा नींव पत्थर

**पीएम** मोदी ने हमीरपुर बाईपास (चील बहल) के अंत से ज्वालामुखी के भांगबार खंड तक 1146 करोड़ की लागत से बनने वाले 37 किलोमीटर दो लेन मार्ग का नींव पत्थर रखा।

739 करोड़ से राष्ट्रीय राजमार्ग 103 एवं तीन शिमला-मटौर पर बनने वाले 17 किलोमीटर लंबे हमीरपुर बाईपास, पठानकोट मंडी फोरलेन पर कांगड़ा जिले के सिहुनी से राजोल तक 637 करोड़ की लागत से 18 किलोमीटर लंबे फोरलेन निर्माण, पुनर्वास व उन्नयन का शिलान्यास किया। इस मार्ग पर 837 करोड़ की लागत से बनने वाले 16 किलोमीटर ठानपुरी परौर फोरलेन की आधारशिला रखी।

## वन मित्र भर्ती के साक्षात्कार पर रोक

### प्रदेश हाई कोर्ट का फैसला, 22 मार्च को फिर होगी मामले की सुनवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**प्रदेश** हाई कोर्ट ने वन मित्र भर्ती के लिए होने वाले साक्षात्कारों पर फिलहाल रोक लगा दी है। इस रोक के पश्चात प्रदेश में 2061 वन मित्रों की भर्ती प्रक्रिया रुक जाएगी। वन विभाग की ओर से मामले की सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट को बताया कि वन मित्रों की भर्ती के लिए रखे गए साक्षात्कार संबंधी मुद्दा जरूरी स्पष्टीकरण के लिए प्रदेश सरकार को भेजा गया है। सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि इस संबंध में जरूरी निर्णय संभवत: दो सप्ताह में ले लिया जाएगा।



न्यायाधीश संदीप शर्मा ने इस वक्तव्य के पश्चात वन मित्रों की भर्ती के लिए रखे गए साक्षात्कारों पर रोक लगा दी। हालांकि, वन विभाग ने पहले ही कोर्ट को आश्वासन दिया था कि फिलहाल इन भर्तियों के लिए साक्षात्कार नहीं लिए जाएंगे। प्रार्थी दीक्षा पंवर ने आरोप लगाया है कि वन विभाग वन मित्रों की भर्ती के लिए साक्षात्कार करवाने जा रही है, जबकि 17 अप्रैल 2017 को प्रदेश सरकार ने तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के पदों के लिए साक्षात्कार न लेने की अधिसूचना जारी की थी। आरोप है कि सरकार की ओर से जारी उक्त अधिसूचना के विपरीत वन विभाग साक्षात्कार करवा कर चहेतों हो लाभ पहुंचाना चाहता है।

वन विभाग का कहना है कि वन मित्र नियमित पद नहीं है और न ही इनकी सेवा शर्तें नियमित कर्मचारियों की तरह है, इसलिए इन पदों के लिए साक्षात्कार रखे गए थे। हालांकि, वन विभाग का कहना है कि इस संदर्भ में अब प्रदेश सरकार से स्पष्टीकरण मांगा गया है कि क्या वन मित्रों की भर्ती के लिए साक्षात्कार संबंधी वर्ष 2017 की अधिसूचना लागू होती है या नहीं। मामले पर सुनवाई 22 मार्च को निर्धारित की गई है।

## प्रदेश में बर्फीले तूफान और दो सड़क हादसों ने ली सात की जान

**टीम, रिकांगपिओ/रोहड़ू/ भरमौर**

**प्रदेश** में सोमवार को बर्फीले तूफान और दो सड़क हादसों में सात लोगों की मौत हो गई। रिकांगपिओ के भावा वेली के काफनु के पास निर्माणाधीन विद्युत परियोजना के पास बर्फीले तूफान की चपेट में आने से तीन कामगारों की मौत हो गई, जबकि दो घायल हुए हैं। यह हादसा दोपहर करीब साढ़े 12 बजे हुआ।

मृतकों की पहचान रिऊमन किन्ड़ो निवासी ग्राम उरमी झारखंड, विरमा उराव निवासी ग्राम कूचाटोले झारखंड, रतन लाल निवासी ग्राम कूचाटोले झारखंड के रूप में हुई। घायल कृष्णा निवासी नेपाल, चंद्र नाथ निवासी लंवागे झारखंड के रूप में हुई है। वहीं, निर्माणाधीन हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट को आंशिक नुकसान हुआ है।



रिकांगपिओ, टिक्कर और भरमौर में पेश आए हादसे

वहीं, उपमंडल रोहड़ू के तहत नावर क्षेत्र के टिक्कर के गुजांदली में चरोट कैंची के पास गाड़ी के खाई में गिरने से दादा और पोते की मौत हो गई। गाड़ी में आठ लोग सवार होकर नरैण मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे थे। मृतकों की पहचान बहादुर सिंह (65) गुजांदली निवासी और पोता अक्षत (10) के रूप में हुई है। घायल पूनम (35), चालक अमर खत्री गुजांदली, जड़ग से सत्या देवी, नेपाली मूल के सीमा, सीमा व मीना टिक्कर अस्पताल में भर्ती करवाया है। उधर, भरमौर के हड़सर बलमुई रोड पर रविवार देर रात को बोलेरो एचपी 46 2344 दुर्घटनाग्रस्त होने से दो युवकों की मौत हो गई है, जबकि दो घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि हड़सर में कार्यक्रम में शामिल होने आए व्यक्ति को बोलेरो चालक अपने दोस्तों के साथ छोड़ने बलमुई गया था। वापस आते समय दराटी पुल हड़सर के समीप गाड़ी अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। इस हादसे में चालक राकेश कुमार पुत्र बद्री, अश्विनी कुमार पुत्र बेहमी राम गांव डाकघर हड़सर की मौके पर ही मौत हो गई।

## झूठा केस दर्ज करने वालों पर करूंगा मानहानि का मुकदमा : आशीष शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

**हमीरपुर** के निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा ने प्रदेश सरकार में सीपीएस संजय अवस्थी और विधायक भुवनेश्वर गौड़ पर पलटवार किया है।

उन्होंने कहा कि इन दोनों ने मेरे खिलाफ झूठी प्राथमिकी दर्ज कर मेरी छवि को खराब करने का प्रयास किया है। इन दोनों नेताओं पर 50-50 करोड़ का मानहानि (क्रिमिनल केस) केस करूंगा। प्रेस बयान में आशीष ने कहा कि इन दोनों नेताओं के अलावा जो-जो अधिकारी मुझ पर झूठा केस दर्ज करवाने में संलिप्त हैं, वे भी कोर्ट में जवाबदेह रहेंगे। अब जब मैं थाने से एफआईआर की कॉपी मांग रहा हूं, तो मुझे यह कॉपी नहीं दी जा रही है। मैं जनता की सेवा करने के लिए राजनीति में आया हूं और हमेशा करता रहूंगा।



कहा- दो विधायकों ने मेरी छवि खराब करने का किया प्रयास

उन्होंने कहा कि सत्ता का रौब दिखाकर कुछ नेताओं ने प्रदेश की राजनीति को दूषित करके देवभूमि को शर्मसार कर दिया है। मैं हमेशा सच के साथ चला हूं और आगे भी चलूंगा। सत्ता और पावर हमेशा नहीं रहती, इसलिए जो लोग इस पर इठला रहे हैं, उनसे यही कहना चाहूंगा कि झूठ कितना भी बड़ा और ताकतवर हो जाए, सच को कभी नहीं दबा सकता।

**खुलासा** वर्ल्ड हैपिनेस रिपोर्ट में 137 देशों के सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, आय, आजादी और भ्रष्टाचार का लेखा-जोखा

## खुशहाल देशों में भारत की रैंकिंग चौंकाने वाली!

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**खुशहाल** देशों में भारत की रैंकिंग चौंकाने वाली है। यह खुलासा हर साल जारी होने वाली वर्ल्ड हैपिनेस रिपोर्ट में हुआ। हालांकि, भारत वैश्विक पटल पर तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्था बन रहा है, लेकिन हैपिनेस रिपोर्ट में इसका प्रदर्शन ज्यादा अच्छा नहीं रहा है।

137 देशों की लिस्ट में भारत को 125वें स्थान पर रखा गया है। हालांकि पिछले साल की तुलना में भारत की रैंकिंग बेहतर है। 2022 में भारत 136वें नंबर पर था, लेकिन वर्तमान में भारत पड़ोसी देश नेपाल, चीन, बांग्लादेश आदि से नीचे चला गया है। इस बार



भारत की रैंकिंग नीचे से 12वें स्थान पर है। हैपिनेस रिपोर्ट इस बात का आकलन करती है कि कौन देश सबसे ज्यादा खुश और कौन से देश सबसे ज्यादा दुखी हैं। वैश्विक स्तर पर खुशी का स्तर तय करने के लिए कई बातों का ध्यान रखा जाता है, जिनमें लोगों की आजादी, स्वास्थ्य, भ्रष्टाचार, आय जैसी बातें शामिल होती हैं। सबसे अधिक दुखी देशों की लिस्ट में पहला नाम अफगानिस्तान का आता है। रिपोर्ट को तैयार करने में मुख्य रूप से छह बातों का ध्यान रखा जाता है कि सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, आय, आजादी, लोगों के बीच उदारता की भावना और भ्रष्टाचार का न होना। इंसान के खुश रहने के लिए इन सभी बातों का होना जरूरी है।

### गरीबी और भुखमरी से जूझ रहा अफगानिस्तान

**137** देशों की लिस्ट में अफगानिस्तान सबसे निचले पायदान के साथ दुनिया का सबसे दुखी देश है। तालिबान के शासन में अफगानिस्तान बेहद गरीबी, भुखमरी से जूझ रहा है। दशकों तक युद्ध का मैदान रहे अफगानिस्तान में लोग महंगाई, बेरोजगारी और तालिबान के क्रूर शासन के बीच निराशा से भरपूर जीवन जीने को मजबूर हैं। दुनिया का सबसे दुखी देश अफगानिस्तान है। लेबनान दूसरे नंबर पर, जबकि सिएरा लियोन तीसरे और जिम्बॉब्वे चौथे पायदान पर काबिज है। इसके अलावा डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो पांचवें, बोत्सवाना छठे, मलावी सातवें, कोमोरोस आठवें और तंजानिया नौवें स्थान पर विराजमान है।

### दुनिया के नौ सबसे दुखी देश

1. अफगानिस्तान
2. लेबनान
3. सिएरा लियोन
4. जिम्बॉब्वे
5. डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो
6. बोत्सवाना
7. मलावी
8. कोमोरोस
9. तंजानिया

## पुलिस कांस्टेबल भर्ती : पेपर लीक मामले में दो चार्जशीट दाखिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**प्रदेश** पुलिस कांस्टेबल भर्ती के पेपर लीक मामले में सीबीआई ने दो चार्जशीट दाखिल की हैं। इसमें 88 आरोपियों को शामिल किया गया है। बता दें कि 27 मार्च, 2022 को एचपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। इस दौरान पेपर लीक की खबरें आई थीं। इस संबंध में हिमाचल पुलिस ने शिमला की पुलिस स्टेशन सीआईडी में एफआईआर दर्ज की थी।

इसके बाद सीबीआई ने एचपी सरकार के कहने पर इस केस को अपने हाथों में लेकर जांच शुरू की थी। सीबीआई ने इस केस की छानबीन की। छानबीन के बाद सीबीआई ने दो चार्जशीट दाखिल की। जांच के दौरान पता चला कि दो आरोपियों, जो बिहार के रहने वाले हैं, उन्होंने अन्य आरोपी लोगों के साथ मिलकर हिमाचल प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्र को चुराने की साजिश रची और कई बिचौलियों के माध्यम से मंडी, कांगड़ा, चंडीगढ़, पंचकूला, जीरकपुर, मोहाली, आदि में तीन लाख से पांच लाख रुपए तक पैसों के बदले में मांगे गए उम्मीदवारों को पेपर दिया। इस अवधि के दौरान आरोपी लोगों के खातों में 1.25 करोड़ रुपए भेजे गए। सीबीआई ने जांच के दौरान रिकॉर्ड में आई कथित लापरवाही के लिए हिमाचल प्रदेश पुलिस के तत्कालीन पुलिस अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की सिफारिश की है।

सीबीआई ने चार्जशीट में बनाए 88 आरोपी

### अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण



**नई दिल्ली।** अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण किया गया। इस मिसाइल की पांच हजार किलोमीटर तक रेंज होगी। चीन और आधा यूरोप इसकी जद में होगा। अग्नि-5 मिसाइल एक साथ कई टारगेट पर निशाना साध सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एमआईआरवी तकनीक के साथ अग्नि-5 मिसाइल के पहले सफल परीक्षण पर रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन यानी डीआरडीओ के वैज्ञानिकों को बधाई दी है।

तं विद्याद् दुःखसंयोगवियोगं योगसंज्ञितम्।
स निश्चयेन योक्तव्यो योगोऽनिर्विण्णचेतसा।।
तं विद्याद् दुःखसंयोगवियोगं योगसंज्ञितम्
सा निश्चयेन युक्तव्यो योगोनिर्विणचेतसा।।

**भावार्थ :** ज्ञात रहे। दुख-संयोग से विच्छेद ही योग है। इस योग का अभ्यास दृढ़ निश्चय के साथ, स्थिर और निश्चल मन से करना चाहिए।

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
धर्मशाला | मंगलवार, 12 मार्च 2024

# देवी-देवताओं ने पड्डल में डाला डेरा
# धरती पर उतरा देवलोक




*अनिल शर्मा, मंडी*

अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव में श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देने आए देवी-देवता पड्डल में डेरा डाले हुए हैं। ऐसा लग रहा है मानो एक वर्ष बाद देवलोक धरती पर उतरा आया हो। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु देवी-देवताओं से आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। मंडी नगर के चप्पे-चप्पे पर वाद्य यंत्रों की देव ध्वनियां, देवताओं के परस्पर मिलन और देवलुओं के जयकारों ने पड्डल मैदान को स्वर्ग में बदल दिया है। हर तरफ देवी-देवताओं के मनमोहक रथ और गाजे बाजे ही दिखते हैं। अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव में लोगों के हुजूम अपने आराध्य देवों के दर्शनों को उमड़े हुए हैं। सोने-चांदी के रथों पर सवार देवों के साथ दर्जनों देवलू मंडी नगर में आए हुए हैं और श्रद्धालुओं के आतिथ्य को स्वीकार कर उन्हें अनुगृहीत कर रहे हैं। सुकेत और मंडी रियासत से आए देवी देवताओं के साथ सैकड़ों, हजारों नहीं लाखों देवलु आए हुए हैं। हवा में लहराती तलवारें और नृत्य करते देवलु देवता संग खूब झूम रहे हैं। पड्डल में कतारबद्ध बैठे देवताओं की शोभा अनायास ही अपनी ओर आकर्षित कर रही है। (अनंत ज्ञान)


*भक्तों को आशीर्वाद देने जाते हुए देवी-देवता।*

## ◆ झोली में रख लेते हैं देवताओं की आशीष

*श्रद्धालु सभी देवी-देवताओं से चावल स्वरूप आशीष एक झोली में प्राप्त कर रहे हैं। गौर हो कि इस आशीष का लोग वर्ष भर के लिए अपने पास रखते हैं और जब उन्हें मानसिक अवसाद या अन्य कोई परेशानी नजर आती है, तो वह इसे देवी देवता का आशीर्वाद मान कर उपयोग में लाते हैं। इसी बीच लोग अपने अपने आराध्य से सुरक्षा स्वरूप पाने लेकर देवता की मनमोहक छबि आंखों में बसा कर विदा हो रहे हैं।*

## ◆ राजा ने ली थी देव पशाकोट की शरण

*देव पशाकोट पहाड़ी बजीर मंठीबजगाण का मूल स्थान टिक्कन नाला डेरा में है, इन्हें बारिश और पुत्र प्राप्ति के लिए पूजा जाता है। कारदार अच्छर सिंह ने बताया कि राजतंत्र के दौरान झटिंगरी में राजमहल होता था, जहां मंडी रियासत के राजा मंत्रियों सहित राजकाज के दौरान अक्सर ठहरते रहते थे। देव पहाड़ी बजीर की आज्ञा के बिना राजा के कोई भी कार्य सिरे नहीं चढ़ते थे, जिस पर राजा ने देव पशाकोट की शरण ली और उन्हें उस क्षेत्र का पहाड़ी बजीर नियुक्त कर दिया, उसके बाद राजा के सब कार्यों के परिणाम सकारात्मक आने लगे। देव पशाकोट की हारी फेरा हर 3 साल के बाद होता है और माता फुंगनी, नौणी भगवती को इनकी बहन माना जाता है। खास बात यह है कि अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव को आने से पहले ही देवता के रथ को सजाया जाता है और वापसी के कुछ दिन बाद देवता को भंडार में रखा जाता है। उसके आषाढ़ संक्रांति को देवता की जाग होती है और 15 से 25 जून तक, सितम्बर 14 से 25 तक, दिसंबर 1 से 15 तक देवता अपने भक्तों के बीच रहते हैं। माना जाता है कि मंठीबजगाण चौहार घाटी के पहाड़ी बजीर होने के कारण यहां निवास करने और नया कार्य करने से पहले देव पशाकोट की अनुमति जरूरी होती है।*



*देव पशाकोट पहाड़ी बजीर।*

## ◆ बल, बुद्धि और बीमारी के देवता हैं देव गहरी

*देव गहरी गलू चौहार घाटी कुटगढ़ गलू बरोट को देव पशाकोट का भाई माना जाता है, इनका मंदिर गलू में स्थित है। चीता इनका वाहन माना जाता है, जो हर समय इनके साथ रहता है। पुजारी अमर सिंह ने बताया कि इन्हें बल, बुद्धि और बीमारी को ठीक करने वाला देवता माना जाता है और राजाओं के समय से देव गहरी महाशिवरात्रि महोत्सव में शिरक्त करते आ रहे हैं। देव गहरी हारी फेरी के दौरान क्षेत्र का दौरा कर क्षेत्रवासियों की बीमारियों का निवारण करने के बाद सुरक्षा कवच बांधते हैं। बता दें कि चौहार घाटी के देवताओं के रथ एक जैसे होते हैं, जो उत्तर भारत में अलग से दिखते हैं। इनके रथों की सुंदरता देखते ही बनती है।*



*देव गहरी गलू।*

## कोई नहीं देख सकता वायला नारायण की पिंडी को
### *नाराज होकर लगा दी थी राजा के बेहड़े में आग*



*वायला नारायण को विष्णु अवतार माना जाता है। एक समय की बात है कि मंडी के राजा ने देवता की परीक्षा ली जिससे देवता का अपमान हो गया और क्रोध में आकर के देवता ने राज बेहड़े में आग लगा दी फलस्वरूप राजा को माफी मांगनी पड़ी और प्रसन्न करने के लिए बल्ह में देवता को जमीन उपहार स्वरूप प्रदान की गई। बता दें कि वायला नारायण मंडी के खतरियों के कुल देवता हैं। अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव में शिरकत करने आए देवता वायला नारायण को खतरी समुदाय सम्मान के साथ पूजा करता है। देवता की गुरु यश ठाकुर ने बताया कि चौहाटा की जातर को देवता की जातर कहा जाता है। गौर हो कि जहां देवता को पहली बार देखा गया था, वहां देवता पिंडी रूप में आज भी विराजमान हैं। उस पिंडी को केवल देवता का मोहता, पुजारी और गुर ही देख सकते हैं अन्य लोगों को उन्हें देखने की अनुमति नहीं है। दीपावली, 15 अगस्त और श्रवण संक्रांति से एक दिन पूर्व होम का आयोजन किया जाता है। देवता क्षेत्र में कार बांधने के लिए जब कार्रवाई में निकलते हैं, तो धामासुर, गाड़ा दुर्गा, देव गढ़वाल ऋषि, शेषनाग बिजणु, माता रावला जोगनी इनके साथ चलते हैं, वहीं महत्वपूर्ण बात यह है कि देवता 11 से 13 वर्षों के अंतराल में क्षेत्र में सुरक्षा सूत्र बांधते हैं। आश्चर्यजनक बात यह है कि मंदिर में देवता की एक ऐसी मूर्ति विराजमान है, जो देवता के रथ के मुख्य मोहरे जैसी ही है।*







## चामुंडा भगवती ने स्वप्न में बताया था अपना स्थल

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

कांगणीधार के मोतीपुर में श्री देवी चामुंडा भगवती ने किसी व्यक्ति के स्वप्न में आकर बताया था कि वह जमीन के नीचे दबी हुई है। बताए हुए स्थान पर लोगों ने जब खुदाई की तो वहां पर भगवती की मूर्ति प्रकट हुई। चामुंडा भगवती का भंडार गांव छपौण दूदर में स्थित है, जहां पर भगवती का रथ और ढोल, नगाड़े, करनाल, रणसींगे आदि सामान रखा जाता है। इस समय लेखराज गोलू गूर के रूप में और युगल किशोर शर्मा मंदिर में पुजारी का कार्य कर रहे हैं। चामुंडा भगवती 1974 से शिवरात्रि मेले में शिरकत कर रही है। चैत्र व आश्विन मास के नवरात्र तथा श्रावण मास में यहां पर जागरण होता है। चामुंडा को दुर्गा का ही रूप माना जाता है। चंड मुंड नामक राक्षसों का वध करने के कारण देवी का नाम चामुंडा पड़ा है। इस भगवती के बारे में मान्यता है कि यह संतान दात्री है। देवीय प्रकोपों से भक्तों की रक्षा करती है। माता की एक मंदिर कमेटी भी बनाई गई है तथा अपने बंजत्रियों की एक टीम है। मोतीपुर में भगवती का एक भव्य मंदिर बनाया गया है जिसके साथ ही सराय भवन भी है। जहां पर विवाह शादियों और अन्य कार्यक्रमों के मौके पर खाना बनाने व खिलाने की सुविधा है। रथ की बनावट शिखर शैली में है तथा अष्टधातु का एक मोहरा अग्रभाग में है। रथ की साज-सज्जा चांदी से की गई है। (अनंत ज्ञान)




**श्री देवी महाकाली थलौट**

**श्री देवी कोयला भगवती राजगढ़**




### इस बार 17 से 24 मार्च तक मनाया जाएगा होलाष्टक
# होलाष्टक में न करें मांगलिक काम

**होलाष्टक** पर शुभ और मांगलिक कार्यों को रोक लगा दी जाती है। इस समय पर मुहूर्त विशेष का काम रुक जाता है। इन आठ दिनों को शुभ नहीं माना जाता है। इस समय पर शुभता की कमी होने के कारण ही मांगलिक आयोजनों को रोक दिया जाता है। पौराणिक कथाओं के मुताबिक, दैत्यों के राजा हिरयकश्यप ने अपने पुत्र प्रह्लाद को भगवान श्री विष्णु की भक्ति न करने को कहा, लेकिन प्रह्लाद अपने पिता कि बात को नहीं मानते हुए श्री विष्णु भगवान की भक्ति करता रहा। इस कारण पुत्र से नाराज होकर राजा हिरयकश्यप ने प्रह्लाद को कई प्रकार से यातनाएं दी। प्रह्लाद को फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी से लेकर पूर्णिमा तिथि तक बहुत प्रकार से परेशान किया, उसे मृत्यु तुल्य कष्ट प्रदान किया। प्रह्लाद को मारने का भी कई बार प्रयास किया गया। प्रह्लाद की भक्ति में इतनी शक्ति थी की भगवान श्री विष्णु ने हर बार उसके प्राणों की रक्षा की। आठवें दिन यानी की फाल्गुन पूर्णिमा के दिन हिरण्यकश्यप ने प्रह्लाद को मारने के लिए अपनी बहन होलिका को जिम्मा सौंपा। होलिका को वरदान प्राप्त था कि वह अग्नि में नहीं जल सकती। होलिका प्रह्लाद को अपनी गोद में लेकर अग्नि में बैठ जाती है, मगर भगवान श्री विष्णु ने अपने भक्त को बचा लिया। उस आग में होलिका जलकर मर गई लेकिन प्रह्लाद को अग्नि छू भी नहीं पाई। इस कारण से होलिका दहन से पहले के आठ दिनों को होलाष्टक कहा जाता हैं और शुभ समय नहीं माना जाता है।



## दान का है बहुत महत्व

**होलाष्टक** में सामर्थ्य अनुसार वस्त्र, अन्न, धन इत्यादि का दान किया जाना अनुकूल फल देने वाला होता है। फाल्गुण शुक्ल अष्टमी से लेकर होलिका दहन अर्थात पूर्णिमा तक होलाष्टक रहता है। इस दिन से मौसम की छटा में बदलाव आना आरंभ हो जाता है। सर्दियां अलविदा कहने लगती है और गर्मियों का आगमन होने लगता है। साथ ही वसंत के आगमन की खुशबू फूलों की महक के साथ प्रकृति में बिखरने लगती है। होलाष्टक के विषय में यह माना जाता है कि जब भगवान श्री भोले नाथ ने क्रोध में आकर काम देव को भस्म कर दिया था, तो उस दिन से होलाष्टक की शुरुआत हुई थी। इस दिन भगवान श्री विष्णु का पूजन किया जाता है। होलाष्टक की एक कथा हरिण्यकश्यपु और प्रह्लाद से संबंध रखती है। होलाष्टक इन्हीं आठ दिनों की एक लंबी आध्यात्मिक क्रिया का केंद्र बनता है जो साधक को ज्ञान की पराकाष्ठा तक पहुंचाती है।

### याज्ञवल्क्य जयंती 14 मार्च पर विशेष
# गुरु आज्ञा से ब्रह्मर्षि याज्ञवल्क्य ने उगल दिया सारा ज्ञान

भारतीय ऋषि परंपरा में याज्ञवल्क्य का विशेष स्थान है। याज्ञवाल्क्य महान योगी और मंत्र दृष्टा हुए। पुराणों में याज्ञवल्क्य को ब्रह्माजी का अवतार माना गया है। याज्ञवल्क्य ऋषि वैशम्पायन के शिष्य थे तथा राजा जनक के कार्यों में एक सलाहकार एवं गुरु रूप में उनके साथ रहे। मैत्रेयी और गार्गी इनकी पत्नियां थी। एक बार गुरु वैशम्पायन से इनका विवाद हो जाता है, जिस कारण गुरु उनसे अप्रसन्न हो उन्हें अपने शिष्य होने के पद से तथा अपने द्वारा दिए गए ज्ञान को वापस लौटाने के लिए कहते हैं। गुरु की आज्ञा सुनकर याज्ञवल्क्य ने अपने सारी विद्या को उगल दिया, जिसे वैशंपायन के अन्य शिष्यों ने तीतर बनकर चुग लिया। यजुर्वेद की यही शाखा तैत्तिरीय शाखा के नाम से विख्यात हुई थी। ब्रह्मर्षि याज्ञवल्क्य गुरु का ज्ञान देकर ज्ञान रहित हो जाते हैं, इसलिए पुनः ज्ञान की प्राप्ति के लिए वह सूर्य देव की उपासना करने लगते हैं। सूर्यदेव उनके वरदान स्वरूप यजुर्वेद के गूढ़ मंत्रों का ज्ञान देते हैं। सूर्य देव के वरदान स्वरूप ऋषि याज्ञवल्क्य शुक्ल यजुर्वेद या वाजसनेयी संहिता के आचार्य बनते हैं और वाजसनेय के नाम से जाने जाते हैं। याज्ञवल्क्य द्वारा रचित ग्रंथों की श्रेणी में सर्वप्रथम ग्रंथ शुक्ल यजुर्वेद संहिता प्राप्त होता है इसके 40 अध्यायों में पद्यात्मक मंत्र तथा गद्यात्मक यजुर्वेद भाग का संग्रह है अधिकांश लोग इस वेद शाखा से ही संबद्ध हैं। ब्रह्मर्षि याज्ञवल्क्य जयंती के अवसर पर पूरे भारतवर्ष में प्रार्थना, पूजा एवं सभाओं क आयोजन किया जाता है।



## न्यूज ब्रीफ

### छात्रों को छात्रावास में रहने का मिलेगा मौका

**शिमला।** प्रदेश विश्वविद्यालय पहली बार पुराने छात्रों को अपनी यादें ताजा करने का मौका देने वाला है। जून माह के सात और आठ को पुराने छात्रों को छात्रावास में रहने का मौका मिलेगा। इस सम्मेलन में 1000 छात्रों के आने का अनुमान लगाया गया है। इसके लिए एक कमेटी का गठन भी किया गया है। विश्वविद्यालय में 1990 से 2000 तक के छात्रों के लिए महामैत्री सम्मेलन करवाया जा रहा है। इस सम्मेलन में 25 साल के बाद एक दिन फिर से छात्रों को विवि की पुरानी जिंदगी जीने का मौका मिलेगा। सम्मेलन के दौरान पुराने छात्रों को एक दिन अपने छात्रावास में रहने का मौका मिलेगा। जहां पर वो पहले रहते हैं। इस दौरान उन्हें अपने विभाग में जाने का मौका भी मिलेगा। इस सम्मेलन में देश-विदेश में 1000 के करीब पुराने छात्र भाग लेंगे। इस सम्मेलन में शिमला के स्थानीय पुराने 300 छात्र हैं। इस महामैत्री सम्मेलन से पुराने लोगों को अपने दोस्तों से मिलने का मौका मिलेगा। इस दौरान छात्र-दूसरे से अपना पुराना अनुभव साझा करेंगे कि वो किस प्रकार से अपनी जिंदगी को विवि में जिया करते थे।

### खनन प्रभावित क्षेत्रों को किया गया विभाजित

**शिमला।** शिमला जिला उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में सोमवार को प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के अंतर्गत जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की बैठक का आयोजन किया गया। ट्रस्ट का उद्देश्य खनन प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न विकासात्मक एवं जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू करना है। इसके अतिरिक्त लोगों के स्वास्थ्य, सामाजिक, आर्थिक स्थिति और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को कम करना है। खनन प्रभावित क्षेत्रों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से विभाजित किया गया है। पांच किलोमीटर के दायरे में आने वाले क्षेत्र को प्रत्यक्ष रूप में तथा पांच से 15 किलोमीटर के दायरे में आने वाले क्षेत्र को अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्र घोषित किया गया है। बैठक में किए जाने वाले कार्यों के लिए प्राप्त प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा की गई।

### परलोग में धरोगड़ा ने जीता संडे क्रिकेट कप

**सुन्नी।** सुन्नी के साथ लगते क्षेत्र परलोग में संडे कप फोर्टी प्लस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ सेवानिवृत्त ज्वाइंट सेक्रेटरी ओम प्रकाश भंडारी ने किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के लिए अपना स्नेह व आशिर्वाद देते हुए युवाओं को भी इस तरह के खेल में आगे आने का संदेश दिया तथा स्थानीय एस के स्पार्ट्स क्लब परलोग को भविष्य में अन्य खेलों को बढ़ावा देने की बात कही। जवाहर स्टेडियम परलोग में संपन्न हुई इस क्रिकेट प्रतियोगिता में हेडक्वार्टर ओगली, आरसीसी चौथा, सुपर स्टार चौथा, रफ एंड टफ ठैला, रायल ब्रदर्स मोगरा आदि टीम ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला धरोगड़ा और ठैला की टीम के मध्य खेला गया। धरोगड़ा टीम के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए ठैला की टीम को हरा कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

### पेंशनर्स के एरियर भुगतान करने को आवाज बुलंद

**चौपाल।** हिमाचल पेंशनर कल्याण एसोसिएशन के सयुंक्त सचिव रविंद्र चंदेल ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पेंशनर्स की अनदेखी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बने एक वर्ष से भी अधिक का समय हो गया है, परंतु सरकार द्वारा राज्य के पेंशनर्स की अनदेखी की जा रही है। प्रदेश सरकार पेंशनर्स को जनवरी-2016 से संशोधित वेतनमान की ग्रेच्युटी और लीव इनकैशमेंट का एरियर और डीवएव, डीवआरव कम से कम दो-दो किस्तें प्रदान करने के आदेश शीघ्रता से जारी करे। सरकार द्वारा प्रदेश के पेंशनर्स को संशोधित वेतनमान की राशि का भुगतान न करने के लिए सरकार के खिलाफ पेंशनर्स में भारी रोष है।

### धरौंक कैंची-शरोली वाया बानकुफर सड़क पास

**रोहड़ू।** कोटखाई की पंचायत प्रेमनगर में धरौंक कैंची-शरोली वाया बानकुफर संपर्क सड़क की पासिंग पर ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए प्रदेश सरकार के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि धरौंक कैंची-शरोली वाया बानकुफर संपर्क सड़क निर्माण के दशकों के बाद शिक्षा मंत्री रोहित के प्रयासों से पास हो पाई है। जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस सरकार के गठन के बाद पिछले 14 महीनों में 53 सड़कें पास हो गई हैं। प्रेमनगर पंचायत के उपप्रधान अर्पित खोड़ा, पंचायत वासियों ने सड़क की सफलतापूर्वक पासिंग के लिए रोहित ठाकुर का धन्यवाद व्यक्त किया।

### 33 सदस्य नई कमेटी का किया गठन

**शिमला।** सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से शिक्षा का व्यापारीकरण, भगवाकरण व केंद्रीयकरण के विरोध में एसएफआई का तीन दिवसीय राज्य सम्मेलन संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में 33 सदस्य नई कमेटी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष अनिल ठाकुर और सचिव दिनित देंटा को चुना गया। राज्य सचिव दिनित देंटा ने कहा कि प्रदेश भर से लगभग 173 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। छात्र मांगों को लेकर 11 प्रस्तावों को पारित किया गया। नई शिक्षा नीति, छात्र संघ चुनाव की बहाली, और विभिन्न छात्र मांगों को लेकर और शिक्षा व्यवस्था के सुधार की लड़ाई के लिए व केंद्र व प्रदेश सरकार ने शिक्षा के ऊपर किए जा रहे। हमलों के खिलाफ शिक्षा के बजट को बढ़ाने, छात्रवृत्ति की बहाली के लिए आंदोलन किया जाएगा। प्रदेश की 2017 से 2022 तक सत्तारूढ़ रही भाजपा सरकार छात्रों को छात्र संघ चुनाव बहाल करने के लिए कहा।

### प्रेम कुमार के निधन पर लोगों ने जताया शोक

**रिकांगपिओ।** आयुर्वेदिक विभाग में कार्यरत प्रेम कुमार के आकस्मिक निधन से परिवार व आयुर्वेदिक विभाग में शोक की लहर है। वर्तमान में प्रेम कुमार जिला आयुर्वेदिक अस्पताल रिकांगपिओ में कार्यरत थे। उनकी याद में जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय रिकांगपिओ में दो मिनट का मौन रखा गया। प्रेम का अचानक पैर फिसल गया व गिर गए। उन्हें तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए क्षेत्रीय चिकित्सालय रिकांगपिओ ले गए, जहां से उन्हें चिकित्सकों ने रामपुर रेफर किया। रामपुर से आईजीएमसी शिमला, शिमला से पीजीए चंडीगढ़ रेफर किया गया, लेकिन चंडीगढ़ पीजीआई में प्रेम ने अंतिम सांस ली। उनका अभी पांच साल का कार्यकाल शेष बचा था।

### सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए वचनबद्ध

**रिकांगपिओ।** किन्नौर जिला के कल्पा विकास खंड के अंबेडकर भवन रिकांगपिओ में कृषि विभाग के परियोजना कल्पा द्वारा खंड स्तरीय एक दिवसीय किसान मेले का आयोजन किया गया, जिसमें कल्पा ब्लॉक की विभिन्न पंचायतों के लगभग 200 किसानों ने भाग लिया। किसान मेले में कृषि उपज मंडी किन्नौर- शिमला के निदेशक व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उमेश नेगी बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि हिमाचल सरकार और केंद्र सरकार द्वारा संयुक्त रूप से किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाने के लिए किसान अधिक से अधिक संख्या में आगे आएं। अगर किसी किसान की फसल में कोई बीमारी लगती है, तो जल्द से जल्द संबंधित विभाग को सूचित करें, ताकि फसल को लगने वाली बीमारी का इलाज संभव हो सके। वर्तमान राज्य सरकार किसानों व बागवानों के हितों की रक्षा के लिए वचनबद्ध है।

# जॉब बेस्ड एजुकेशन सरकार की प्राथमिकता : रोहित

## शिक्षा मंत्री ने सरस्वतीनगर कॉलेज के इंडोर स्टेडियम की रखी आधारशिला, वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में हुए शामिल

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि जॉब बेस्ड और क्वालिटी बेस्ड एजुकेशन वर्तमान प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। जॉब बेस्ड एजुकेशन को बढ़ाने के लिए बी-वॉक कोर्स प्रारंभ किए गए हैं, जिसमें कि रिटेल मेनेजमेंट, टूरिज्म और ट्रेवल मेनेजमेंट प्रमुख हैं।

रोहित ने सोमवार को जुब्बल के सरस्वतीनगर में लगभग नौ करोड़ रुपए से बनने वाले लाल बहादुर शास्त्री राजकीय डिग्री कॉलेज के इंडोर स्टेडियम की आधारशिला रखने के उपरांत कॉलेज के वार्षिक समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कॉलेज के छात्रों को सफलता हासिल करने पर बधाई दी और सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस इंडोर स्टेडियम का लाभ कॉलेज के छात्रों और साथ लगते क्षेत्र की जनता को मिलेगा। इस क्षेत्र की इंडोर स्टेडियम की मांग काफी समय से लंबित थी, जिसे पूर्ण किया गया है और इसके लिए उन्होंने क्षेत्र की जनता को बधाई दी। पिछले वर्ष भी कॉलेज के वार्षिक समारोह में शामिल होने का अवसर उन्हें प्राप्त हुआ था। एक समय हिमाचल की साक्षरता दर मात्र आठ प्रतिशत थी, जो बढ़कर आज 88 प्रतिशत के करीब पहुंच चुकी है।



शिक्षा मंत्री को सरस्वतीनगर कॉलेज के समारोह में पहुंचने पर स्वागत करते हुए।

उस समय प्रदेश भर में केवल एक कॉलेज मंडी में स्थित था और आज ये संख्या बढ़कर 152 हो चुकी है। पिछली सरकार के समय से 152 में से 105 ऐसे कॉलेज थे, जहां प्रिंसिपल नहीं थे, लेकिन वर्तमान प्रदेश सरकार प्रिंसिपल के लगभग 80 पद प्रमोशन के माध्यम से भरे। इसके अतिरिक्त, आयोग के माध्यम से भी प्रिंसिपल के पद भरे गए। इसी प्रकार, दुर्गम और पहाड़ी क्षेत्रों में भी रिक्त पदों को भरा गया।

### जुब्बल क्षेत्र की मांगों को किया जा रहा पूरा

रोहित ने कहा कि जुब्बल क्षेत्र की जो भी मांगें थी, उन्हें चरणबद्ध तरीके से पूर्ण किया जा रहा है। सरस्वतीनगर बहुउद्देशीय हॉल ऑडिटोरियम का कार्य केवल घोषणा तक सीमित रह गया था और इसके टेंडर भी नहीं लग पा रहे थे। परंतु वर्तमान सरकार ने सभी औपचारिकताओं को पूर्ण कर टेंडर कर दिया है और शीघ्र आठ करोड़ 36 लाख रुपए की लगत से इसका कार्य पुनः आरंभ किया जाएगा।

### तीन करोड़ से बनेगा ब्लॉक

इसके अतिरिक्त, लगभग तीन करोड़ रूपए से शैक्षिक सत्र से पीजी के नए कोर्सेज आरंभ किए गए हैं, जिसमें छात्र अंग्रेजी, हिंदी और कॉमर्स की पढ़ाई कर सकेंगे और इसके अतिरिक्त बी-वॉक के कोर्स भी आरंभ किए। इनसे संबंधित कॉलेज में एक अलग ब्लॉक बनेगा, जिसके लिए वित्तीय स्वीकृति विभाग द्वारा दे दी गई है।

### 190 करोड़ हुए प्राप्त

शिक्षा मंत्री ने कहा कि सड़कों के लिए इस विधानसभा क्षेत्र को सबसे अधिक 190 करोड़ रुपए का बजट प्राप्त हुआ है। एक वर्ष की अवधि के दौरान 73 सड़कों का निर्माण इस क्षेत्र में हुआ है। 66 केवी का सबस्टेशन हाटकोटी में बनकर तैयार हो चुका है और 31 मार्च से पहले यह सौगात क्षेत्र को मिलेगी।

# ब्यूलिया/पुजारली, एमसी या पंचायत, अब कोर्ट ले सकता फैसला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नगर निगम ब्यूलिया और पुजारली पंचायत को वार्ड बनाने की तैयारी में है। इसको लेकर पंचायत प्रधान सोमवार को जिला उपायुक्त के पास जा पहुंचे। उनकी मांग है कि वह निगम में शामिल नहीं होना चाहते।

ब्यूलिया क्षेत्र के ग्रामीणों ने प्रदेश सरकार द्वारा निगम में शामिल होने को इनकार कर दिया। अब इसका फैसला कोर्ट द्वारा लिया जाएगा। सोमवार को ब्यूलिया क्षेत्र के लोगों ने उपायुक्त अनुपम कश्यप से मिलकर उन्हें अपनी मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने अपनी मांग को प्रदेश सरकार के समक्ष प्रमुखता से उठाने की मांग की है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से पंचायत को निगम में शामिल न करने के बारे में अवगत करवाया। इसके बाद यह लोग ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह से मिले। उनसे मिलकर ग्रामीणों ने अपनी मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। लोगों द्वारा मंत्री को उनकी पंचायत को निगम के अधीन न करने की मांग की गई। ग्रामीणों ने कहा कि सरकार का फैसला सरासर गलत है। सरकार ने उनकी पंचायत को निगम में जोड़ने से पहले किसी भी तरह की एनओसी तक नहीं ली है। पंचायत में भी उन्हें बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। अगर प्रदेश सरकार उनकी मांग को नहीं मानती है, तो पंचायत के लोग मिलकर कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। इस दौरान नेकराम, रुचिका कंवर, हेमचंद, दीपिका सहित लगभग 70 लोग मौजूद रहे।



पुजराली पंचायत का प्रतिनिधिमंडल डीसी को ज्ञापन सौंपने के लिए जाते हुए।

> उपायुक्त से मिलकर मांग के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा गया है। उपायुक्त ने उनकी मांग को ध्यानपूर्वक सुनकर सरकार के समक्ष उठाने का आश्वासन दिया है। अगर प्रदेश सरकार नगर निगम से पंचायत को नहीं बाहर करती तो वह कोर्ट तक जाने को मजबूर होंगे।
>
> **मीना कुमारी, पंचायत प्रधान।**

### अगस्त में 300 गाड़ियों के लिए तैयार होगी पार्किंग

**शिमला।** निगम आपके द्वार मुहिम के तहत महापौर द्वारा सोमवार को पंथाघाटी, कंसुम्पटी और विकासनगर का दौरा किया गया।

महापौर ने कहा कि अगस्त माह में शहरवासियों को बड़ी सौगात मिलने वाली है। इसके अलावा एसडी कांप्लेक्स की पार्किंग भी जुलाई माह में बनकर तैयार हो जाएगी। इसमें 200 के करीब गड़िया खड़ी की जा सकती हैं। सभी वार्डों में शहर के विकास का कार्य चला हुआ है। विकासनगर के लोगों ने कहा कि यहां पर पेड़ों से घरों को खतरा बना हुआ है, जिसे काटने का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। पंथाघाटी में नाले और ड्रेन का कार्य चला हुआ है। अगली बरसात में किसी भी तरह का नुकसान न हो इसके लिए तैयारी की जा रही है। पिछली बरसात निगम को करोड़ों का नुकसान हुआ है, अब नगर निगम बरसात से निपटने के लिए तैयारी में जुटा हुआ है।

# जुन्गा में समाज में बेटी के महत्व व पोषण पखवाड़े की दी जानकारी



जुन्गा में आयोजित जागरूकता शिविर में मौजूद महिलाएं।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, जुन्गा**

एकीकृत बाल विकास परियोजना मशोबरा के सौजन्य से सोमवार को जुन्गा में 'बेटी पढ़ाओं बेटी बचाओ' और पोषण पखवाड़ा विषय पर एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जुन्गा पंचायत के प्रधान बंसी लाल कश्यप ने की। इस मौके पर उन्होंने पोषण शपथ भी दिलाई।

बाल विकास परियोजना अधिकारी मशोबरा रूपा रानी ने अपने संबोधन में समाज में बेटी के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बेटियां घर की शान होती हैं, जो दो कुलों को रोशन करती हैं। उन्होने लोगों से आग्रह किया कि वह बेटा-बेटी में अंतर पैदा न करें, बल्कि दोनों का पालन पोषण और शिक्षा समान रूप से करें। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बेटियां हर क्षेत्र में पुरुषों से आगे बढ़ रही हैं। सीडीपीओ ने बताया कि इस वर्ष नौ मार्च से 23 मार्च तक पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसमें पारंपरिक और स्थानीय आहार के बारे में महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। मोटे आनाज के सेवन बारे भी महिलाओं को विस्तार से जानकारी दी। गर्भवती महिलाओं व शिशुं तथा छोटे बच्चों को दूध पिलाने व इष्टम आहार प्रथाओं को बढ़ावा देना इस वर्ष का थीम रखा गया है।

# कुमारसैन स्कूल में स्टूडेंट्स को पढ़ाया सड़क सुरक्षा का पाठ



कुमारसैन स्कूल में सड़क सुरक्षा पर आयोजित प्रतियोगिता में मौजूद स्टूडेंट्स।

**अनन्त ज्ञान ब्यूरो, कुमारसैन**

जेबीएलके राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुमारसैन में सड़क सुरक्षा पर छठी से नवीं कक्षा के स्टूडेंट्स की पेंटिंग, स्लोगन, निबंध और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें स्टूडेंट्स ने रोड़ सेफ्टी पर अपने विचार रखे। विद्यालय के रोड सेफ्टी क्लब के प्रभारी इंद्र ठाकुर ने बताया कि इन विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यालय के लगभग 90 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इन प्रतियोगिताओं में अव्वल विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया और प्रतिभागियों को जलपान भी करवाया गया।

### ग्रामीण विकास मंत्री आज पगोग का करेंगे प्रवास

**शिमला।** ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री आज 12 कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। पंचायतीराज मंत्री 12 को प्रातः 11 बजे पंचायत पगोग पहुंच कर बा नाला से गांव पगोग, पड़ेची, शनान, भुखर, मोती बाग के लिए उठाऊ पेयजल आपूर्ति योजना का लोकार्पण करेंगे। इसी दौरान वह ऑनलाइन माध्यम से पंचायत दरभोग (नाला) के लिए उठाऊ पेयजल आपूर्ति योजना का भी लोकार्पण करेंगे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इसके उपरांत वह दोपहर 12.30 बजे मंजू डाबरी पहुंच कर बल्देयां से मांदर सड़क का लोकार्पण करेंगे।

# चियोग की तीन होनहार छात्राओं को करवाई चंडीगढ़ की मुफ्त सैर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, जुन्गा**

राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चियोग की तीन होनहार छात्राओं को प्रधानाचार्य संदीप शर्मा ने अपने निजी खर्चे से चंडीगढ़ का मुफ्त भ्रमण करवाया।

पढ़ाई के प्रति रूचि बढ़ाने के उद्देश्य से बीते शैक्षणिक संत्र के दौरान प्रधानाचार्य ने 6वीं से 8वीं तक की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को चंडीगढ़ का भ्रमण, 9वीं और 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों को तीन दिन की रेल यात्रा और 10वीं व 12वीं की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अपने निजी खर्चे से हवाई यात्रा करवाने का वादा किया था, जिसके प्रथम चरण में प्रधानाचार्य ने छठी से आठवीं कक्षा की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली तीन होनहार बेटियों प्रियांशी, समीक्षा और वैशाली को आठ से दस मार्च तक चंडीगढ़ का मुफ्त भ्रमण करवाया। इस दौरान बेटियों द्वारा चंडीगढ़ प्रमुख पर्यटक स्थल सुखना झील सहित अनेक स्थलों का भरपूर आन्दद लिया। इस अनूठी पहल के लिए अभिभावकों ने प्रधानाचार्य का आभार व्यक्त किया है। बलग स्कूल में सेवा के दौरान प्रधानाचार्य संदीप शर्मा ने बलग स्कूल के 6वीं से 12वीं कक्षा के होनहार सात विद्यार्थियों को चंडीगढ़ और दिल्ली का रेल व हवाई सफर निजी फंड से करवाया गया था।



# किन्नौरी में पढ़ाई के लिए धर्मेंद्र ने लांच किया प्राइमर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

> मातृभाषाओं में पढ़ाई के लिए गेम चेंजर साबित होंगे एनसीईआरटी के 52 प्राइमर

शिक्षा के प्रारंभिक चरण में स्टूडेंट्स को उनकी मातृभाषाओं में शिक्षण सामग्री उपलब्ध करवाने और उन्हें अपनी भाषा में अध्ययन करने का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने भारतीय भाषाओं के 52 प्राइमर लांच किए हैं। इनमें प्रदेश की स्थानीय भाषा किन्नौरी का प्राइमर भी शामिल है।

इन प्राइमरों का उद्देश्य न केवल पढ़ने और लिखने में भाषा दक्षता प्रदान करना है, बल्कि प्रारंभिक चरण के शिक्षार्थियों के बीच रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देना भी है। केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास व उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ये प्राइमर लांच किए। प्रदेश के लिए किन्नौरी प्राइमर तैयार किया गया है। प्रदेश के किन्नौर जिले में मुख्य रूप से यह भाषा बोली जाती है।

# नशे से दूर रहने के लिए किया प्रेरित

## नशीले पदार्थों के दुरुपयोग एवं सेवन पर आधारित 'एक प्रयास' कार्यक्रम का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से जिला प्रशासन एवं हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के सहयोग से प्रदेश विश्वविद्यालय के सभागार में नशीले पदार्थों के दुरुपयोग एवं सेवन पर आधारित एक दिवसीय 'एक प्रयास' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त एडीसी (प्रोटोकॉल) ज्योति राणा ने की।

ज्योति राणा ने कहा कि वर्तमान में बड़ी संख्या में युवा नशीले पदार्थों का शिकार हो रहे हैं, जिससे उनके शारीरिक व बौद्धिक क्षमताओं पर भी बुरा असर पड़ रहा है। उन्होंने नशे की बुराई पर शिकंजा कसने के लिए सतर्कता और जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया। युवा इस देश का भविष्य हैं। इस दृष्टि से उन्हें नशे के सेवन से दूर रहने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें नशीले पदार्थों पर आधारित नुक्कड़-नाटक, भाषण प्रतियोगिता, छाया चित्र प्रतियोगिता, दौड़ प्रतियोगिता शामिल रही, जिसमें विश्वविद्यालय के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



नशीले पदार्थों के दुरुपयोग पर आधारित 'एक प्रयास' कार्यक्रम के आयोजन में मौजूद लोग।

### 17 मार्च को होगा अंडर-16 क्रिकेट खिलाड़ियों का चयन

**रिकांगपिओ।** एचपीसीए की 2024-25 स्तर के लिए होने वाली अंतरजिला अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली किन्नौर जिले की टीम का ट्रायल 17 मार्च को होगा। किन्नौर जिला क्रिकेट एसोसिएशन की सचिव तारा चंद ठाकुर ने कहा कि चयनित खिलाड़ी सात अप्रैल से अंतरजिला अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। चयनित खिलाडियों के क्रिकेट खेल, कौशल व शारीरिक फिटनेस को ओर अधिक सुधार लाने के लिए भी सब सेंटर क्रिकेट अकादमी में इन चयनित खिलाड़ियों का कोचिंग चलता रहेगा।

**परेशानी** सिर्फ आपातकाल में आने वाले मरीजों का ही इलाज किया जा रहा, 12 बजे के बाद हुए ऑपरेशन

# 12 बजे के बाद हो रहा चेकअप, मरीज परेशान

**आशिमा वैरागी, शिमला**

शिमला के दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में सोमवार को इलाज करवाने आए मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। डॉक्टरों की हड़ताल की वजह से अस्पताल में 12 बजे के बाद ही मरीजों का इलाज किया गया।

12 बजे से पहले डॉक्टर पेन डाउन स्ट्राइक पर रहे। इस अवधि के दौरान सिर्फ आपातकाल में आने वाले मरीजों का ही इलाज किया जा रहा था। इसके अलावा मरीजों के ऑपरेशन भी 12 बजे के बाद ही शुरू किए गए। अस्पताल में सुबह से ही मरीज डॉक्टरों का इंतजार कर रहे थे। अस्पताल के ऑर्थो, गायनी, स्किन, सर्जरी, चाइल्ड ओपीडी के बाहर मरीज इंतजार करते नजर आए। इसके अलावा कई मरीज देरी से ही इलाज के लिए पहुंचे। यहां करीब 11 बजे पर्ची काउंटर के बाहर पुरुषों व महिलाओं की लंबी लाइनें पर्ची बनवाने के लिए लगी हुई थी, जबकि कुछ मरीज खड़े होकर व कुछ बेंच पर बैठकर डॉक्टर के आने का इंतजार कर रहे थे। शिमला के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर अस्पतालों में डॉक्टर हड़ताल कर रहे हैं। ऐसे में मरीजों को ऑपरेशन के लिए भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अगर आगामी दिनों में भी डॉक्टरों की हड़ताल जारी रही, तो अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं पूरी तरह से चरमरा जाएंगी। (अनंत ज्ञान)



### घर से खाली पेट आई, अस्पताल पहुंची तो अल्ट्रासाउंड नहीं हुआ

मैं सुबह बलग ठियोग से अपना अल्ट्रसाउंड करवाने डीडीयू अस्पताल पहुंची, तो यहां आकर पता चला कि डॉक्टर की हड़ताल अभी भी जारी है। मुझे सोमवार की तारीख मिली थी इसलिए बिना खाना खाए अल्ट्रसाउंड के लिए आ गई। बलग अस्पताल से दूर है इस कारण में सुबह जल्दी इलाज के लिए घर से आ गई हूं और हड़ताल के चलते मुझे बिना इलाज के घर जाना पड़ रहा है। **रीना, बलग ठियोग।**

### स्कूल से करवाई छुट्टी, नहीं हुआ इलाज



मेरी बेटी दो दिन से बीमार चली हुई है इस वजह से आज उसकी स्कूल से छूटी करवाकर उसके इलाज के लिए रिपन अस्पताल पहुंचे, लेकिन डॉक्टर की हड़ताल के चलते काफी समय तक इंतजार करना पड़ा और यहां पर इलाज करने की बजाय अब निजी अस्पताल जाना पड़ रहा है। **दीपिका, घनाहट्टी।**

### चार घंटे करना पड़ रहा इंतजार



सुबह घर से जल्द आकर पर्ची बनाकर चार घंटे बैठकर अस्पताल में डॉक्टर का इंतजार करना पड़ रहा है। लोग सरकारी अस्पताल इसलिए आते हैं, ताकि कम पैसों में अच्छा इलाज हो सके, लेकिन डॉक्टर की हड़ताल के चलते आम जनता भी निजी अस्पतालों में जाने को मजबूर हो रही है। **शशी शर्मा, बाइचड़ी।**

> सोमवार को भी डॉक्टर की हड़ताल जारी रही। इस दौरान ओपीडी में किसी भी प्रकार की कोई भी सेवाएं प्रदान नहीं की जाएगी। 12 बजे के बाद ही ओपीडी में डॉक्टरों ने मरीजों को चैक करना शुरू किया। अभी तक अस्पताल में डॉक्टर अपनी आपातकालीन सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, जब तक मांगों को नहीं माना जाता है। इसी प्रकार से डॉक्टरों की हड़ताल रहेगी।
>
> **डॉक्टर राजेश राणा, एचएमओ के अध्यक्ष।**

## डीसी की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की बैठक आयोजित

# शिमला में 4700 पूर्व सैनिकों को प्राप्त हो रहा सरकारी योजनाओं का लाभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जिलाधीश शिमला एवं जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में सोमवार को जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पूर्व सैनिकों तथा उनके परिवारजनों के कल्याण एवं उत्थान के लिए राज्य एवं केंद्र सरकार की ओर से प्रायोजित विभिन्न योजनाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

जिला सैनिक कल्याण बोर्ड में समय-समय पर पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों को विभिन्न प्रकार की सुविधाएं भी प्रदान करता आ रहा है। आने वाले समय में जिले के विभिन्न स्कूलों में बच्चों एवं उनके माता-पिता के साथ सैनिक स्कूल में दाखिला दिलवाने के लिए परस्पर संवाद स्थापित किया जाएगा, ताकि बच्चों को शुरू से ही उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्राप्त हो सके। इसके अतिरिक्त स्कूलों में सेना भर्ती के संबंध में भी प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि बच्चों को नशे के बढ़ते चलन से दूर रखा जा सके। इसके अतिरिक्त सैनिकों के कल्याण तथा आपस में परस्पर संवाद के लिए विभिन्न प्रकार के आयोजन करवाने के लिए भी उचित कदम उठाए जाएंगे। जिले में इस समय लगभग 4700 के करीब पूर्व सैनिक मौजूद हैं, जिन्हें राज्य तथा केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है।



डीसी अनुपम कश्यप जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### विनय बने रेणुका विकास बोर्ड के अध्यक्ष



**रेणुका जी।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के उपाध्यक्ष एवं रेणुका के विधायक विनय कुमार को रेणुका विकास बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है। इसको लेकर प्रदेश सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है। डीसी सिरमौर को विकास बोर्ड का वाइस चेयरमैन बनाया गया है। विनय कुमार के अध्यक्ष बनने से रेणुका क्षेत्र का और अधिक विकास होगा। रेणुका कांग्रेस मंडल व कई अन्य संगठनों ने उन्हें रेणुका विकास बोर्ड का अध्यक्ष बनने पर बधाई दी है।

### प्रतिबंधित दवाइयां बेचने पर होगी कार्रवाई : कौशल



अर्की में दवा निरीक्षक केमिस्ट शॉप का औचक निरीक्षण करते हुए।

**अर्की।** उपमंडल अर्की की औद्योगिक नगरी दाड़लाघाट दवा निरीक्षक अर्की राकेश कौशल ने दवा की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी दवा विक्रेताओं को हिदायत दी कि कोई भी दवा विक्रेता बिना पर्ची के शेड्यूल एच 1 और प्रतिबंधित नारकोटिक्स दवाएं न बेच, अन्यथा उन दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि यदि कोई दुकानदार या स्टोर संचालक नशीली या प्रतिबंधित दवाइयां बेचता पकड़ा जाता है, उसका लाइसेंस भी रद्द कर दिया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने दवाओं की दुकानों से सैंपल लिए एवं हर प्रकार की दवाओ का रिकॉर्ड भी रखने के लिए ताकीद किया।

### 'नारी न्याय सम्मान' समारोह में महिलाओं का सम्मान



नाहन में आयोजित 'नारी न्याय सम्मान' समारोह में सम्मानित महिलाएं।

**नाहन।** नाहन विधानसभा की उत्कृष्ट महिलाओं को 'नारी न्याय सम्मान' प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस समारोह का आयोजन जिला अध्यक्ष उपमा धीमान की अध्यक्षता में हुआ। ब्लॉक नाहन की अध्यक्ष बिलकिस के सहयोग से कार्यक्रम को संचालित किया गया। इस समारोह में नाहन विधानसभा की उत्कृष्ट महिलाओं को 'नारी न्याय सम्मान' प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में महिला कांग्रेस का बचत खाता खोलने का प्रस्ताव भी पारित किया गया है, जिसे जल्द खुलवाने पर सहमति की गई है। इस मौके पर शहरी ब्लॉक अध्यक्ष, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष, आराधना, मीना शर्मा, सुमन गर्ग, बिमला तोमर, सुनीता, सीमा ठाकुर, पुष्पा खंडूजा आदि उपस्थित रहे।

### दुगाना टीम क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता

**पावंटा सहिब।** फ्रेंड्स यूनाइटेड क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित 3 दिवसीय प्रतियोगिता का समापन हुआ। इसमें बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे प्रदेश यूथ कांग्रेस सचिव अरिकेश जंग ने शिरकत की। उनके साथ गेस्ट ऑफ ऑनर प्रदीप चौहान और उपप्रधान बद्रीपुर शुभम चौधरी रहे। इस टूर्नामेंट में टोटल 22 टीमों ने भाग लिया। इसमें दुगाना की टीम ने फाइनल मुकाबले में दुगाणा बी टीम को पराजित किया। दुगाना की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दुगना बी टीम को 4 ओवर में 44 रन का लक्ष्य दिया जिसको दुगाना की टीम ने 3.4 ओवर में ही हासिल कर मैच जीत लिया। इस प्रतियोगिता में मैन ऑफ द टूर्नामेंट दुगाणा की टीम से हरीश को दिया गया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया।



क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता टीम मुख्यातिथि के साथ।

### चंबाघाट में मशरूम उत्पादन पर दिया प्रशिक्षण

**अर्की।** जयनगर पंचायत के गांव बेहदी में अनुसंधान निदेशालय चंबाघाट सोलन द्वारा अनुसूचित जाति उपयोजना एससीसीपी के अंतर्गत मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत क्यार कनेता के प्रधान रघुराज पराशर ने की। कार्यक्रम को सफल बनाने में उपप्रधान सुरजीत सिंह उपप्रधान नीलम ठाकुर जियालाल एवं अशोक भारद्वाज ने भरपूर सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान मशरूम अनुसंधान विभाग के अधिकारी मनोज नाथ, जीतराम चौहान व राजेश भारद्वाज द्वारा उपस्थित लोगों को मशरूम के उत्पादन के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। पश्चात मशरूम विभाग निदेशालय द्वारा उपस्थित अनुसूचित जाति के लोगों को निशुल्क 100 पंप एवं मशरूम के बीज बांटे गए।

### मेले में 20 को नौकरी के लिए किया शॉर्टलिस्ट




प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेले में इंडस्ट्री क्लस्टर के पदाधिकारी।

**सोलन।** आईटीआई सोलन में इंडस्ट्री क्लस्टर के सहयोग प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया गया। मेले का मुख्य उद्देश्य अनस्किल्ड कारीगरों को स्किल्ड कारीगर बनाना है। इस मेले में 6 कंपनियों ने भाग लिया और लगभग 60 प्रतिभागी अप्रेंटिसशिप मेले में भाग लेने के लिए पहुंचे थे, जिनमें से 20 को कंपनियों ने शॉर्टलिस्ट किया है। यह अप्रेंटिसशिप मेला हर महीने के दूसरे सोमवार को मनाया जाता है। इस मेले को सोलन इंडस्ट्री एसोसिएशन के अप्रेंटिसशिप इंप्लीमेंटेशन सेल की ओर से आयोजित किया गया था। कोई भी व्यक्ति, लड़का या लड़की अगर अप्रेंटिसशिप करना चाहते हैं, तो सोलन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अप्रेंटिसशिप इंप्लीमेंटेशन सेल से संपर्क कर सकते हैं। सोलन इंडस्ट्री एसोसिएशन के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी विवेक भारती ने बताया कि इस तरह के मेलों का आयोजन आगे भी करवाया जाएगा।

### विवि के टीचर्स को नहीं मिल रही प्रमोशन : एसो.

**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार यूनिवर्सिटी नौणी के अध्यापक संगठन (यूएचएफटीए) ने सरकार से मांग की है कि शिक्षकों सहायक अध्यापक पीएचडी करने के उपरांत पांच इंक्रीमेंट दी जाएं, साथ ही मांग की कि अनुबंध अवधि को वरिष्ठता के साथ जोड़ा जाए। इसके अलावा यूनिवर्सिटी विज्ञापित पदों पर भरने की अनुमति दी जाए। इसके लिए संगठन ने एक मांग पत्र सरकार को दिया है। नौणी विश्वविद्यालय टीचर्स एसोसिएशन के प्रधान डॉ. बीएस दिल्टा व उपप्रधान डॉ. अनिल वर्मा ने बताया कि विवि के शिक्षकों को यूजीसी स्केल 1 अक्तूबर 2022 को दिया गया। पत्र में लगभग 10 टर्म एड कंडीशन भी लिखी गईं। इस अधिसूचना को विवि ने 4 अक्तूबर 2022 को कंट्रोलर द्वारा अपनाया गया। शिक्षकों की प्रमोशन इस अधिसूचना से पहले हुई, लेकिन अधिसूचना के पश्चात आज तक शिक्षकों को प्रमोशन नहीं मिल पा रही है। रोचक बात यह है कि अक्तूबर 2022 से पहले कुछ अध्यापक करियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) के तहत प्रमोट हो गए, कुछ अन्य कारणों से तहत प्रमोट नहीं हो पाए। इससे जो सीनियर था, वह आने वाले दिनों जूनियर बन सकता है।

# चंबाघाट में वाहन चालकों को रेलवे फाटक से मिलेगी निजात

## नेशनल हाई-वे-5 पर फ्लाई ओवर का निर्माण अंतिम चरण में

**आर मोहन चौहान, सोलन**



सोलन के चंबाघाट में निर्माणाधीन फ्लाई ओवर का काम पूरा होने के बाद लोगों की मुश्किलें कम हो जाएंगी।

कालका-शिमला नेशनल हाई-वे-5 पर चंबाघाट में बन रहे फ्लाई ओवर से जल्द वाहनों की आवाजाही शुरू हो जाएगी। इससे प्रदेश में आने वाले हजारों वाहन चालकों को रेलवे फाटक से निजात मिलेगी। हाई-वे के बीच से रेल लाइन गुजरने के चलते यहां ट्रेन की सुगमता के लिए प्रतिदिन 8 से 10 बार रेलवे फाटक लगता है।

इस समस्या के निजात के लिए फोरलेन पर फ्लाई ओवर का निर्माण किया जा रहा है। इस कार्य को शुरू हुए करीब 3 वर्ष से अधिक का समय हो चुका है। निर्माणाधीन कंपनी के अधिकारियों की मानें तो फ्लाई ओवर जल्द वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा।

फोरलेन निर्माण कंपनी ने फ्लाई ओवर का करीब 90 फीसदी से अधिक का कार्य पूरा कर लिया है। रेलवे बोर्ड की अनुमति के बाद ट्रैक के ऊपर स्टील प्लेट डालने का

अनंत ज्ञान स्पैशल

कार्य पूरा हो गया है। इसके बाद दोनों छोर की कनेक्टिविटी भी हो गई। अब फ्लाईओवर में फिनिशिंग का कार्य बचा है।

इसके बाद इसमें वाहन आवाजाही शुरू होगी। फ्लाई ओवर बनने से चंबाघाट में लोगों को रोज लगने वाले जाम से भी छुटकारा मिल जाएगा। 600 मीटर के इस फ्लाई ओवर का निर्माण 80 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

#### रैंप बनाने के कार्य में तेजी

**फ्लाई ओवर** के साथ कनेक्टिविटी के लिए कंपनी ने रैंप बनाने का कार्य तेज कर दिया है। यहां पर मिट्टी और प्लेट लगाकर रैंप तैयार किया गया है। यह कार्य जल्द पूरा हो जाएगा। एरिफ कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक फ्लाई ओवर निर्माण अंतिम चरण में है। लोगों को निर्माण कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की दिक्कत न आए, इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

## नरेंद्र मोदी एक बार फिर बनेंगे प्रधानमंत्री : कश्यप

### पांवटा में भाजपा का त्रिदेव सम्मेलन आयोजित

**अनंत ज्ञान, पावंटा साहिब**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा मैदान में है। सभी कार्यकर्ता फील्ड में कार्य कर रहे हैं। सभी 104 बूथों पर जाकर लोगों को जोड़ने का काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को पांवटा साहिब में भाजपा का त्रिदेव सम्मेलन आयोजित हुआ।

भाजपा पांवटा मंडल अध्यक्ष रमेश तोमर ने बताया कि इस सम्मेलन में विशेष रूप से शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप सहित जिला अध्यक्ष विनय गुप्ता, पूर्व में ऊर्जा मंत्री वर्तमान में विधायक सुखराम चौधरी, प्रदेश प्रवक्ता और मंडल विस्तारक सुशील चौहान मौजूद शामिल हुए। यह सम्मलेन शिव मंदिर धर्मशाला बद्रीपुर में आयोजित हुआ। पूर्व मंत्री और पांवटा साहिब ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल से ही प्रदेश की जनता परेशान हो चुकी है, क्योंकि प्रदेश सरकार हर जगह विफल रही है।

सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि इस वर्ष एक बार फिर नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे और इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता का ग्राउंड जीरो पर उतरना अति आवश्यक है। सम्मेलन में सभी 104 बूथ के बूथ अध्यक्ष, बूथ पालक, बूथ बीएलए और मंडल के सभी मोर्चों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, सचिव, मीडिया प्रभारी, कोषाध्यक्ष, सोशल मीडिया संयोजक और सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रहेगी।



भाजपा के त्रिदेव सम्मेलन में उपस्थित कार्यकर्ता।

### पीएम मोदी ने 10 साल में किए अकल्पनीय कार्य : सहजल

**सोलन।** भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बने, के उद्देश्य को लेकर भाजपा ने सोलन में संकल्प पत्र सुझाव यात्रा का आगाज किया। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. राजीव सहजल ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में संकल्प पत्र वाहन को रवाना किया। उन्होंने पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प है कि देश 2047 तक विकसित राष्ट्रों में शुमार हो। इसके लिए आम आदमी के सुझाव लेने के लिए संकल्प पत्र सुझाव यात्रा शुरू की गई है। इस दौरान सुझाव पट्टि का में लोग अपने सुझाव पत्र डाल सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 10 वर्षों में अकल्पनीय कार्य किए हैं। इस अवसर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रश्मिधर सूद, जिला अध्यक्ष रतन सिंह पाल, पूर्व विधायक परमजीत सिंह पम्मी, प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा, मंडल अध्यक्ष मदन ठाकुर, तरसेम भारती और मीडिया प्रभारी संजीव मोहन भी मौजूद रहे।

## बिंदल ने किया 'संकल्प पत्र सुझाव यात्रा' का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, नाहन**

हिमाचल प्रदेश के सभी स्थानों पर कल्प पत्र सुझाव यात्रा का आगाज हुआ। चारों संसदीय क्षेत्रों में दो-दो, यानी आठ वाहनों के माध्यम से प्रदेश के सभी वर्गों के सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर से सुझाव आमंत्रित किए जा रहे हैं, ताकि देश के प्रत्येक वर्ग, समुदाय, जाति धर्म, संप्रदाय की भागीदारी एनडीए का संकल्प पत्र बनाते हुए हो सके। शिमला संसदीय क्षेत्र में चलने वाली गाड़ी की शुरुआत नाहन से भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने की।

उन्होंने कहा कि इस गाड़ी में सुझाव पेटी लगी है, जिसमें कोई भी व्यक्ति अपने सुझाव दे सकता है। यह यात्रा 20 मार्च तक आठ गाड़ियों के साथ और पूरे प्रदेश में घूमकर सुझाव आमंत्रित करेगी। इसके अतिरिक्त हर शहर में 4-5 स्थानों पर सुझाव पेटी लगाई जा रही है, जिसमें जनता अपने सुझाव डाल सकती है। नमो ऐप व मिस्ड कॉल के माध्यम से भी जनता अपने सुझाव दे सकती है।



भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल 'संकल्प पत्र सुझाव यात्रा' का शुभारंभ करते हुए।

### कांग्रेस तालाबंदी की सरकार : डॉ. बिंदल

**नाहन।** हिंदू आश्रम में भाजपा मंडल नाहन का त्रिदेव सम्मेलन संपन्न हुआ। इसमें मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ-साथ बूथ अध्यक्ष, बूथ पालक व बीएलए ने भाग लिया। इस मौके पर डॉ. बिंदल ने कहा कि नाहन विधानसभा क्षेत्र के विकास को ग्रहण लग गया है। उन्होंने कहा कि विगत पांच वर्षों में आए दिन सड़क, पेयजल, बिजली, पुलों, स्कूलों व अस्पतालों का शिलान्यास, उद्घाटन, लोकार्पण होता रहता था, परंतु विगत 15 महीनों में कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद विकास कार्य, सड़कों का निर्माण, नई पेयजल योजनाओं का निर्माण बंद हो गया है। मेडिकल कॉलेज व अस्पताल नाहन का काम बंद करना नाहन के इलाके की जनता के साथ बड़ा अन्याय व धोखा है। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस सरकार तालाबंदी की सरकार है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विनय गुप्ता, मंडल अध्यक्ष प्रताप ठाकुर, प्रदेश सचिव मनीष चौहान, जिला उपाध्यक्ष तपेंद्र शर्मा, नाहन मंडल के सभी बूथों के अध्यक्ष, पालक, बीएलए व अन्य भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल रहे।

### डीसी ने जांची स्ट्रांग रूम एवं मतदान केंद्र की व्यवस्था



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते हुए।

**सोलन।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने देर सांय सोलन जिला के 50-अर्की विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) एवं वीवीपैट के लिए स्थापित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया और अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश जारी किए। मनमोहन शर्मा ने राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अर्की में स्थापित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया और विभिन्न व्यवस्थाओं की जांच की। पुलिस अधीक्षक सोलन गौरव सिंह, उपमंडलाधिकारी अर्की यादविंद्र पाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोलन राज कुमार, उपपुलिस अधीक्षक दाड़लाघाट संदीप शर्मा सहित निर्वाचन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

### अर्की कॉलेज में नए मतदाताओं के लिए पंजीकरण शिविर आयोजित




अर्की में नए पात्र मतदाताओं के पंजीकरण के लिए शिविर के दौरान ईएलसी क्लब के प्रभारी व अन्य।

**अर्की।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अर्की में महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. सुनीता शर्मा के दिशा निर्देशन में पंजीकरण से वंचित रह गए नए पात्र मतदाताओं के पंजीकरण के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से महाविद्यालय से पात्र विद्यार्थियों को ईएलसी क्लब की ओर से पंजीकृत करवाया जा रहा है। ईएलसी क्लब के प्रभारी यशपाल शर्मा तथा डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि महाविद्यालय के सभी पात्र छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में अपना नाम अंकित करवाने के लिए प्रेरित और उत्साहित किया जा रहा है, साथ ही महाविद्यालय के नए मतदाताओं को मतदान के महत्त्व को भी बताया जा रहा है। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. सुनीता शर्मा ने कहा कि कॉलेज में लेफ्ट आउट पात्र मतदाताओं का पंजीकरण किया जा रहा है तथा कॉलेज विद्यार्थियों को लोकतंत्र के पर्व में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए भी जागरूक किया जा रहा है। पंजीकरण शिविर में ईएलसी क्लब सदस्य दीपांशु, युवराज, जागृति, सानिया जाह्नवी तथा पूजन ने भाग लिया।

## 14 विभूतियों को मिला सिरमौर गौरव-2024

**अनंत ज्ञान, नाहन**



नाहन में शंखनाद संगठन की तरफ से आयोजित विशिष्ट सम्मान समारोह में पहुंची विभूतियां।

साहित्य, संगीत, कला, मीडिया, रंगमंच और समाजसेवा के क्षेत्र में प्रदेशभर में पिछले कई वर्षों से राज्य स्तरीय आयोजन करने वाली संस्था 'शंखनाद संगठन' ने नाहन में कला भाषा एवं संस्कृति अकादमी शिमला के सहयोग से एक भव्य राज्य स्तरीय आयोजन किया। इसमें प्रदेशभर में साहित्य, संगीत, कला, रंगमंच, मीडिया और लेखन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 14 विभूतियों को शंखनाद विशिष्ट सम्मान 'सिरमौर गौरव-2024' से विभूषित किया गया।

शंखनाद संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा और निदेशक डॉ. श्रीकांत अकेला के अनुसार इस भव्य अलंकरण समारोह में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी कश्मीर चंद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि प्रसिद्ध लेखक भाषा संस्कृति विभाग के पूर्व सहायक निदेशक, पूर्व सहायक निदेशक भाषाविद गोपाल दिलैक ने समारोह की अध्यक्षता की। इस विशिष्ट सम्मान समारोह में पूर्व अतिरिक्त सचिव विधि विभाग, प्रसिद्ध चिंतक राजेंद्र भट्ट, प्रसिद्ध समाजसेवी विनोज शर्मा और भारत विकास परिषद नाहन के अध्यक्ष और समाजसेवी एलआर भारद्वाज समारोह के विशिष्ट अतिथि थे।

**शंखनाद संगठन ने विशिष्ट सम्मान समारोह का किया आयोजन**

दूसरे सत्र में साहित्यिक गोष्ठी आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश की वरिष्ठ साहित्यकार शबनम शर्मा ने की। कार्यक्रम में प्रसिद्ध कवि भुवन जोशी और अनिल शर्मा ने बेहतर मंच संचालन किया। इस समारोह में साहित्य लेखन के क्षेत्र में सोलन के डॉ. प्रेमलाल गौत्तम, साहित्य लेखन के क्षेत्र में मंडी की प्रसिद्ध लेखिका डॉ. रेखा वशिष्ठ, लेखन और समीक्षा के क्षेत्र में कांगड़ा के विजय उपाध्याय, रंगमच के लिए नाहन के राकेश शर्मा, कला के क्षेत्र में सोलन के डॉ.चमन शर्मा, लोक संगीत के लिए संगड़ाह के हरिचंद ठाकुर, शास्त्रीय संगीत के लिए मनोज कुमार, साहित्य लेखन के लिए नाहन की अनुदीप भारद्वाज, कहानी लेखन में सिरमौर की लेखिका विजय रानी बंसल, संगीत के लिए डॉ. मृत्युंजय शर्मा, सकारात्मक पत्रकारिता के लिए संपादक अरूण साथी और वरिष्ठ पत्रकार रेणु कश्यप, साहित्य के लिए डॉ. कुलदीप भाटिया, लोक संस्कृति के संरक्षण के लिए आरती शर्मा को सम्मानित किया गया।

### महंगाई भत्ते की किस्तों का एकमुश्त हो भुगतान : गर्ग

**अर्की।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स फेडरेशन खंड अर्की की मासिक बैठक खंड प्रधान मदन लाल गर्ग की अध्यक्षता में सामुदायिक भवन अर्की के प्रांगण में हुई। इसमें जिला प्रधान जयनंद शर्मा भी उपस्थित हुए। खंड प्रेस सचिव रोशन लाल वर्मा ने बताया कि बैठक में सभी सदस्यों ने सरकार से अनुरोध किया कि जो पिछले सप्ताह स्पष्ट आदेश महंगाई भत्ते व बकाया भुगतान के किए थे, उन्हें दोबारा स्पष्ट आदेश देकर महंगाई भत्ते की बाकी किस्तों का एकमुश्त भुगतान किया जाए और पंजाब स्केल की बाकी किस्तों को भी एकमुश्त देने की मांग की। इस अवसर पर गोपाल चंद गुप्त, श्याम डोगरा, जयराम शर्मा, नरदेव शर्मा, रत्न सिंह कंवर, किशोरी लाल शर्मा, मदन लाल शर्मा, चंदू राम कश्यप, दुर्गा राम, जीत राम पाल, सुरेंद्र त्यागी, सत्या गुप्ता, लेख राम, प्रमोद गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## क्षेत्र में जमकर प्रदूषण फैला रहे उद्योग, नहीं हो रही कार्रवाई

### आक्रोश | लोगों ने मुख्यमंत्री सुक्खू से की बीबीएन में अवैध माइनिंग की शिकायत

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**



एसडीएम कार्यालय नालागढ़ के बाहर हिम परिवेश संस्था प्रदर्शन करते हुए।

उपमंडल नालागढ़ में अवैध खनन को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा गंभीरता न बरतने को लेकर पर्यावरण संस्था ने एसडीएम कार्यालय नालागढ़ का घेराव किया। हिम परिवेश संस्था नालागढ़ ने दर्जनों लोगों के साथ मिलकर प्रशासन के खिलाफ रैली निकालते हुए नारेबाजी की। हिम परिवेश संस्था ने एसडीएम नालागढ़ के द्वारा मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज उचित कार्रवाई की मांग उठाई।

संस्था ने कहा कि संस्था एरिया में पिछले 20 सालों से अवैध खनन व जलवायु प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है, ताकि एरिया में अवैध गतिविधियों को रोका जा सके, लेकिन स्थानीय प्रशासन गंभीर नही है, जो कि चिंता का विषय है। संस्था ने कहा कि अब अवैध खनन इस स्तर पर जा पहुंचा है कि माफिया की ओर से सरेआम अवैध खनन रोकने वाले लोगों पर जानलेवा हमला किए जा रहे हैं। बीते दिनों भी बद्दी में एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला किया गया था, जिस कारण व्यक्ति के सिर पर 11 टांके लगे और बीते दिन नालागढ़ एरिया में भी एक ग्रामीण पर हमला किया गया।

हिम परिवेश संस्था के अध्यक्ष लक्ष्मी सिंह ठाकुर का कहना है कि उच्च न्यायालय के अनुसार माइनिंग सुबह 6 से शाम 7 बजे तक होनी चाहिए, लेकिन बीबीएन में शाम 7 बजे से सुबह तक खुलेआम अवैध माइनिंग हो रही है, जिस पर प्रशासन बिल्कुल भी गंभीर नहीं है।

एसडीएम नालागढ़ दिव्यांशु सिंगल का कहना है कि हिम परिवेश संस्था द्वारा एक ज्ञापन मिला है जिस पर संज्ञान लिया जाएगा और उचित कार्रवाई होगी।

नदियों व नालों को प्रदूषित करने वालों पर नहीं कार्रवाई संस्था के अध्यक्ष लक्ष्मी ठाकुर ने कहा कि नदियों व नालों को प्रदूषित करने वाले उद्योगों पर प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड कोई कार्रवाई अमल में नही ला रहा है। विभाग के अधिकारी सिर्फ खानापूर्ति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उद्योग अपना केमिकल युक्त पानी नदियों व नालों में छोड़ रहे हैं, जिससे पानी का स्तर भी गिरता जा रहा है और पानी भी जहरीला होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे उद्योगों के खिलाफ ठोस कार्रवाई होनी चाहिए।

संस्था ने एनजीटी के नियमानुसार अवैध खनन करने वालों पर जुर्माना, अवैध खनन पर प्रतिबंध व पट्टा क्षेत्र में केवल सुबह से शाम तक हो अनुमति, प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और खनन माफिया की गुंडागर्दी पर रोक लगे आदि मांगें रखी गईं।

### इटर्नल विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय प्रबंधन पर मंथन

**नाहन।** इटर्नल विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन आज विद्वानों ने गंभीर वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सम्मेलन में प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई। सामाजिक बदलाव लाने के उद्देश्य से नई तकनीकों पर जोर दिया गया। प्रो. सौमेन चट्टोपाध्याय जाकिर हुसैन सेंटर फॉर एजुकेशनल स्टडीज, स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज, जेएनयू, नई दिल्ली ने 'सार्वजनिक नीति निर्माण और भारतीय कॉरपोरेट्स का विकास स्वतंत्रता के बाद से सरकारी पहलुओं का एक महत्वपूर्ण आत्मनिरीक्षण और आगे का रास्ता' पर वियख्यान दिया। दीपक सानन हिमाचल प्रदेश गवर्नमेंट में सेंटर पॉलिसी से संबंधित सेवानिवृत्त अतिरिक्त मुख्य सचिव ने 'सार्वजनिक नीति और व्यावसायिक वातावरण की भूमिका नियामक सुविधा प्रदाता के रूप में सरकार' के विषय पर चर्चा की। 'स्मार्ट अर्थव्यवस्था बनाम टिकाऊ अर्थव्यवस्था लाभ और स्थिरता के बीच संतुलन' के विषय पर सेवानिवृत्त आईएएस पूर्णिमा चौहान ने अपने विचार व्यक्त किए। इसके अलावा देश-विदेश की व्यापार समस्याएं एवं समाधान, जलवायु परिवर्तन, सोलर ऊर्जा और वायु ऊर्जा सहित अन्य विषयों पर विचार व्यक्त किए गए। इस अवसर पर 40 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के संयोजक एससी घोष ने प्रयोजकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. तुषार महाजन ने सभी को धन्यवाद दिया तथा भविष्य में इस तरह के सम्मेलन आयोजित करने पर बल दिया।

## चंबा-जोत सुरंग निर्माण के लिए सीएम ने स्वीकृत की राशि

# सुरंग बनने से 10 मिनट में भटियात से चंबा पहुंच जाया करेंगे लोग

**एमएम डैनियल, चुवाड़ी**

**वर्षों पुरानी मांग पूरी होने की बंधी उम्मीद**

आखिरकार वर्षों पुरानी चंबा-जोत सुरंग निर्माण की मांग अब कहीं न कहीं पूर्ण होती नजर आ रही है। जिला चंबा के भटियात व चंबा विस क्षेत्र की जनता की लंबे एवं दुर्गम सफर की समस्या को देखते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भटियात विस क्षेत्र के दौरे के दौरान चुवाड़ी में चंबा-जोत-चुवाड़ी सुरंग की फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने के लिए चार करोड़ रुपए की स्वीकृति देने की घोषणा की।

इससे चंबा-जोत सुरंग निर्माण को सरकार की ओर से पहली झंडी मिल गई है। जिससे चंबा-जोत सुरंग निर्माण से जिले के लोग चंबा से भटियात विस क्षेत्र में करीब 10 मिनट में पहुंच जाएंगे। इसके आगे चुवाड़ी से कांगड़ा के लिए चार के बजाय दो घंटे का सफर होगा। जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री ने साफ किया कि अभी इस सुरंग की फिजिबिलटी रिपोर्ट के आधार पर डीपीआर तैयार होगी व सुरंग का कार्य शुरू हो पाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया और सदर के विधायक नीरज नैय्यर ने उनसे सुरंग को लेकर कई बार आग्रह किया है। लोगों की सुविधा के लिए इस पर मुहर लगाई गई है। सुरंग बनने से गंभीर बीमारियों से ग्रस्त लोगों को सबसे अधिक लाभ होगा। चंबा मेडिकल कॉलेज से रेफर करने के बाद मरीजों को इस सुरंग के जरिये सीधे टांडा, शिमला या पीजीआई चंडीगढ़ जाने के लिए ज्यादा सफर नहीं करना पड़ेगा। चंबा से बनीखेत से वाया लाहड़ू तक पहुंचने में लोगों को चार से पांच घंटे का समय लग जाता है।

कई बार मरीज टांडा पहुंचने से पहले ही दम तोड़ देते हैं। जिसके चलते सुरंग निर्माण कार्य को सरकार द्वारा प्राथमिकता देते हुए डीपीआर के लिए राशि स्वीकृत की है। जिसके पश्चात इस दिशा में आगामी कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने मंच से बागी विधायकों पर निशाना साधते हुए कहा कि बजट सत्र से ठीक एक दिन पूर्व छह बागी विधायकों ने क्रॉस वोटिंग कर बजट को प्रस्तुत करने में बाधा डालते हुए अपना इमान तक बेच डाला। लोकतंत्र की हत्या करने वालों को जनता कभी माफ नहीं करेगी। (अनंत ज्ञान)

## आज भरमौर को भी मिलेंगे तोहफे

**भरमौर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मंगलवार को चंबा के चौगान से भरमौर के लिए भी पांच बड़ी सौगातें देंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री चंबा के चौगान नंबर दो से जनजातीय क्षेत्र भरमौर में विभिन्न कार्यों के शिलान्यास एवं उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री मंगलवार को प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनने वाली सड़क भरमौर से बड़ग्राम सात किलोमीटर सिरडी से घरेड बाया सुपा नौ किलोमीटर, चूड़ी से बस्सू कोठी निरकुला पांच किलोमीटर व नाबार्ड योजना के तहत बनने वाली लाहल से बगड़ू पुल सहित चार किलोमीटर बनने वाली सड़क के (अपग्रेडेशन) सुधारीकरण का शिलान्यास व भूमि पूजन करेंगे। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री मैहला बगियार हुरेड में रावी नदी पर बने 68 मीटर लंबे बने पुल का लोकार्पण करेंगे। अधिशाषी अभियंता मीत शर्मा व सहायक अभियंता उपमंडल भरमौर विशाल चौधरी ने कहा है कि मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर विभाग ने पूरी तरह से तैयारी कर ली है।

# भटियात को सिविल कोर्ट और डीएसपी कार्यालय की सौगात

## मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान की घोषणा

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**



भटियात विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को सम्मानित करते हुए।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भटियात विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान करोड़ों की विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किए। वहीं चुवाड़ी चौगान में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री ने क्षेत्र में सिविल कोर्ट, डीएसपी कार्यालय, मिनी सचिवालय, स्नातकोत्तर महाविद्यालय खोलने तथा फायर ऑफिसर का पद सृजित करने की घोषणा की। उन्होंने चंबा चुवाड़ी टनल की फीजिबिटिलटी रिपोर्ट के लिए चार करोड़ रुपए प्रदान करने की भी घोषणा की और कहा कि भटियात के लिए जल शक्ति विभाग का नया मंडल खोला जाएगा और डलहौजी में भी जल शक्ति विभाग का मंडल बना रहेगा। उन्होंने कहा कि जनमत एवं पार्टी विचारधारा के साथ दगा करना हिमाचल की संस्कृति नहीं है। उन्होंने कहा कि वह सत्ता के भूखे नहीं हैं और जीवन भर उन्होंने संघर्ष किया है। हम सत्ता सुख के लिए नहीं बल्कि व्यवस्था परिवर्तन के लिए आए हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल ने इतिहास की सबसे बड़ी आपदा का सामना किया और अपने सीमित संसाधनों से राज्य सरकार ने 4500 करोड़ रुपए का विशेष राहत पैकेज आपदा प्रभावितों के लिए जारी किया। आम लोगों को राहत प्रदान करने के लिए राजस्व लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। भ्रष्टाचार पर सख्त कदम उठाते हुए वर्तमान राज्य सरकार ने हिमाचल प्रदेश अधीनस्थ कर्मचारी चयन आयोग को भंग किया और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया। सरकारी क्षेत्र में राज्य सरकार 22 हजार नौकरियां प्रदान कर रही है। प्रदेश में संवैधानिक परंपराओं का बखूबी निर्वहन करने की दिशा में कुलदीप सिंह पठानिया के प्रयासों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ईमानदारी तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए उनका नाम इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। इससे पूर्व मुख्यमंत्री खुली जीप में सभा स्थल चुवाड़ी चौगान तक पहुंचे और लोगों ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। वहीं प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने अपने कल्याणकारी निर्णयों से प्रदेश की जनता का दिल जीता है। इस मौके पर विधायक नीरज नैय्यर व मलेंद्र राजन, पूर्व कैबिनेट मंत्री आशा कुमारी, पूर्व विधायक सुरेंद्र भारद्वाज, जिला चंबा के कार्यकारी कांग्रेस अध्यक्ष कमल ठाकुर, उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल, पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। (अनंत ज्ञान)

### सीएम ने इन कार्यों की रखी आधारशिला

**मुख्यमंत्री** ने भटियात तहसील में गांव सारना, सिलोह, चलाड़ी और समीपवर्ती क्षेत्रों के लिए 2.20 करोड़ रुपये की उठाऊ पेयजल योजना और तहसील भटियात में उपरली बडीगी व निचली बडीगी के लिए 1.17 करोड़ रुपए की पेयजल योजना का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने समोट और भटियात खंड के अन्य गांवों के लिए 15.53 करोड़ रुपए से निर्मित होने वाली पेयजल योजना, तहसील भटियात की 12.59 करोड़ रुपए से निर्मित होने वाली बहाव सिंचाई योजना रजैं, सरोग के पुनर्निर्माण कार्य, तहसील भटियात के गांव जतरूण, त्रिमथ व सलोह के 4.32 करोड़ रुपए से होने वाले बाढ़ बचाव कार्य, तहसील सिंहुता के गांव मतौला के 1.79 करोड़ रुपए से होने वाले बाढ़ बचाव कार्य, चुवाड़ी शहर के लिए 25.90 करोड़ रुपए से पेयजल योजना के सुधार एवं संवर्द्धन कार्य, शाहपुर-सिंहुता-चौरी जोत चंबा रोड पर काली घार के ऊपर 3.86 करोड़ रुपए के भूस्खलन रोकथाम कार्य और सिंहुता से जोलना खास सड़क के 6.43 करोड़ रुपए के उन्नयन कार्य की आधारशिला भी रखी।

### आज चंबा प्रवास पर

**चंबा।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 12 मार्च को चंबा प्रवास पर होंगे। इस दौरान चौगान नंबर दो में जनसभा का आयोजन किया जाएगा। इसी दौरान मुख्यमंत्री विभिन्न विकास योजनाओं की आधारशिला रखेंगे। रावी नदी पर बने मैहला भगियार हुरेड़ स्टील ब्रिज, नकरोड़ टिकरीगढ़ बघेईगढ़ पर बने कंगेला नाला ब्रिज, तीसा सेईकोठी, झझाकोठी सड़क पर बने पुल का लोकार्पण करेंगे। इसके अलावा विभिन्न सड़क मार्गों की उन्नयन योजनाओं की आधारशिला रखेंगे। यह जानकारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चंबा के अध्यक्ष करतार सिंह ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि चंबा में इन योजनाओं से स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने सभी से मंगलवार प्रातः 11:30 बजे चौगान नं दो में पंहुचने का आह्वान किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### विद्यार्थी परिषद ने करवाई संगोष्ठी

**चंबा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चंबा इकाई द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एडवोकेट मधु ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में महिलाएं पुरुषों से कम नहीं है वो हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है और तरक्की कर रही है। महिलाएं जाति, धर्म, यौन रुझान और क्षमता के संबंध में अंतरविरोधी पूर्वाग्रह का अनुभव करती हैं। महिलाओं को आधिपत्यवादी पूर्वाग्रह का सामना करना पड़ता है जो उन विभिन्न स्थानों पर पुरुषों के प्रभुत्व को वैध बनाता है जहां महिलाएं खुद को पाती हैं। वहीं भवानी ठाकुर इकाई अध्यक्ष चंबा ने भी महिला दिवस और अधिकारों पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस दिन का महत्व सामाजिक, राजनीतिक, और आर्थिक क्षेत्रों में महिलाओं के अधिकारों और तरक्की के प्रति जागरूकता को बढ़ाता है।

### पियूहरा में खेल-कौड़ी प्रतियोगिता



पियूहरा में पौराणिक खेल-कौड़ी के प्रतिभागी मुख्य अतिथि के साथ।

**भरमौर।** ग्राम पंचायत पियूहरा में पौराणिक खेल-कौड़ी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में चार दर्जन से अधिक टीमों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता ठाकुर राधावली कमेटी की ओर से आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में पहले,दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाली टीमों को इनाम बांटे गए। इस मौके पर यहां पर धाम का आयोजन भी किया गया। प्रधान संजय कुमार ने कहा कि हर वर्ष इस प्रतियोगिता को बड़ी धूमधाम से करवाया जाता है। जानकारी के अनुसार इस प्रतियोगिता को पौराणिक जमाने में राजाओं द्वारा खेला जाता था। जनजातीय क्षेत्र में इस कौड़ी प्रतियोगिता का सीधा संबंध नाग देवता के साथ जोड़ा जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार नाग देवता कौड़ी प्रतियोगिता खेलते थे। लिहाजा उनको खुश करने के लिए इस प्रतियोगिता को आज गांव स्तर पर अलग-अलग प्रकार से खेला जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दूर-दूर से खेल प्रेमी यहां पर आते है। उन्होंने कहा कि इस पौराणिक खेल को जिंदा रखने के लिए हर वर्ष यहां पर इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है।

### बाथरी- बोंखरी मोड़ में निकास नालियां बंद

**डलहौजी।** बारिश ने भरमौर-पठानकोट राष्ट्रीय उच्चमार्ग एनएच 154 ए पर स्थित बाथरी- बोंखरी मोड़ पर बनी नालियों ने एनएच प्राधिकरण की पोलखोल दी है। बताते चलें कि बोंखरी मोड़ से लेकर बाथरी तक जगह-जगह नालियां बंद हो चुकी हैं। इस कारण बारिश से नालियों का पानी सीधा मुख्य मार्ग पर आ रहा है। एनएच प्राधिकरण अच्छे मार्ग को लेकर जितने मर्जी दावे पेश कर ले, लेकिन एनएच 154 ए जगह-जगह से अपनी बदहाली के आंसू रो रहा है कई जगह तो राष्ट्रीय उच्च मार्ग संग्रह होने की वजह से बड़े वाहनों को दुर्घटना का शिकार भी बन चुका है। इस बारे में जब अधिशाषी अभियंता चंबा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय उच्च महामार्ग का काम जारी है। बारिश के कारण कई बार नालियों में मलवा फंस जाने की वजह से नालियां चौक हो जाती हैं। जल्दी ही प्राधिकरण की लेबर इन नालियों को साफ कर देगी।स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश होने पर कई बार छोटे वाहनों के चालक गाड़ियों को तेज रफ्तार में चलते हैं जिससे नाली का गंदा पानी सीधा राहगीरों पर गिरता है। जोकि जो कि सरासर गलत है उन्होंने न प्राधिकरण से मांग की है कि जल्द से जल्द बंद पड़ी नालियों को दुरुस्त करने की मांग उठाई है।

## जय सिंह ने विकास कार्यों पर विधायक नीरज नैय्यर को घेरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

प्रदेश सरकार जहां डिनोटिफाइड सरकार में उभर कर सामने आई है, वहीं चंबा विस क्षेत्र के विधायक नीरज नैय्यर भी गत डेढ़ वर्ष के विकास कार्यों को करवाने में विफल साबित हुए है। सदर विधायक जो सड़कों के उद्घाटन कर रहे हैं वे सब सड़कें पूर्व विधायक की देन है।

प्रदेश सरकार व सदर विधायक पर जमकर बरसते हुए भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य जय सिंह ने कई आरोप परिधि गृह चंबा में पत्रकारवार्ता के दौरान लगाए। पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य जय सिंह ने कहा कि चंबा शहर के पक्काटाला मोहल्ले में भूस्खलन की रोकथाम के लिए स्वीकृत हुए तीन करोड़ 23 लाख रुपए राज्य सरकार ने वापस ले लिए हैं। उन्होंने कहा कि फरवरी 2023 में सरकार द्वारा तीन करोड 23 लाख रुपए पक्काटाला मोहल्ले में भूस्खलन की रोकथाम के लिए स्वीकृत किए गए थे। इस धनराशि से भूस्खलन की रोकथाम के लिए सीमेंट स्प्रे सहित अन्य सुरक्षा संबंधी कार्यों को अमलीजामा पहनाया जाना था, लेकिन एक वर्ष में इस दिशा में उचित कदम न उठाए जाने के कारण अब सरकार ने यह पैसा वापस ले लिया है। उन्होंने कहा कि पक्काटाला मोहल्ले में 200 से अधिक अनुसूचित जाति के परिवार रहते हैं और मोहल्ला किसी भी समय भूस्खलन की जद में आ सकता है। इस मौके पर भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ सेल वरिष्ठ सदस्य रविंद्र सिंह किश्तवाड़िया, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य धन्नो देवी, भाजपा आईटी सेल प्रदेश संयोजक नेक राज ठाकुर,व भाजपा उपमंडल चंबा महामंत्री देवेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

## युवाओं की डिमांड पर आरंभ किया सीसीटीवी कैमरा प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

**पहल वेलफेयर एजुकेशन सोसायटी देगी ट्रेनिंग**

**लक्ष्मीनाथ परिसर डोगरा बाजार चंबा में करें संपर्क**

आज वक्त ऐसा आ गया है कि नशे और क्राइम की बढ़ती रफ्तार से हर कोई भयभीत एवं असुरक्षित महसूस कर रहा है। जिससे निपटने के लिए हालांकि पुलिस दिन-रात पहरी भी है, लेकिन पुलिस को भी किसी अपराध या अपराधी को पकड़ने के लिए साक्ष्य की आवश्यकता पड़ती है। इस कमी को आधुनिक दौर में सीसीटीवी कैमरे सरलता से दूर करते हैं। पहल वेलफेयर एजुकेशन सोसायटी चंबा द्वारा इस विषय पर गहनता से मंथन करते हुए सीसीटीवी कैमरा चलाने एवं उसे व्यवसायिक बनाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया गया है। जिसका आगाज लक्ष्मीनाथ परिसर डोगरा बाजार चंबा में कर दिया है। इस संदर्भ में पहल वेलफेयर एजुकेशन सोसायटी चंबा की एमडी अर्चना प्लाह ने बताया कि सुरक्षा और सुरक्षित स्थल वर्तमान जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है। जिसे नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है। पहल वेलफेयर एजुकेशन सोसायटी चंबा द्वारा स्किल डेवलपमेंट को लेकर के प्रशिक्षण करवाए जा रहे हैं। जिसमें सीसीटीवी कैमरा प्रशिक्षण की युवा में बढ़ती डिमांड व सामाजिक सुरक्षा को देखते हुए संस्थान द्वारा सीसीटीवी कैमरा प्रशिक्षण आरंभ किया गया है। जिसका पहला बैच इसी माह से किसी भी तरह की



अर्चना प्लाह, एमडी पहल वेलफेयर एजुकेशन सोसायटी चंबा।

दाखिला अथवा कोर्स फीस न लिए बगैर सिर्फ परीक्षा शुल्क पर आरंभ किया जा रहा है। जिसके तहत संस्थान द्वारा सीसीटीवी कैमरा प्रशिक्षित, अनुभवी इंस्पेक्टर्स के माध्यम से यह प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिसमें प्रशिक्षुओं को सीसीटीवी कैमरा का थ्यूरी व प्रैक्टिकल दोनों प्रकार से प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अधिकृत अतिरिक्त तकनीकी पहलुओं से भी उन्हें प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि सीसीटीवी कैमरा को लगाने चलाने व उनमें तकनीकी खराबी पड़ने पर उसका भी पूर्ण रूप से अध्ययन कर प्रशिक्षु पूर्ण रूप से प्रशिक्षित हो सके। इच्छुक अभ्यर्थी कार्य दिवस में कभी भी कैनरा बैंक के विपरित दिशा में स्थित डोगरा बाजार में लक्ष्मीनाथ परिसर में स्थित पहल वेलफेयर एजुकेशन सोसायटी कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## चौंतड़ा में नारी शक्ति को किया सम्मानित

**जोगिंद्रनगर।** चौंतड़ा के पंचायत भवन में शांति देवी फाउंडेशन के सौजन्य से महिलाओं के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिलाओं के सम्मान समारोह में लीला और रजनी ने कहा कि बदलते दौर में महिलाएं अपने आप को काफी आगे ले जाने तक हर क्षेत्र में अपना वर्चस्व बनाए हुए हैं। कार्यक्रम में मौजूद बतौर मुख्य अतिथि दीपा ने कहा कि देश की आन वान शान को बरकरार रखने के लिए भारतीय सेना में भी महिलाओं का वर्चस्व लगातार बढ़ रहा है। इससे पहले गीतांजलि ने कहा कि नारी शक्ति ने अब आत्मनिर्भर बनकर अपने जीवन की पारी खेलना सीख लिया है। शिक्षा, साहित्य, स्वास्थ्य व अन्य क्षेत्रों में सराहनीय सेवाएं देने वाली 15 से अधिक महिलाओं को कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। महिलाओं को संबोधित करते हुए दीपा ने कहा कि देश में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आजकल महिलाएं बड़ी कुशलता से देश की बागडोर भी उठाए हुए हैं।

## सिविल अस्पताल सरकाघाट को मिला कार्डियक मॉनिटर

**अनंत ज्ञान सरकाघाट**

**पवन ठाकुर ने किया शुभारंभ, हृदय रोगियों को मिलेगा लाभ**

प्रदेश सरकार द्वारा दिल के रोगियों पर नजर रखने के लिए कार्डियक मॉनिटर और कार्डियक डिफाइब्रिलेटर संबंधित आधुनिक उपकरण उपलब्ध करवा कर हजारों लोगों को राहत प्रदान की है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं विस क्षेत्र सरकाघाट से प्रत्याशी रहे पवन ठाकुर ने एसएमओ डॉ. देश राज शर्मा की उपस्थिति में इन आधुनिक उपकरणों का विधिपूर्वक उद्घाटन कर जनहित में समर्पित कर दिया है। इन उपकरणों के लगने से सरकाघाट के साथ लगते धर्मपुर जोगिंद्रनगर और हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों हृदय रोगियों को राहत मिलेगी। पवन ठाकुर ने बताया कि कार्डियक मॉनिटर और कार्डियक डिफाइब्रिलेटर दोनों ही उपकरणों का उपयोग हृदय संबंधित रोगियों की निगरानी और इलाज में किया जाता है। पहली बार सरकाघाट को यह आधुनिक उपकरण मिले है और अब लोगो को हृदय संबंधी जांच के लिए मंडी नेरचौक या हमीरपुर नहीं



जाना पड़ेगा। पवन ठाकुर ने कहा कि अति शीघ्र सरकाघाट अस्पताल को एक एमडी और एक बच्चों का विशेषज्ञ डॉक्टर मिल जाएगा। सिविल अस्पताल के प्रभारी डॉ. देशराज शर्मा ने पवन ठाकुर और सरकार का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर वरिष्ठ डॉ. अजय वर्मा, डॉ. सुरेंद्र ठाकुर सहित अन्य डॉक्टर और समस्त स्टाफ सहित शहरी कांग्रेस के अध्यक्ष अश्वनी गुलेरिया, नगर परिषद अध्यक्ष कश्मीर सिंह मनोनीत पार्षद संजय गुप्ता इंटक उपाध्यक्ष विजय राणा आदि उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों को ठग रही प्रदेश सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

**चंबा में बैठक के दौरान संघ ने जताया रोष**

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ चंबा इकाई की बैठक प्रधान अशोक शर्मा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें विशेष रूप से भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के उपाध्यक्ष डीके सोनी ने भाग लिया। उन्होंने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को हिमाचल सरकार द्वारा बार-बार ठगा जा रहा है।

कई पेंशनर्स रिवाइज स्केल लीव एनकैशमेंट ग्रेच्युटी तथा तीन लाख का इंतजार करते-करते स्वर्ग सिधार गए। उन्होंने कहा कि चिकित्सा बिल दो-दो वर्षों से लटके पड़े हैं परंतु सरकार पेंशनर्स के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है।

सरकार द्वारा महंगाई भत्ता देने के आदेश जारी किए परंतु एरियर देने के लिए भद्दा मजाक किया गया। सरकार ने जो गलत नोटिफिकेशन की थी उसको वापस लिया गया है। उसका संघ स्वागत करता है। उन्होंने मांग की है की महंगाई भत्ते की एवं एरियर शीघ्र अति शीघ्र नोटिफिकेशन जारी की जाए। उपस्थित सदस्यों ने निर्णय लिया कि कल मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू चंबा प्रवास में आ रहे हैं महासंघ अपनी मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री को सौंपेंगे। संघ ने सामूहिक निर्णय लिया कि यदि समय रहते पेंशनर्स की मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं की तो संघ मजबूरन संघर्ष का बिगुल बजाने पर कोई गुरेज नहीं करेगा।

बैठक में मुख्य रूप में राज्य पेंशनर्स विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम के जिला महासचिव नर्सिंग रावत, वरिष्ठ उपप्रधान वेदव्यास ठाकुर, जिला चंबा उपप्रधान रोशन लाल शर्मा, मुख्य सलाहकार धर्म सिंह ठाकुर, रविंद्र सिंह किश्तवाड़िया ने उपस्थिति दर्ज करवाई।

**प्रयास** यूनेस्को व राजस्थान सरकार ने नॉट ऑन मैप संस्था को सौंपा कार्य

# राजस्थान में सिखाई संस्कृति संरक्षण की बारीकियां

**आरके रांगड़ा, चंबा**

चंबा की नॉट ऑन मैप संस्था राजस्थान के लोगों को सांस्कृतिक संरक्षण एवं संवर्धन के साथ ही सामुदायिक आधारित जिम्मेदार पर्यटन के माध्यम से आर्थिकी सुदृढ़ करने की बारीकियां सीखा रही है। यूनेस्को व राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग ने नॉट ऑन मैप संस्था के कार्यों से प्रभावित होकर इसे राजस्थान के शिल्पकारों व कलाकारों को सामुदायिक आधारित जिम्मेदार पर्यटन व संस्कृति को संजोते हुए आर्थिकी को सुदृढ़ बनाने के लिए तैयार करने का जिम्मा सौंपा है।

इस पर नॉट ऑन मैप संस्था से जुड़े रेणू शर्मा, देवेंद्र, तन्य व भोम की ओर से राजस्थान सरकार व पर्यटन विभाग की ओर से चिन्हित गांवों में लोगों को जिम्मेदार पर्यटन की बारीकियां सिखा रहे हैं। इसी कड़ी में तीन से 10 मार्च तक राजस्थान के पश्चिमी जिलों के पांच गांवों बडनावा जागीर, शियो, चौहट्टन, चौपासनी एवं सांगासिनी में करीब 200 से अधिक लोक कलाकारों एवं शिल्पकारों के साथ अमूर्त सांस्कृतिक विरासत एवं संवर्धन के लिए इन कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य इनकी कला को रोजगार एवं पर्यटन से जोड़ना एवं संवर्धन करना रहा। पहली कार्यशाला का आयोजन बड़नावा जागीर में किया गया। यह क्षेत्र लंगा समुदाय का है, जो कि अलग-अलग तरह के सारंगी, ढोलक, हारमोनियम एवं खड़ताल जैसे वाद्य यंत्रों द्वारा लोक गाथाओं का गायन करते हैं। दूसरी कार्यशाला शियो गांव में की गई। ये मांगनियार समुदाय के लोक कलाकार एवं



राजस्थान के लोगों को सांस्कृतिक संरक्षण एवं संवर्धन प्रशिक्षण देते नॉट ऑन मैप संस्था के पदाधिकारी।

> राजस्थान के लोगों को इनकी कला को आजीविका व पर्यटन के साथ जोड़ने के लिए कार्य किया गया। इसमें शिल्पकार एवं लोक कलाकारों ने भाग लिया। इन्हें इनकी कला को पीढ़ी दर पीढ़ी संजोने के साथ ही पर्यटन से जुड़ने की बारीकियां सिखाई गई ताकि आजीविका के साधन पैदा हो।
>
> **-रेणू शर्मा, संचालक, एचटूओ हाउस।**

उत्कृष्ट कला के मालिक हैं। तीसरी कार्यशाला चौहट्टन के धनारू गांव में की गई। यहां की प्रसिद्ध कला कसीदाकारी है, जो कि महिलाओं द्वारा की जाती है। चौथी कार्यशाला कालवेलिया समुदाय के प्रसिद्ध लोक कलाकारों एवं नृत्य कलाकारों के साथ की गई। ये लोग खंजरी, पूंगी, सारंगी वाद्य यंत्र बजाते हैं। वहीं, कालबेलिया महिलाएं इन गीतों पर नृत्य करती हैं। पांचवीं कार्यशाला सांगासिनी गांव में की गई, जो कि मिट्टी के बर्तन बनाने के लिए प्रसिद्ध हैं। (अनंत ज्ञान)

> नॉट ऑन मैप संस्था की ओर से जिस उद्देश्य के साथ जिम्मेदार पर्यटन व संस्कृति का संवर्धन को लेकर कार्य किया जा रहा है। उससे प्रभावित होकर राजस्थान सरकार व यूनेस्को ने हमें यह जिम्मा सौंपा है। संस्था की ओर से राजस्थान के लोगों को कला व संस्कृति के साथ ही जिम्मेदार पर्यटन के माध्यम से आर्थिकी को सुदृढ़ करना सिखाया गया।
>
> **-कुमार अनुभव, संस्थापक, नॉट ऑन मैप संस्था।**

## बाथरी बाजार में जाम हुआ आम

**डलहौजी।** उपमंडल डलहौजी के अंतर्गत एनएच 154 ए पर स्थित गांव बाथरी बाजार में आए दिन आड़ी टेडी खड़ी गाड़ियों के कारण जाम की स्थिति पैदा हो रही है। बताते चलें की बाथरी बाजार क्षेत्र के ज्यादातर व्यस्त रहने वाले बाजारों में एक है जहां रोज सैकड़ों की संख्या में लोग खरीदारी करने बाथरी बाजार रुख करते हैं, लेकिन कई बार सड़क के दोनों और खड़ी गाड़ियां जाम की स्थिति उत्पन्न कर देती हैं जिसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस बारे में जब व्यापार मंडल प्रधान से बात की गई तो उन्होंने बताया कि एनएच 154 ए बाथरी बाजार के दोनों और से काफी चौड़ा है लेकिन बावजूद इसके भी बाहर से आने वाले ग्राहक एवं स्थानीय लोग अपनी गाड़ियां एनएच पर ही खड़ी करते हैं। बनीखेत पुलिस प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि एनएच 154 ए राष्ट्रीय मुख्य मार्ग के दोनों और पीली पट्टी लगाई गई है जिसके अंदर ही वहां खड़े करने की इजाजत है।

## न्यूज ब्रीफ

### ढांक से गिरने से तरसूह के युवक की मौत

**कांगड़ा।** पुलिस थाना कांगड़ा के तहत ढांक से गिरने से एक युवक की मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान सकोट के गांव तरसूह निवासी 35 वर्षीय रणजीत सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने टांडा मेडिकल कॉलेज में शव का पोस्टमॉर्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है। डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले में सीआरपीसी की धारा 174 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### फंदा लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत एक युवक ने फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार युवक ने शराब के नशे में यह कदम उठाया। मृतक की पहचान पासू निवासी 34 वर्षीय परविंद्र सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने उक्त मामले को दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्ष वीर बहादुर सिंह ने मामले की पुष्टि की है।

### भदरेहड़ में गाड़ियों की पासिंग 15 को

**नगरोटा बगवां।** उपमंडल नगरोटा बगवां के अंतर्गत पंचायत घोड़ब के टीका भदरेहड़ में 15 मार्च को गाड़ियों की पासिंग एवं 16 मार्च को ड्राइविंग टेस्ट होंगे। इसकी जानकारी नगरोटा बगवां के एसडीएम मुनीश शर्मा ने दी ।

### शाहपुर में फुटबाल प्रतियोगिता का आगाज

**शाहपुर।** एबीवीपी राजकीय महाविद्यालय शाहपुर इकाई द्वारा 3 दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यातिथि समाजसेवी कमल पादा, राकेश चौहान, विशिष्ठ अतिथि अवनीश राणा उपस्थित रहे। युवाओं को संबोधित करते हुए मुख्य अथिति कमल पादा जी ने खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बधाई दी तथा युवाओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए वहा पर एकत्रित युवाओं तथा खिलाड़ियों को खेल की महत्ता के बारे में बताया। विशिष्ट अतिथि अवनीश राणा ने कहा कि विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही छात्र हितों के लिए कार्य करती आई है। हर एक कॉलेज कैंपस में एबीवीपी छात्रों की आवाज बनती है साथ ही छात्रों की रुचि के अनुसार उन्हें मंच देने का काम भी एबीवीपी करती है। अवनीश राणा ने कहा विद्यार्थी परिषद का ऐसे खेल कार्यक्रमों को करवाने का मकसद केवल और केवल युवाओं में खेल के प्रति रुचि उत्पन्न करना और युवाओं की प्रतिभाओं को सामने लाना है।

### छात्रों ने निहारा स्किल डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट भुवनेश्वर

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में सांस्कृतिक आदान-प्रदान के तहत ओडिशा गई हिमाचल की 45 विद्यार्थियों की टीम ने भ्रमण के दूसरे दिन कौशल विकास संस्थान, भुवनेश्वर (स्किल डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट) का दौरा किया। इस दौरान छात्रों ने भारत सरकार द्वारा देशभर के लोगों को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए दी जाने वाली ट्रेनिंग के बारे में विस्तार से जाना। इसके साथ ही कौशल विकास संस्थान, भुबनेश्वर में चल रहे विभिन्न कौशल विकास योजना के कोर्सेज के बारे में भी छात्रों को जानकारी दी गई। इसी कड़ी में छात्रों ने इस योजना से जुड़े हुए कई प्रश्न भी पूछे जिनके जवाब कौशल विकास संस्थान, भुबनेश्वर के प्रध्यापकों ने दिए। वहीं छात्रों ने कौशल विकास संस्थान, भुबनेश्वर की लैब का भी मुआइना करते हुए विभिन्न आधुनिक तकनीकों को जाना और समझा।

### कैप्टन संजय पराशर ने नवाजे खिलाड़ी

**गरली।** गरली परागपुर के गांव नक्की ग्राउंड में कैप्टन संजय पराशर के सौजन्य से दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं, इस खेलकूद प्रतियोगता मे जसवां-परागपुर क्षेत्र भर की सीनियर व जूनियर वर्ग की कुल 32 टीमें शामिल रहीं। खेल समारोह में बतौर चीफ गेस्ट अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी अजय ठाकुर व विशाल भारद्वाज भी विशेष रूप से पहुंचे हुए थे। इस खेल आयोजन में विजेता व उपविजेता टीमों के लिए पराशर द्वारा नकद पुरस्कारों से नवाजा गया। कार्यक्रम में युवाओं व खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए संजय पराशर ने कहा कि खेल हमारे जीवन का आवश्यक हिस्सा है। स्वस्थ शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल हमारे शारीरिक के साथ मानसिक विकास में मदद करते हैं।

# इंदौरा की जनता को दीं करोड़ों की सौगात

## मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने करोड़ों रुपए की विकासात्मक परियोजनाओं के किए लोकार्पण एवं शिलान्यास

**रोशन लाल, इंदौरा**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को कांगड़ा जिला के इंदौरा विधानसभा क्षेत्र में राजकीय महाविद्यालय इंदौरा के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्र में राजीव गांधी मॉडल डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने इंदौरा में पुलिस उपअधीक्षक कार्यालय खोलने, मोकी (सुरडबां) में 33 केवी सब स्टेशन, राष्ट्रीय राजमार्ग डमटाल के पास पर्यटन होटलध्यूनिटी मॉल खोलने, इंदौरा में ऑडिटोरियम, इंडोर स्टेडियम का निर्माण करने, 3 पुलों सहित मोहतली-इंदौरा सड़क की चौड़ाई एवं सुधारीकरण करने, डमटाल गोशाला में गौवर्धन इकाई स्थापित करने, कंदरोड़ी में कोल्ड स्टोर, एचआरटीसी वर्कशॉप, क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय पठानकोट से ढांगू स्थानांतरित करने, इंदौरा में पशु पालन विभाग का उपमंडल कार्यालय खोलने, पठानकोट से चंढीगड़ वाया डमटाल, इंदौरा, रे, कटियाड़, तलवाड़ा, अंब व ऊना एचआरटीसी की नई बस सेवा आरम्भ करने, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हगवाल और कंगरेरी अधिसूचित करने, पशु औषधालय डुग्घ-बाकशियां तहसील इंदौरा को पशु चिकित्सालय में स्तरोन्नत करने, चक्कीखड्डु पर पुल का निर्माण (डमटाल से माजरा, महोतली खड्डु) और सुरादवान से मलकाना पुल के निर्माण की घोषणा की। (अनंत ज्ञान)



कार्यक्रम के दौरान सीएम सुक्खू को स्वागत करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

### मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

**मुख्यमंत्री** ने जल शक्ति विभाग द्वारा नाबार्ड के तहत क्षेत्र के लिए 31 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली पांच विकासात्मक परियोजनाओं के शिलान्यास किया। इसमें उठाऊ सिंचाई योजना गंगथ, लूथर बेड़ी और बडूखर के तहत नवीनीकरण कार्य, मंड क्षेत्र के अंतर्गत 6 नलकूपों तथा इंदौरा क्षेत्र के लिए 19 नलकूपों की आधारशिला रखी। उन्होंने सूरजपुर खड्डु पर बाढ़ नियंत्रण के लिए बनने वाले तटबंध की आधारशिला भी रखी।मुख्यमंत्री ने राजकीय महाविद्यालय इंदौरा में आयोजित वार्षिक पारितोषिक समारोह में मेधावी बच्चों को पुरस्कार भी प्रदान किए। उन्होंने इस अवसर पर स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टाल का भी अवलोकन किया।

### मलेंद्र राजन ईमानदार नेता : सुक्खू

**उन्होंने** कहा कि विधायक मलेंद्र राजन एक ईमानदार नेता हैं तथा क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा चिंतित रहते हैं। उन्होंने कहा कि वह इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के लिए जो भी मांग उनके सामने रखेंगे उसे पूरा किया जाएगा। वहीं, इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन ने कहा कि वर्तमान सरकार के सत्ता संभालने के बाद सुखविंद्र सिंह सुक्खू का यह इंदौरा विधानसभा का चौथा दौरा है, जो मुख्यमंत्री का इस क्षेत्र के तीव्र विकास के प्रति रूचि को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सुखविंदर सिंह सुक्खू एक आम परिवार से संबंध रखते हैं इसीलिए आम आदमी के दर्द को समझते हैं। आपदा के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश के हर कोने में जाकर प्रभावितों की सहायता की।

# मुर्गियों की गलत फीड की डिलीवर, अब ब्याज सहित भरना होगा 66,350 जुर्माना

**दीपक पुरी, धर्मशाला**

मुर्गियों के चूजों की गलत फीड डिलीवर करने पर चामुंडा हार्डवेयर स्टोर पंचरुखी को अब 53,850 रुपए नौ प्रतिशत ब्याज की दर से चुकाने होंगे। इसके अतिरिक्त चिक्स की खरीद मूल्य 12,500 रुपए भी 9 प्रतिशत की दर से चुकाने होंगे। चिक्स के ईलाज के लिए खर्च राशि 3157 रुपए के साथ-साथ 1,50,000 रुपए मानसिक उत्पीड़न और 20,000 रुपए न्यायालयी शुल्क भी अदा करना होगा।

जिला उपभोक्ता आयोग धर्मशाला के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा, सदस्य आरती सूद व नारायण ठाकुर की खंडपीठ ने यह फैसला सुनाया है। आयोग के समक्ष अखिल सूद निवासी चौंतड़ा, जोगिंद्र नगर ने इस बावत शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता अखिल सूद का आरोप था कि उन्होंने स्वरोजगार के तहत पॉल्ट्री फॉर्म शुरू किया था। इसके लिए उन्होंने 12,500 रुपए खर्च कर मुर्गियों के बच्चे खरीदे थे। मुर्गियों के बच्चों के पोषण के लिए उन्होंने चामुंडा हार्डवेयर स्टोर पंचरुखी से चूजों की फीड खरीदी, जिसका मूल्य 53,850 रुपए था। इस फीड को चूजों को खिलाने के बाद वह धीरे-धीरे मरने लगीं। मुर्गियों के मरने की स्थिति में उन्होंने पशु पालन विभाग से संपर्क किया। पशु पालन विभाग के चिकित्सा अधिकारी से मौके का निरीक्षण किया और पाया कि मुर्गियों के बच्चों को गलत फीड खिलाई गई है। पशु पालन विभाग के डॉक्टरों ने चूजों का पोस्टमॉर्टम भी किया। इसमें पाया गया कि चूजों के गलत फीड खाने से उनके विभिन्न अंगों को नुकसान हुआ, जिससे वह मर गए।



इस संबंध में जब शिकायतकर्ता ने चूजों फीड सप्लायर से बात की तो उन्होंने संबंधित कंपनी से बात करने को कहा। शिकायतकर्ता ने चूजों की फीड बनाने वाली कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक से बात की तो उन्होंने चूजों को गलत फीड देने की बात कही।

वहीं, मुर्गियों की फीड बनाने वाली कंपनी की जो फीड चूजों को दी जानी थी, उसकी जगह बड़ी मुर्गियों की फीड दे दी गई थी, जिस वजह से यह हादसा हुआ। (अनंत ज्ञान)

### जानकारी होने के बाद भी बेची गलत फीड

**शिकायतकर्ता** का अरोप है कि फीड विक्रेता को उसने चूजों की पूरी जानकारी दी थी। इसके बावजूद उन्होंने चूजों के लिए गलत फीड बेच दी। जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष पहुंची शिकायत के बाद दोनों पक्षों की ओर से पेश किए तथ्यों को जांचा गया। तथ्यों को जांचने के बाद आयोग ने शिकायत को मंजूर करते हुए उक्त फैसला सुनाया है।

# नाणा पंचायत से दो लड़कियां किडनैप

## परिजनों ने पुलिस में दर्ज करवाई शिकायत, इलाके में मचा हड़कंप

**अनिल छांगू, जवाली**

पुलिस थाना जवाली के अधीन नाणा पंचायत से दो लड़कियों (मासी-भांजी) को अगवा करने का मामला प्रकाश में आया है जिससे इलाका में सनसनी का माहौल है। प्राप्त जानकारी अनुसार बीरूदीन पुत्र हुसैन अली निवासी नाणा ने पुलिस थाना जवाली में शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह और परिवार के सदस्य 9 मार्च को शाम 6 बजे जोलना (कोटला) में रिश्तेदार के घर शादी में भाग लेने गए थे तथा इस दौरान घर में मेरा लड़का बशीर अल्ली, लड़की सलीमा बीबी (20) व दोहती मरजीना (8) घर पर थे।

इसी रात को कुछ लोग गाड़ी में आए तथा मेरे लड़के को कमरे में बंद करके दोनों लड़कियों (मासी-भांजी) को जबरन अगवा करके ले गए। शिकायतकर्ता ने बताया कि दस मार्च को सुबह 6 बजे जब हम शादी से वापस घर पहुंचे तो लड़का कमरे में बंद था जबकि लड़कियां घर पर नहीं थी। कमरे में आभूषण व नकदी भी चोरी करके ले गए हैं। लड़के को कमरे से बाहर निकाला तो उसने सारी आपबीती सुनाई। शिकायतकर्ता ने बताया कि उनका लड़का 6 व्यक्तियों के नाम जानता है जबकि अन्य का नाम नहीं जानता। शिकायतकर्ता ने बताया कि रोशनदीन, सदीक, कुकू, विनयामीन, शमाउन, आलमदीन व दो अन्य व्यक्तियों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है तथा पुलिस से गुहार लगाई है कि लड़कियों का जल्द से जल्द पता लगाया जाए व आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। वहीं, पुलिस थाना जवाली के अधीन नाणा पंचायत से दो लड़कियों (मासी-भांजी) को अगवा करने का मामला प्रकाश में आया है जिससे इलाका में सनसनी का माहौल है। (अनंत ज्ञान)



पुलिस से शिकायत करते हुए परिजन।

### बख्शे नहीं जाएंगे आरोपी : एसपी

**इस** बारे में एसपी नूरपुर अशोक रतन ने बताया कि पुलिस ने शिकायतकर्ता की शिकायत पर शिकायत दर्ज कर ली है। उन्होंने कहा कि आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# कांगड़ा जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग में कई पद रिक्त

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

प्रदेश के सरकारी तंत्र में स्टाफ का टोटा कम होने को नहीं आ रहा है। यही वजह है कि महिलाओं तथा बाल कल्याण में अहम भूमिका निभाने वाले महिला एवं बाल विकास विभाग में सीडीपीओ जैसे अहम पद तक रिक्त पड़े हैं। ऐसे में जाहिर है कि इसका सीधा असर सरकार की ओर से महिलाओं तथा बाल विकास को लेकर चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं पर पड़ रहा है।

इसके अलावा कई अन्य पद भी लंबे अर्से से रिक्त हैं जिसका बूरा असर विभाग की कार्यप्रणाली पर पड़ रहा है। प्रदेश के सबसे बड़े जिले कांगड़ा में महिला एवं बाल विकास विभाग में बाल विकास परियोजना अधिकारियों के 40 फीसदी पद रिक्त पड़े हैं। 15 विकास खंडों में विभाग के सबसे बड़े अधिकारियों के 6 पद खाली हैं। फतेहपुर, नूरपुर, देहरा, परागपुर, पंचरूखी तथा नगरोटा बगवां विकास खंड में अर्से से सीडीपीओ के पद रिक्त पड़े हैं। इसके अलावा विभाग में स्टाफ एसिस्टेंट के 16 में से 2, सिनियर एसिस्टेंट के 14 में से 5, कनिष्ठ कार्यालय सहायक के 22 में से 10, चालक के 12 में से 4, पर्यवेक्षकों के 188 में से 62, चपरासी के 21 में से 10, आंगनवाड़ी वर्कर के 4119 में से 52 तथा आंगनवाड़ी सहायकों के 4119 में से 138 पद रिक्त पड़े हैं। इसके अलावा खंड पोषण समन्वयक के 15 में से इंदौरा में एक पद रिक्त है। अकाऊंट एसिस्टेंट के सात में से एक पद, चेयरमैन व सदस्यों के 5 में से 3 पद रिक्त पड़े हैं। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं जिला कार्यक्रम अधिकारी

**इस** बारे में जब जिला कल्याण अधिकारी अशोक कुमार शर्मा से बात की गई तो उन्होंने रिक्त पदों की बात को मानते हुए कहा कि इसको लेकर विभाग के आलाधिकारियों को सुचित किया गया है तथा जल्द ही इन पदों को भरा जाएगा, ताकि विभागिय कार्य सुचारू रूप से चल सकें।

### एयरपोर्ट विस्तारीकरण पर सुनवाई 19 मार्च को

**गगल।** प्रदेश उच्च न्यायालय में विस्तारीकरण को लेकर चल रहे मामले में आज हुई सुनवाई के दौरान अब माननीय न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव ने इस मामले में अगली सुनवाई 19 मार्च तक रख दी है। इसके बारे में संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने बताया कि आज इस बारे शिमला में सुनवाई होनी थी, लेकिन आज राजनीति की उथल पुथल के चलते सुनवाई नहीं हो सकी। इस कारण अब यह सुनवाई 19 मार्च को होगी इस अवसर पर संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने पुना कहा के उन्हें पूर्ण विश्वास है कि माननीय न्यायालय जनता के साथ अन्याय नहीं होने देगा और जनता को उसका हक न्याय दिलाएगी। उन्होंने कहा कि इलाकावासी पूरी तरह अदालत के फैसले पर विश्वास बनाए हुए हैं। क्योंकि इलाका वासी इंटरनेशनल हवाई अड्डे का विरोध नहीं कर रहे हैं। बस उनका यही कहना है कि इंटरनेशनल हवाई अड्डा बने। उल्लेखनीय है कि इस एयरपोर्ट विस्तारित कारण की तारीख पहले 26 दिसंबर को पड़ी थी उसके बाद माननीय न्यायाधीश ने दो जनवरी से लेकर चार जनवरी तक चलाई थी और उसी की मद्देनजर को रखते हुए माननीय ने नौ जनवरी को रखी। अब इस केस की सुनवाई को जारी रखते हुए यह फैसला अब 29 फरवरी को सुनाना था। वहीं, सुनवाई न होने पर अब इसकी सुनवाई 19 मार्च को होगी।




बैजनाथ। बैडमिंटन प्रतियोगिता में 40 प्लस कैटागरी में बैजनाथ से राजीव व संजीव ने डब्बल का खिताब अपने नाम किया। जबकि डॉ. गौरव व सन्नी निवासी नगरोटा बगवां रनर अप रहे। ओपन कैटागरी में सिंगल के विजेता चंडीगढ़ के साहिल व हमीरपुर के आर्यन रनर अप रहे। इसके अलावा ओपन कैटागरी के डब्बल का खिताब चड़ीगढ़ निवासी साहिल व अनीश ने अपने नाम किया। जबकि हमीरपुर से दिव्यांश व असीम रनर अप रहे। मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं एसडीएम देवी चंद ठाकुर ने विजेता प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### महिलाओं ने निकाली धन्यवाद यात्रा

**कांगड़ा।** भाजपा की और से आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का भाजपा महिला मोर्चा की और से बुधवार को विधानसभा कांगड़ा के मटौर में आयोजन किया गया। इसके तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महिला केंद्रित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार को लेकर महिला मोर्चा ने रूई पेच मैदान से गांधी पार्क तक धन्यवाद यात्रा निकाली। मटौर में आयोजित इस कार्यक्रम भाजपा के जिला उपाध्यक्ष चंबा भारद्वाज ने बताया कि महिला मोर्चा की ओर से नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम जनवरी माह से चल रहा है। उसी के तहत नारी शक्ति वंदन यात्रा का आयोजन महिला मोर्चा की ओर से पूरे प्रदेश में विधानसभा स्तर पर किया जा रहा है। इस मौके पर कांगड़ा के विधायक पवन काजल ने बताया कि 6 मार्च को प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत व भाजपा कार्यालय पर प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन महिलाओं की और से देखा व सुना गया। विधायक पवन काजल ने उपस्थित सभी महिला मोर्चा की पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का कार्यक्रम में आने पर धन्यवाद किया।

# मंधल और जदरांगल स्कूल में पकड़े नकल के दो मामले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला में चल रहे जमा दो की वार्षिक परीक्षाओं में नकल के दो मामले सामने आए हैं। जानकारी के अनुसार सोमवार को फिजिक्स तथा अकाऊंट विषय की परीक्षा थी। इसके चलते फ्लाइंग स्कवॉड की टीम ने धर्मशाला शिक्षा खंड के तहत आने वाले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंधल तथा नगरोटा बगवां शिक्षा खंड के तहत आने वाले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जदरांगल में निरीक्षण के दौरान नकल का एक-एक मामला पकड़ा है।

बताते चलें कि दोनों स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे लगे होने के बावजूद नकल होना स्कूल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान खड़ा करता है। वहीं विभागिय सूत्रों की मानें तो स्कूल प्रबंधन के नकल करवाने में संलिप्त होने की शिकायत भी आई थी तथा इसके बाद जब स्कूलों के फ्लाइंग स्कवॉड ने जांच की तो नकल के मामले सामने आए हैं। हैरानी की बात ये कि स्कूलों में कक्षाओं की व्यवस्था तथा परीक्षाओं के दौरान नकल पर नजर रखने के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे भी कुल मिलाकर नाकाम साबित हो रहे हैं तथा बावजूद इनके नकल का खेल जारी है।

ऐसे में स्कूल प्रबंधन पर सवाल उठना लाजमी है। वहीं, उधर, इस बारे में जब फ्लाईंग स्कवॉड की अगुआई कर रहे निरीक्षण विंग के उपनिदेशक प्रकाश चंद सुकेतिया से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंधल तथा जदरांगल में निरीक्षण के दौरान नकल के दो मामले सामने आए हैं। उन्होंने माना कि नकल पर नुकेल के लिए दोनों स्कूलों में सीसीटीवी भी हैं।

### शिकायत आई है, अभी जांच जारी : प्रकाश चंद

**उपनिदेशक** प्रकाश चंद सुकेतिया ने बताया कि स्कूल प्रबंधन की नकल करवाने में संलिप्तता की शिकायत आई है। उन्होंने कहा कि इसकी जांच की जाएगी तथा जांच के बाद ही कोई टिप्पणी की जा सकती है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-शिक्षिकाओं को मिला सम्मान

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

शाहपुर में सोमवार को जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि डॉ. सुनंदा पठानिया ने महिला दिवस की सभी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रत्येक दिन महिलाओं का दिन होना चाहिए।




शाहपहुर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने का दौर।

समाज में महिलाओं को पुरुषों के बराबर हर क्षेत्र में अधिकार मिलने चाहिए। उन्होंने कहा सरकार निरंतर महिलाओं के अधिकारों के लिए कार्य कर रहीं है परंतु यह तभी सम्भव होगा जब प्रत्येक की सोच महिलाओं और बेटियों के लिए बदलेगी। उन्होंने सभी से बेटियों को शिक्षित करने की अपील की उन्होंने कहा शिक्षा ही ऐसा माध्यम है जिस से बेटियां परिवार और समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़ेंगी। उन्होंने कहा किसी भी देश की उन्नति तभी संभव है जब बेटे और बेटियां, महिला और पुरुष को समाज में एक समान समझा जाएगा। शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने फोन पर सभी महिलाओं साथ बात की और मुख्यमंत्री द्वारा महिलाओं को 1500 रुपये प्रतिमाह देने की घोषणा बारे बताया और इसके लिए उनका धन्यवाद भी किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि डॉ. सुनंदा पठानिया ने जिला कांगड़ा के हर ब्लॉक से नामित उत्कृष्ट आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को सम्मानित किया।

**गुड न्यूज** — पशु की आकस्मिक मृत्यु पर नहीं होगा आर्थिक नुकसान, 50 प्रतिशत तक मिलेगा अनुदान

# 'पशुधन बीमा योजना' पशुपालकों के लिए बनी वरदान

**कपिल पंडित, धर्मशाला**


यदि आप पशुपालक हैं तो पशु की आकस्मिक मृत्यु से होने वाले नुकसान से बचने के लिए पशुधन बीमा योजना का लाभ उठा सकते हैं। इस योजना में सरकार किसानों के पशुओं के लिए 50 प्रतिशत तक बीमा में जमा होने वाले प्रीमियम का अनुदान करती है। योजना में देशी व संकर दुधारू पशुओं का बीमा उनके बाजार मूल्य पर होता है।

इस योजना में किसान भाई अपने दो पशुओं का बीमा एक साथ करवा सकते हैं और प्रत्येक पशु की बीमा अवधि 3 साल तक होती है। किसान के लिए फसल और पशु दोनों के लिए असुरक्षा ही रहती है। फसल प्राकृतिक आपदा की वजह से बर्बाद हो जाती है वैसे ही पशु भी बीमारी, मौसम या दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।

किसान अपनी फसलों का तो बीमा करवा लेते हैं लेकिन अपने पशुओं का बीमा करवाना भूल जाते हैं जिनकी कीमत हजारों में होती है। अगर गाय या भैंस दुधारु है तो फिर कीमत लाखों में भी होती है। ऐसे में किसान को बहुत बड़ा नुकसान उठाना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखकर केंद्र सरकार ने किसानों के लिए पशुधन बीमा योजना की शुरुआत की है। (अनंत ज्ञान)

### ऐसे उठाएं पशुधन बीमा योजना का लाभ

**जो** किसान अपने पशु का बीमा करवाना चाहते हैं तो सबसे पहले अपने नजदीकी पशु अस्पताल में बीमा की जानकारी देनी होगी। उसके बाद पशुचिकित्सक और बीमा एजेंट किसान के घर आकर पशु के स्वास्थ्य की जांच करेंगे। जांच होने के बाद पशु चिकित्सक एक स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जारी करता है। बीमा एजेंट जांच होने के बाद पशु के कान में एक टैग लगाता जिससे पता चलता है की पशु का बीमा हो चुका है। उसके बाद किसान और पशु की एक साथ फोटो ली जाती है। उसके बाद बीमा पालिसी जारी कर दी जाती है। पशु के खो जाने पर बीमा कंपनी को सूचित करना होगा। टैग गिर जाने पर बीमा कंपनी को सूचित करना होगा जिससे नया टैग लगाया जा सके। यदि भीमाशाह कार्ड है तो 5 पशुओं का बीमा हो सकता है।



"पशुधन बीमा योजना का लाभ लेने के लिए अधिक से अधिक पशु पालकों को जागरूक किया जा रहा है ताकि पशुपालकों को नुकसान से बचाया जा सके। उक्त योजना की जानकारी पशुपालकों तक पहुंचाने के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए पशु पालन विभाग को निर्देश जारी किए गए हैं।

**-सौरभ जस्सल, अतिरिक्त उपायुक्त।**

"पशुधन बीमा योजना पशुपालकों के लिए बेहद लाभदायक है, इस योजना को अधिक से अधिक पशुपालकों तक पहुंचाया जा रहा है तो पशुपालक किसी पशु की आकस्मिक मृत्यु से होने वाले नुकसान से बच सकें। ।

**-संजीव धीमान, उपनिदेशक, पशुपालन विभाग कांगड़ा।**

## संपादकीय

# नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू कर केंद्र सरकार ने खेला मास्टर स्ट्रोक

केंद्र सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले देशभर में नागरिकता संशोधन अधिनियम यानी सीएए लागू कर मास्टर स्ट्रोक खेला है। सरकार ने इसके लिए नोटिफिकेशन भी जारी कर दी है। सरकार को यह सफलता पांच साल की जद्दोजहद के बाद मिली है। वैसे तो सीएए दिसंबर 2019 में ही अधिनियमित हो गया था और इसे राष्ट्रपति की मंजूरी भी मिल गई थी, लेकिन कई अवरोधों के बाद इसे धरातल पर नहीं उतारा जा सका। यह कानून बहुत बड़े पैमाने पर बहस और विरोध का विषय भी रहा है। शुरुआत में जब सीएए की बात चली तो एकदम से विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। करीब चार महीने तक जगह-जगह लोग सरकार के खिलाफ गुबार निकालते रहे। इसका सबसे ज्यादा विरोध मुस्लिम समुदाय ने किया था। प्रमुख विरोध प्रदर्शन असम, जामिया मिलिया इस्लामिया, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, पश्चिम बंगाल, यूपी, कर्नाटक में देखे गए। शाहीन बाग, दिल्ली और एनसीआर तो जबरदस्त विरोध का केंद्र बन गए थे। हिंसा तक हो गई, जिसमें कई लोग मारे गए।

विपक्षी दलों ने भी विरोध करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। आलोचक इसे भेदभावपूर्ण करार देकर निरस्त करने की डिमांड करते रहे। शुरुआत में इस पर धर्मनिरपेक्षता और अल्पसंख्यक अधिकारों पर पड़ने वाले प्रभाव पर चिंता जताई गई। कुल मिलाकर सीएए देशभर में गर्म विषय बना रहा। उस समय लोगों को सीएए के बारे में वास्तविक जानकारी भी नहीं थी और कई मौकापरस्त गलतफहमी पैदा कर सरकार को नीचा दिखाने में जुटे रहे। दरअसल, सीएए के जरिए पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता दी जानी है। यह उन लोगों के लिए आशा और खुशी लाता है, जो वर्षों से भारतीय नागरिक के रूप में पहचाने जाने का इंतजार कर रहे हैं। इसके लागू होने से लोगों का जीवन स्तर भी सुधरेगा, खासकर आश्रय लेकर शिविरों में जीवन व्यतीत करने वाले लोगों को काफी मदद मिलेगी। शरणार्थी अनिश्चित भविष्य का सामना करते हैं, लेकिन जब वे भारत के नागरिक बन जाएंगे, तो उन्हें भी देश में पहले से रह रहे लोगों की भांति सुख सुविधाएं मुहैया हो पाएंगी। अधिकतर लोग हिंदू शरणार्थी हैं, जो पाकिस्तान में उत्पीड़न से तंग आकर भागकर आए थे। कई वर्षों तक भारत में रहने के बावजूद उन्हें नागरिकता अधिकार प्राप्त करने के लिए संघर्ष करना पड़ा, लेकिन किसी भी सरकार ने उनकी दयनीय हालत पर ध्यान नहीं दिया। अब जबकि मोदी सरकार उनके लिए कुछ करने जा रही है तो विपक्ष फिर हल्ला कर रहा है, क्योंकि इससे उन्हें वोट बैंक फिसलने का खतरा पैदा हो गया है। नागरिकता संशोधन कानून के नियम लागू नहीं होने की वजह से कई शरणार्थी अधर में लटक हुए थे और भारतीय नागरिकता हासिल करने में भी असमर्थ थे, लेकिन जब सरकार ने कानून ही लागू कर दिया है तो अब शरणार्थियों को कोई ज्यादा दिक्कत नहीं रहेगी। वह जब चाहे भारत के नागरिक बन सकेंगे।

देश में पहले घुसपैठियों का मामला काफी समय से चर्चा में रहा। घुसपैठियों को देश से बाहर करने की दिशा में सबसे पहले असम में नैशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजंस यानी एनआरसी पर काम हुआ, लेकिन एनआरसी को लेकर विवाद यह हो गया कि बड़ी संख्या में ऐसे लोगों को भी नागरिकता की लिस्ट से बाहर कर दिया गया था, जो देश के असल निवासी हैं। ऐसे लोगों के समाधान के लिए सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून, 2019 बनाया। पहले किसी व्यक्ति को भारत की नागरिकता हासिल करने के लिए कम से कम पिछले 11 साल से यहां रहना अनिवार्य था, लेकिन इस नियम को आसान बनाकर नागरिकता हासिल करने की अवधि को एक साल से लेकर छह साल किया गया है। भारत के तीन मुस्लिम बहुसंख्यक पड़ोसी देशों से आए गैर मुस्लिम प्रवासियों पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश को नागरिकता देने के नियम को आसान बनाया गया है। खैर, सरकार के इस कदम की विपक्ष को छोड़कर बाकी सभी सराहना कर रहे हैं। कई जगह तो जश्न मनने भी शुरू हो गए हैं।

# भारत में उच्च शिक्षा और विकास का दशक



लेखक : प्रो. हिमांशु राय
आईआईएम इंदौर के निदेशक

भारत की प्रगति के चित्रपट में, बीता दशक उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव की कहानी का जीवंत सूत्रधार रहा है। यह अवधि बदलाव को दर्शाती है, जहां शैक्षणिक संस्थान केवल ज्ञान के मंदिर भर नहीं रहे, बल्कि शिक्षण और समाज को समान रूप से आकार देते हुए नवाचार की आजमाइश बन गए। वैश्विक स्तर पर हो रहे परिवर्तनों के बीच, भारत का उच्च शिक्षा क्षेत्र उत्तरोत्तर विकसित हो रहा है। धूप में कमल की तरह खिल रहा है। यह केवल संख्या में वृद्धि का ही नहीं, बल्कि क्षमता की जागृति का भी प्रतीक है, जो भविष्य को ज्ञान, कौशल और विजन के सूत्र से बुन रहा है। अब जबकि भारत विश्व के लिए मानव संसाधनों का सबसे बड़ा उत्पादक बनने की दिशा में क्रमिक रूप से आगे बढ़ रहा है, हम भविष्य के संभावित घटनाक्रमों का अनुमान लगाते हुए बीते दशक में उच्च शिक्षा के परिदृश्य में भारत की ओर से की गई प्रगति पर विचार करते हैं।

**संभावनाओं से भरपूर दशक की शुरुआत:** भारतीय उच्च शिक्षा परिदृश्य वर्ष 2013-14 में बड़े बदलाव की ओर अग्रसर होने के कारण एक अहम पड़ाव पर था। हालांकि उसकी प्रगति स्पष्ट थी, लेकिन पहुंच बढ़ाने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने और समावेशिता को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण चुनौतियां यथावत थीं। 18-23 वर्ष आयु वर्ग के लिए लगभग 23 प्रतिशत सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) के साथ पहुंच और नामांकन सीमित थे, जिनसे नितांत क्षेत्रीय असमानताएं एवं सामाजिक-आर्थिक बाधाएं प्रकट होती थीं। 723 विश्वविद्यालयों और 36,634 कॉलेजों सहित संस्थागत परिदृश्य, बुनियादी ढांचे की बाधाओं से विशेष कर ग्रामीण क्षेत्रों में जूझ रहा था। वित्त पोषण एक और महत्वपूर्ण मुद्दा था। जीडीपी के 3.84 प्रतिशत के कुल शैक्षिक व्यय में से उच्च शिक्षा को सीमित आवंटन प्राप्त हो रहा था।

यद्यपि एमओओसी जैसी डिजिटल पहल (एनपीटीईएल के एक प्रमुख उपलब्धि होने के नाते) उभर चुकी थी, लेकिन असमान इंटरनेट कनेक्टिविटी और ढांचागत चुनौतियों के कारण उसकी पहुंच सीमित थी। ऑनलाइन शिक्षा, हालांकि संभावनाएं दर्शा रही थी, लेकिन मुख्य धारा के शिक्षण अनुभवों में पूर्ण एकीकरण के सामर्थ्य के साथ वह अपनी प्रारंभिक अवस्था में थी। इन चुनौतियों के बावजूद, वर्ष 2013-14 आत्मनिरीक्षण और सुधार का दौर भी रहा। इसने भविष्य में आगे बढ़ने की महत्वपूर्ण प्रेरणा का कार्य किया, जहां भारतीय उच्च शिक्षा पहुंच के अंतर को पाटने, गुणवत्ता बढ़ाने और परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकियों को अपनाने का प्रयास करेगी। प्रमुख सुधार और पहल: 2014 के बाद के वर्ष भारतीय उच्च शिक्षा को परिवर्तनकारी पथ पर आगे बढ़ाने की दिशा में हुए ठोस प्रयासों के साक्षी रहे। शिक्षा तक पहुंच को व्यापक बनाने, उसकी गुणवत्ता बढ़ाने और तकनीकी प्रगति को अपनाने के प्रति लक्षित सुधारों और पहलों ने इस परिदृश्य को नया आकार दिया।

नए विश्वविद्यालयों और कॉलेजों की विशेषकर वंचित क्षेत्रों में स्थापना से संस्थागत नेटवर्क में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई। साथ ही श्रेयस योजना, प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा योजना, सब्सिडी के माध्यम से छात्र ऋण को किफायती बनाने के प्रयास (केंद्रीय क्षेत्र ब्याज सब्सिडी योजना 2009 को मजबूत करना) और क्रेडिट गारंटी फंड आवंटन (सीसीएफ योजना 2015) करने आदि जैसे लक्षित छात्रवृत्ति कार्यक्रमों के साथ हाशिये पर मौजूद समुदायों तक इस पहुंच का विस्तार हुआ और देश भर में महत्वकांक्षाओं को प्रेरणा मिली।

एआईएसएचई वर्ष 2021-22 के अनुसार, उच्च शिक्षा में नामांकन वर्ष 2014-15 में 3.42 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 4.33 करोड़ हो गया। जीईआर वर्ष 2014-15 में 23.7 से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 28.4 हो गया, महिला जीईआर वर्ष 2014-15 में 22.4 से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 28.5 हो गया। इस विस्तार के परिणामस्वरूप लाखों युवा उच्च शिक्षा में प्रवेश कर रहे हैं, जिसमें पहले से कम प्रतिनिधित्व वाले समूहों के प्रतिनिधित्व में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 एक परिवर्तनकारी रोडमैप के रूप में उभरी है, जिसमें बहु-विषयक शिक्षा, कौशल विकास और उद्योग भागीदारी पर जोर दिया गया है। इस मूलभूत बदलाव का उद्देश्य स्नातकों को उपयुक्त कौशल से लैस करना और तेजी से विकसित हो रहे नौकरी बाजार में रोजगार क्षमता को बढ़ावा देना है। केवल मेट्रिक्स के संदर्भ में ही नहीं, बल्कि एनईपी ने, भारत में शिक्षा परिदृश्य को मौलिक रूप से फिर से परिभाषित करने के अपने प्रयासों की बदौलत इस क्षेत्र में हितधारकों के भीतर प्रेरणा और उत्थान की भावना जगाई है।

विश्वविद्यालयों ने पाठ्यक्रम में संशोधन को अपनाया, लचीली क्रेडिट प्रणाली, पसंद-आधारित पाठ्यक्रम और उद्योग के अनुरूप विशेषज्ञता की शुरुआत की। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों प्रकार के अग्रणी संस्थानों के साथ सहयोगपूर्ण अनुसंधान संबंधी पहल समृद्ध हुई, जिससे वैश्विक मंच पर भारत के अनुसंधान आउटपुट को बढ़ावा मिला। शिक्षक एवं शिक्षण पर पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय मिशन, गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम, नेशनल मिशन ऑन मेंटरिंग, अटल एफडीपी आदि जैसे शिक्षक प्रशिक्षण प्रयासों का संकाय विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। स्वयं (जिसे वर्ष 2016 में पाठ्यक्रमों के संदर्भ में विस्तारित और समृद्ध किया गया) और एमओओसी जैसे डिजिटल शिक्षा प्लेटफार्मों के उदय ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच में क्रांति ला दी। ऑनलाइन डिग्री कार्यक्रमों ने विकल्पों का और अधिक विस्तार किया। राष्ट्रीय डिजिटल विश्वविद्यालय की स्थापना परिवर्तनकारी हो सकती है। देश भर में इंटरनेट कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने पर केंद्रित 'डिजिटल इंडिया' और 'भारतनेट' जैसी पहल ने डिजिटल शिक्षण उपकरणों को व्यापक रूप से अपनाने का मार्ग प्रशस्त किया। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भारत की प्रगति उसके प्रभावशाली अनुसंधान आउटपुट और नवाचार से भी जाहिर होती है। जैसा कि यूएस नेशनल साइंस फाउंडेशन की 2022 की रिपोर्ट में कहा गया है कि वैज्ञानिक प्रकाशनों के क्षेत्र में भारत 2010 में वैश्विक स्तर पर सातवें स्थान से लंबी छलांग लगाते हुए वर्ष 2020 में तीसरे स्थान पर रहा। वर्ष 2017 और वर्ष 2022 के बीच अनुसंधान आउटपुट में 54 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो वैश्विक औसत से अधिक रही। इस अवधि में 1.3 मिलियन अकादमिक पेपर और 8.9 मिलियन उद्धरण देखे गए। नवाचार में वर्ष 2016-17 से वर्ष 2020-21 तक पेटेंट फाइलिंग में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

**निष्कर्ष :** बीते दशक में भारत के उच्च शिक्षा क्षेत्र ने केवल वैश्विक प्रवृत्तियों के साथ तालमेल ही नहीं बनाए रखा है, बल्कि अकसर उनका मार्ग भी प्रशस्त किया है।

## नजरिया

# उत्तर प्रदेश में भाजपा के जातीय समीकरण के सामने विपक्ष पस्त



लेखक : आशीष वशिष्ठ
स्वतंत्र टिप्पणीकार

एक पुरानी राजनीतिक कहावत है कि दिल्ली का रास्ता लखनऊ से होकर जाता है। कहते हैं यहां पर जिसने जितनी सीटें जीतीं, उसके लिए नई दिल्ली तक पहुंचने का रास्ता उतना ही आसान हुआ। उत्तर प्रदेश में विजय का परचम लहराने के लिए जातियों की समझ ही सब कुछ है। यहां विकास के नाम पर वोट भी तभी मिलता है, जब जातियों को सही तरह से साधा जाए।

बात चाहे ओबीसी की हो, मुस्लिम की हो या सवर्ण समाज को साधने की, सभी का उत्तर प्रदेश की सियासत में अहम योगदान रहता है। यहां के बारे में एक कहावत चर्चित है कि यहां वोटर नेता को वोट नहीं देते, बल्कि जाति को देते हैं। जाहिर है कि सबसे ज्यादा 80 लोकसभा सीट वाले उत्तर प्रदेश पर हर पार्टी की नजर है। जाति, धर्म और वर्ग के आधार पर अपने-अपने वोट बैंक को दुरुस्त करने के लिए खास रणनीति बनाई जा रही है। इस मद्देनजर जो एक कम्युनिटी प्रदेश की हर राजनीतिक पार्टी की नजर में है, वह ओबीसी समुदाय है।

भारतीय जनता पार्टी को साल 2014, 2019 के लोकसभा चुनाव में और साल 2017 तथा 2022 के विधानसभा में अच्छी-खासी संख्या में ओबीसी वोटर्स का साथ मिला। सपा की नीतियों से असंतुष्ट ओबीसी समुदाय ने भाजपा का दामन थामा। भाजपा अपने इस समर्थन को आने वाली लोकसभा चुनाव में बरकरार रखना चाहती है। भारतीय जनता पार्टी ओबीसी वोटर्स में अपना जनाधार बढ़ाने के लिए तमाम तरह के जतन कर रही है। इसका मकसद गैर-यादव पिछड़ी जाति के लोगों को लामबंद करना है। इसके अलावा ओम प्रकाश राजभर को एनडीए में लाना भाजपा की ओबीसी नीति का ही नतीजा है। संजय निषाद और अनुप्रिया पटेल पहले से ही भाजपा के साथ हैं।

आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा हिंदुत्व-राष्ट्रवाद के साथ सामाजिक समीकरण साधने पर भी पूरा जोर दे रही है। इस बार भाजपा के साथ अपना दल (एस), सुभासपा, निषाद पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल हैं। उत्तर प्रदेश में इस बार आम चुनाव में लड़ाई त्रिकोणीय नजर आ रही है। ओबीसी, दलित, ब्राह्मण, ठाकुर, कायस्थ और अन्य जातियों का झुकाव साफ तौर पर भाजपा की ओर दिखाई दे रहा है।

## लघुकथा — सामंजस्य

*जब आहत हृदय*
*श्मशान बन जाए तो*
*उसमें लाशें नहीं*
*भावनाएं राख हुआ करती हैं।*
*जब विश्वासी हृदय में*
*बिखराव आ जाए तो*
*अपने और पराए नहीं*
*बस मौन रहा करता है।*
*जब वेदिती हृदय*
*राख बन जाए*
*सुख और दुख नहीं*
*बस स्थिरता रहती है।*
*जब खंडित हृदय*
*अखंडित हो जाए तो*
*उसमें आह और वाह नहीं*
*बस जीवन की चाह रहती है।*



डॉ. राजीव डोगरा
(युवा कवि व लेखक)
गांव जनयानकड़
कांगड़ा, हि.प्र.

# भारत की मुक्त व्यापार के लिए दूरगामी सोच, दुनिया के कई देश आ रहे साथ



लेखक : डॉ. मयंक चतुर्वेदी
हिंदुस्थान समाचार

भारत इस समय दुनिया के तमाम देशों के साथ आर्थिक क्षेत्र में कदम से कदम मिलाकर चल रहा है और एक देश के बाद दूसरे देश के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करने में सफल हो रहा है। भारत की इस सफलता ने आज देश में शुरू हुए स्टार्टअप्स को एक नई उड़ान दे दी है। ये समझौते मेक इन इंडिया को बढ़ावा देन वाले तथा युवा एवं प्रतिभाशाली श्रमबल को अनेक नए अवसर प्रदान कर रहे हैं। इस दिशा में भारत-यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौता (टीईपीए) पर हस्ताक्षर भारत की आर्थिक क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि मानी जाएगी।

इससे पूर्व भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच व्यापक आर्थिक भागीदारी के समझौते पर दस्तखत किए गए। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 60 अरब डॉलर सालाना से बढ़ाकर अगले पांच वर्षों में 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया। सेवाओं का व्यापार 15 अरब डॉलर पहुंचाने का लक्ष्य सुनिश्चित किया गया है। वाणिज्य मंत्रालय का यह आंकड़ा भी है कि भारत के कपड़ा, दवा, जवाहरात, गहनों और प्लास्टिक के उत्पादों, ऑटो और चमड़ा, प्रोसेस्ड कृषि और डेयरी उत्पादों, हस्तशिल्प, फर्नीचर, खाद्य और पेय पदार्थों, इंजीनियरिंग जैसे ज्यादा श्रम वाले उद्योगों में 10 लाख नए रोजगार पैदा होंगे। इसी तरह से भारत के सबसे महत्वपूर्ण एफटीए भारत के पूर्व में स्थित देशों आसियान, जापान, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया के साथ हैं। इसके परिणाम स्वरूप आज प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से देश की कुल जनसंख्या में से करोड़ों लोगों को रोजगार मिला हुआ है। वस्तुत: मोदी सरकार जिस तरह से एक-एक योजना पर गहराई से कार्य कर रही है, उसे देखते हुए अब लगने लगा है कि वह दिन दूर नहीं, जब भारत दुनिया की दूसरी अर्थव्यवस्था जल्द ही बन जाए। एक-एक बिंदु पर कार्य की गहराई इसी से समझी जा सकती है कि पिछले 16 साल की मशक्कत के बाद सरकार ने यूरोपीयन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के साथ ट्रेड एंड इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट (टेपा) करने में सफलता प्राप्त की है। यानी कि पिछले 10 साल कांग्रेस की सरकार जो करके नहीं दिखा पाई, उसे लोकसभा चुनाव के पूर्व मोदी सरकार लगातार के अपने प्रयासों के परिणाम स्वरूप करने में सफल हो गई।

देश में आज हर रोज हजारों नए व्यापारिक प्रतिष्ठान खुल रहे हैं, कंपनियों द्वारा बनाए माल की खपत यदि नहीं होती है तो कंपनी को दिवालिया होने से कोई रोक नहीं पाता, ऐसे में हर कंपनी को उसकी निर्माण वस्तु के हिसाब से मार्केट मिले यह आवश्यक है। आज यह अच्छी बात है कि केंद्र की भाजपा सरकार इस कार्य को पूरा करती हुई दिखाई दे रही है।

# बच्चों के हाथों में स्मार्टफोन थमाने से करें परहेज



सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

पंजाब राज्य के जिला गुरदासपुर में एक तीन साल की बेटी के हाथों में स्मार्टफोन उस समय फट गया, जब वह वीडियो देख रही थी। इस दुखद घटना में बेटी की टांगें झुलस गईं। बच्चों के अभिभावकों को इस दुखद घटना से सबक लेकर अपने बच्चों के हाथों में स्मार्टफोन थमाए जाने से परहेज करना बहुत जरूरी है। स्माटफोन की बैटरी कब फट जाए, इसकी कोई गारंटी नहीं है।

लोग आंखें बंद करके जरूरत से कहीं अधिक समय मोबाइल फोन को चार्जिंग पर लगाकर रखते हैं, नतीजतन बैटरी अत्यधिक हीट होकर कभी भी फट सकती है। फोन चार्जिंग में लगाकर बात करने से उसमें रेडियशन की मात्रा कहीं अधिक बढ़ जाती है और इससे उसके फटने के चांस बढ़ जाते हैं। इंसान काम की वजाए स्मार्टफोन पर सदैव चिपके रहने से बुढ़ापे की ओर अग्रसर हो रहा है। माना कि जन संचार क्रांति ने पूरे विश्व को एक माला में पिरोकर जरूर रख दिया है। आजकल डिजिटल युग में कुछ ही मिनटों में कहीं भी किसी से संपर्क साधा जा सकता है।

आधुनिक युग में इंसान को जन संचार की जितनी सहूलियतें मिल रही हैं, ठीक उतने ही नुकसान भी झेलने के लिए तैयार रहना होगा। स्मार्टफोन की वजह से इंसान के शरीर पर दुष्प्रभाव अधिक पड़ रहे हैं। चौबीस घंटे स्मार्टफोन पर चिपके रहने से लोगों के संपर्क जरूर बढ़ते हैं, मगर इस लत की बजह से त्वचा और आंखों को भारी नुकसान पहुंच रहा है। फिलहाल बहुत कम लोग ऐसा विश्वास कर रहे हैं। आजकल लोगों की एकांत में स्मार्टफोन पर व्यस्त रहने की सभी की आदत बन चुकी है। बच्चों से लेकर बुजुर्ग स्मार्टफोन के दीवाने हैं। देर रात तक स्मार्टफोन चलाने वाले अपना सही से खानपान भी नहीं कर पा रहे हैं।

अंधेरे में स्मार्टफोन चलाने की वजह से त्वचा संवेदनशील बन जाती है, नतीजतन इंसान समय से पहले ही बूढ़ा दिखना शुरू हो जाता है। चेहरे पर झुर्रियां लोगों को पहले धूप में रहने की बजह से बनती थीं, मगर अब स्मार्टफोन ही इसका मुख्य कारण माना जा रहा है।

आंखों के नीचे कालापन आने की वजह से ऐसा प्रतीत होता मानों इंसान किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित हो। मोबाइल का लगातार इस्तेमाल करने से वह गर्म होकर और भी अधिक घातक बन जाता है। आंखों में खिंचाव महसूस होना, आंखों में पानी आना, दर्द होना, धुंधला दिखना, आंखों का लाल होना इसके शुरुआती लक्षण हैं। मोबाइल के ज्यादा प्रयोग से सिरदर्द, घबराहट और चिड़चिड़ापन की समस्या भी हो सकती है। स्मार्टफोन को लोग गर्दन झुकाकर लंबे समय तक इस्तेमाल करते हैं। नतीजतन लोग मानसिक तनाव के शिकार हो रहे हैं और आपसी रिश्ते तक खराब कर रहे हैं। गर्दन नीचे की तरफ करके स्मार्टफोन चलाने से इंसान के शरीर में रक्तचाप का संचालन ठीक प्रकार से नहीं हो पाता है। इस वजह से मोबाइल प्रेमियों में गर्दन, कमर, बाजू और शरीर के जोड़ों में लगातार दर्द रहना आम बात बन गई है।

एक समय ऐसा था कि लोग सुबह उठकर योग, अभ्यास किया करते थे। आज इस कदर मोबाइल व अन्य कामों में व्यस्त हो चुके हैं कि अपना सही रहन-सहन, खानपान भी भूलते जा रहे हैं। गांवों में कई तरह की खेलकूद प्रतियोगिताएं युवाओं को स्वस्थ बनाकर रखती थीं। आज का युवा अब खेलकूद भी बिस्तर में बैठकर सिर्फ स्मार्टफोन, लैपटॉप और कंप्यूटर पर करके अपने को तंदरुस्त मान रहा है। अक्सर लोग खेतीबाड़ी करके अपने शरीर का पसीना बहाकर वर्षों तक स्वस्थ रहते थे। किसान खेतीबाड़ी से विमुख होकर सिर्फ उचित मूल्यों की दुकानों से मिलने वाले सस्ते राशन पर ही निर्भर होकर रह गया है। गर्मी से बचने के लिए अक्सर एयर कंडीशनर के सहारे रहना भी अब स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने के बराबर है। एयर कंडीशनर की वजह से लोगों का शरीर भी निर्जीव बनता जा रहा है। एयरकंडीशनर की शीतल हवा नसों में बहते रक्त को जाम करने का काम करती है। अगर रात भर इंसान एक ही तरफ नींद में सोया रहे तो हृदयघात होने के चांस भी कहीं अधिक बढ़ जाते हैं। योग, अभ्यास से विमुख लोगों के शरीर में रक्त गाढ़ा हो जाता है, जिस कारण वे कई तरह की बीमारियों से ग्रसित बन जाते हैं।

स्मार्टफोन को अब जेब में रखना भी जोखिम से कम नहीं है। मोबाइल की अधिकतर बैटरी चीन से नकली बनकर आ रही है, जो जल्दी गर्म होकर फट जा रही है। डिजिटल टच स्क्रीन का अधिक उपयोग, एयर कंडीशनर में अधिक समय गुजारना, योग अभ्यास, खेतीबाड़ी किए जाने से विमुख रहने वाले लोग आखिर फिर किस तरह स्वस्थ रहने की कामना कर सकते हैं। स्वस्थ रहने के लिए जरूरी है कि स्मार्टफोन का बहुत कम समय तक प्रयोग किया जाए।

# आज की जीवनशैली निष्क्रियता की ओर अग्रसर



लेखक : ठाकुर तारा
समाजशास्त्री, सुंदरनगर

आज की जीवनशैली निष्क्रियता की ओर अग्रसर है। बॉडी मास इंडेक्स के मानक में शरीर के फिट नहीं बैठने से यह मोटापा अनियंत्रित डीलडौल शरीर के रूप में स्वास्थ्य को लगातार बिगाड़ सकता है। पहले बच्चे घर से बाहर खेलकूद एवं उछलकूद करते थे, लेकिन आज के अभिभावक बच्चों को मिट्टी, खेल मैदान से दूर रखकर घर के बंद कमरों में ही घंटों एक स्थान पर इंडोर खेलों को बढ़ावा दे रहे हैं, जो शरीर को अस्थिर कर शरीर के क्रमिक विकास के लिए घातक है। खेलने से बच्चों के हर एक अंग की गतिविधि सक्रिय होती है। इसमें हड्डियों का व्यायाम, पेट का व्यायाम, मांसपेशियों की मजबूती इत्यादि शामिल है।

मोबाइल फोन पर वीडियो गेम खेलने से अनेक शारीरिक विकारों को बढ़ावा मिलता है। एक ओर जहां प्रतिस्पर्धा के इस माहौल में अभिभावकों को बच्चों से शैक्षणिक सत्र के साथ-साथ प्रत्येक वर्ष परीक्षा के परिणामों के रूप में उच्च अंकों की अभिलाषा की अपेक्षा रहती है, इसलिए बच्चों के ऊपर हम छोटी सी उम्र में ही मानसिक दबाव डालकर इतनी कम उम्र में उनका बचपन नष्ट कर देते हैं। यह आशा आगे चल कर फिर कई विकारों को जन्म देती है। राजस्थान के कोटा जैसे शहरों में लाखों बच्चे अभियांत्रिकी, चिकित्सा के क्षेत्र में प्रारंभिक प्रवेश की परीक्षा की तैयारी करने आते हैं। इसमें से हर महीने बहुत से बच्चे परीक्षा की तैयारी के दबाव, माता-पिता के लादे व देखादेखी के जबरदस्ती के थोपे गए सपनों के अनुरूप इस परीक्षा में असमर्थ होने पर अपनी जीवनलीला समाप्त कर रहे हैं।

ये बच्चे नियमित खेल या शारीरिक गतिविधियों की तरफ सलग्न नहीं रहते। पढ़ाई के लगातार 18 से 19 घंटे इन्हें मानसिक रोगी बना देते हैं, जो बच्चे खेलने में सक्रिय होते हैं, उन्हें तनाव अपने दुष्चक्र में नहीं फंसा पाता। ऐसी कामयाबी का कोई मतलब नहीं, जो बच्चों के जीवन से खिलवाड़ करें और उनके जीवन को ही समाप्त कर दें। जीवन में कामयाब होने के साथ-साथ आज के परिदृश्य से शारीरिक रूप से तंदुरुस्त रहना अति आवश्यक है। स्वास्थ्य के मजबूत रहने से ही कठिन जीवन के लंबे उतार-चढ़ाव व विभिन्न प्रकार की बाधाओं को आसानी से पार पाया जा सकता है। सबसे बड़ा धन स्वास्थ्य ही है, सफलता बाद में है। वह तब है, जब आपका शरीर स्वास्थ्य की दृष्टि से उसे उपभोग कर सके। उपभोग से तात्पर्य आपके शरीर के हर अंग जिसमें आंखें हैं जो प्रकृति के हर बदलते स्वरूप को देखकर महसूस कर सके। हाथ पांव जिससे आप दौड़ सके भाग सकें और हर कार्य को अंजाम तक आसानी से पहुंचा सकें। आपका शरीर किसी की मदद तभी कर सकता है, जब आप पूर्ण रूप से उसे हर तरफ से आसानी से बिना दर्द के मोड़ सकें। अगर आप किसी पैदल यात्रा में चले जा रहे हैं, आपके पास सब कुछ है, आपके दोस्त भी आपके साथ है। दोनों जूते में से अगर एक जूते के भीतर यात्रा करते समय एक कंकर के घुसने से पांव को चुभने से जो दर्द महसूस होता है, तो आपका ध्यान बार-बार उस दर्द का कारण बने छोटे से कंकर के ऊपर जाएगा।

आप उस संपूर्ण रास्ते पर प्रकृति का आनंद नहीं ले पाएंगे। इसी अनुरूप आपका स्वास्थ्य है, जो गलत खानपान के कारण मोटापे को दर्शाता है। मोटापा बीमारी नहीं है, यह हमारी खराब दिनचर्या की देन है। नियमित रूप से कम से कम एक घंटा शारीरिक व्यायाम, जॉगिंग, पैदल चलना, स्ट्रैचिंग, योग अभ्यास, दंड बैठक, रस्सी कूदना, तैरना, साइकिल चलाना इत्यादि के द्वारा हम अपने शरीर को एक लंबे समय तक तंदुरुस्त और फिट रख सकते हैं। प्रत्येक घर में सर्वप्रथम अभिभावकों से ही इसकी शुरुआत होनी चाहिए। सारे कार्य को एक तरफ रख चौबीस घंटों में से मात्र एक घंटा यह प्रक्रिया करने से आपका बॉडी मास इंडेक्स में सुधार होकर, उच्च रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल, शुगर, तनाव, जोड़ों के दर्द, कमर दर्द, बाजू दर्द, आपसे कोसों दूर हो जाएंगे। अस्थिर जीवन के कारण दुष्कर बीमारियां अतिरिक्त धन खर्च कर, सिरहाने के पास रखे बड़े-बड़े दवाइयां के बंडल इसी शारीरिक अस्थिरता के परिणाम होंगे। इसी के साथ-साथ यह व्यायाम तभी आपके शरीर के मोटापे को कम कर आदर्श बनाने में सहायक सिद्ध होंगे, यदि आप फास्ट फूड चर्बी युक्त, वसा युक्त खाद्य पदार्थ वाले खान-पान से दूरी बनाकर रखेंगे। आप कम वसा वाले एवं मोटे अनाज को अपने भोजन में अपना सकते हैं।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।**
***editoranantgyaan@gmail.com***

## अपनी बात

**आज** हर घर के दूसरे युवा के पास बड़ी डिग्रियां हैं, महंगे कोर्स हैं और जो उसके पास नहीं है, वह नौकरी है। बड़ी डिग्रियां, महंगे कोर्स यह सारी मेहनत एक बेहतर नौकरी, बेहतर जिंदगी और बेहतर घर परिवार के सपने के लिए है। इन सपनों की राह में जो सबसे बड़ी नाकामी है, वह है बेरोजगारी। अब इसे सिस्टम की नाकामी कहा जाए, जनसंख्या में वृद्धि या फिर लगातार बढ़ती पढ़े-लिखे युवाओं की जनसंख्या, जिसने अच्छी नौकरी के ख्वाब पाल रखे हैं।

सरकारी नौकरी हर किसी के लिए संभव नहीं है। प्राइवेट सेक्टर में कहीं अच्छी संभावनाएं है, तो कहीं सैलरी और सिक्योर जॉब पर संकट है। आज के समय में निजी बिजनेस भी हर युवा के लिए संभव नहीं है। उसके लिए भी आर्थिकी मदद की दरकार होगी। हालांकि, सरकार ने स्वरोजगार के लिए कई योजनाएं केंद्र से राज्य लेवल तक की चलाई हैं, लेकिन उसके लिए हर युवा तैयार नहीं, क्योंकि कोई नौकरी ही करना चाहता है तो कोई बिजनेस। एक सिक्योर जॉब की तलाश भी बेरोजगारी का सबसे बड़ा कारण हैं, क्योंकि असुरक्षा का डर हमेशा युवाओं के मन में रहता है। ऐसे में सरकार के पास क्या सिस्टम होना चाहिए कि जो युवा प्राइवेट सेक्टर में जॉब कर रहे हैं, वहां वह सिक्योर हो और इस सिस्टम के लिए कानून स्पष्ट हो।

**- सुमित, हमीरपुर।**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# मनाली-केलांग मार्ग बहाली में हिमस्खलन बन रहे बाधा

## दो सप्ताह से बाधित है मनाली- केलांग सड़क, मरीज को स्ट्रेचर पर उठाकर पार करवाया हिमस्खलन क्षेत्र, ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी शुरू

**कमलेश वर्मा, केलांग**

लाहौल स्पीति सहित रोहतांग व अन्य उंचाई वाले क्षेत्रों में एक बार फिर से बर्फबारी शुरू हो गई है। दो दिन धूप खिलने के बाद सोमवार को मौसम के करवट बदलते ही रोहतांग, शिंकुला, बारालाचा सहित कुंजम दर्रे में भारी हिमपात का क्रम शरू हो गया है, जबकि लाहुल सहित मनाली के उंचाई वाले ग्रामीण क्षेत्रों में भी बर्फ के फाहे गिरने का क्रम शुरु हो गया है। रोहतांग दर्रे सहित सभी दर्रो में आधा फीट तक बर्फबारी हुई है। धुंधी व गुलाबा व अंजनी महादेव में भी बर्फ गिर रही है।

लाहुल स्पीति के दारचा, जिस्पा, योचे, रारिक छिका, कोकसर, सिस्सू, गोंदला, नेंनगाहर जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में भी बर्फ के फाहे गिरने क्रम शुरु हो गया है। उधर, जिला कुल्लू के निचले क्षेत्रों में जहां दिन को आंधी तूफान चला वहीं, शाम के समय बारिश का दौर शुरू हो गया है। उधर, बीआरओ के लिए हिमस्खलन फिर से बाधा बन गया। सोमवार को सोलंगनाला से धुंधी के बीच हिमस्खलन हो गया, जबकि दोपहर बाद लाहौल के तेलिंग नाले में हुए हिमस्खलन ने बीआरओ की दिक्कत बढा दी। हिमस्खलन के चलते सोमवार को भी केलंग मनाली के बीच ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु नहीं हो पाई है। हालांकि बीआरओ ने रात दिन मेहमत कर मार्ग लगभग बहाल कर दिया है लेकिन फिर से हुए हिमस्खलन ने राहगीरों की मुश्किल बढा दी। मनाली से लाहौल की ओर गए वाहन भी टनल के नार्थ पोर्टल तक ही जा पाए। टनल से सिस्सू की ओर लोगों को पैदल चलना पड़ा।



मरीज को पुलिस जवान स्ट्रेचर में उठाकर अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल की ओर ले जाते हुए।

बर्फबारी के कारण पिछले करीब दो सप्ताह से मनाली- केलांग सड़क मार्ग बाधित है, जिस कारण यहां से मरीजों को जिला से बाहर ले जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तीन मरीजों को जहां दो दिन पहले प्रदेश सरकार की ओर से भेजे गए वायुसेना के हेलीकॉप्टर के माध्यम से कुल्लू पहुंचाया गया था

वहीं, गोहरमा गांव में पिछले दिनों बर्फ में गिर जाने के कारण टांग में फैक्चर होने के कारण कुल्लू के लिए रेफर किया था लेकिन उन्हें हेलीकॉप्टर से ले जाना मुश्किल था इसलिए उन्हें सोमवार को गांव से अटल टनल तक स्टेरच के माध्यम से पुलिस जवानों ने बर्फ के बीच में उठाकर हिमस्खलन क्षेत्र पार करवाया पहुंचाया और वहां से एंबुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए कुल्लू लाया गया।

### आज मनाली-केलांग मार्ग खुलने की उम्मीद

**अगर** मौसम साफ रहा तो मंगलवार सुबह वाहनों के आर पार होने की उम्मीद है। 29 फरवरी को भारी बर्फबारी का क्रम शुरु होने से लाहौल घाटी का मनाली से संपर्क कट गया था। 11 दिन बीत जाने के बाद भी इस मार्ग पर ट्रेफिक व्यवस्था सुचारू नहीं हो पाई है। केलांग से अटल टनल के नार्थ पोर्टल तक पांच जगह आए हिमस्खलन ने बीआरओ की भी कड़ी परीक्षा ली है। यह हिमस्खलन माइनस तापमान के चलते पत्थर की तरह ठोस हो गया था जिस कारण बीआरओ को मशीनरी के साथ-साथ मैनुअली भी काम करना पड़ा है। बीआरओ की माने तो मंगलवार को मनाली केलंग मार्ग पर ट्रैफ़िक सुचारू हो

> केलांग से लेकर गोंधला तक सड़क एक तरफा छोटे वाहनों के लिये तथा गोंधला से लेकर तेलिंग नाला तक दोनों तरफ की आवाजाही के लिये खोला गया है। लोगों की सुविधा को देखते हुए यातायात को सुचारू रुप से चलाने के लिये समय का निर्धारण किया गया है। केलागं से लेकर तेलिंग नाला तक सुबह से दिन के एक बजे तक एकतरफा वाहनों की निकासी के लिये तथा एक बजे के बाद तेलिंग नाला से केलांग के लिये खुला रहेगा। सभी से अनुरोध है कि उपरोक्त निर्धारित समयावधि को ध्यान में रखकर ही यात्रा करें
>
> **-मयंक चौधरी, पुलिस अधीक्षक, लाहौल स्पीति**

# कटराईं विपणन सोसायटी में हुआ सात लाख का गबन : शाम ठाकुर

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**



गबन की जानकारी देते निदेशक शाम ठाकुर व अन्य।

कटराईं विपणन सोसायटी में आरोप-प्रत्यारोप का क्रम जारी है। सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान में सोसाइटी के निर्वाचित निदेशक शाम ठाकुर ने बताया कि कुछ दिन पूर्व एक अन्य पूर्व अध्यक्ष ने मिडिया के माध्यम से जो आरोप लगाए वे सभी निराधार हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व अध्यक्ष सेवा के बजाय मेवा खाने के चक्कर में पात्रता न होने पर भी जोर जबरदस्ती से सोसाइटी के अध्यक्ष पद पर काबिज हो चुके हैं साथ ही महज ग्यारह महीने में ही उसने सोसाइटी के भवन को गिराने की एवज में सात लाख का गबन कर डाला।

उन्होंने कहा कि आरटीआई से प्राप्त जानकारी में सात लाख की निविदा का तो खुलासा हुआ लेकिन निविदा से प्राप्त राशि को सोसायटी के चार खातों में डालकर जाने कहां गबन कर दिया। वहीं अपने लड़के को सोसाइटी में नौकरी देने के आरोप पर शाम ठाकुर ने कहा कि प्रस्ताव पारित करने के बाद नियमों का पालन कर ही यह काम किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि बैंकों में देनदारी होने के चलते पूर्व अध्यक्ष चुनाव लड़ने की पात्रता खोने के बावजूद चुनाव लड़ने पर आमादा थे।

शाम ठाकुर ने कहा कि इस मामले को निर्णायक स्थिति तक पहुंचाने के लिए अब उन्होंने गेंद विजिलेंस के पाले में डाल दी है। इस दौरान कटराईं विपणन सोसाइटी के निर्वाचित निदेशक सुंदर कटोच भी मौजूद रहे।

# सूचना प्रौद्योगिकी का विवेकपूर्ण इस्तेमाल करना आवश्यक : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

**बचत भवन में आस-पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम आयोजित**

नेहरू युवा केन्द्र ने कुल्लू के ढालपुर में स्थित बचत भवन में आयोजित आस पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम में उपायुक्त तोरूल एस रवीश ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर उपायुक्त कुल्लूने अपने संबोधन में कहा कि कुल्लू में पुरातन एवं नवीन संस्कृति का समन्वय देखने को मिलता है, जोकि बेहतर समाज के निर्माण के लिए एक शुभ संकेत है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में सूचना प्रौद्योगिकी के विस्तार से सूचना का विस्फोट बढ़ा है, जिसके कुछ दुष्परिणाम भी सामने आ रहे हैं, इससे हमारी एकाग्रता में कमी आ रही है और इसके लिए सूचना प्रौद्योगिकी का विवेकपूर्ण इस्तेमाल करने की आवश्यकता है। उपायुक्त ने बताया कि सबसे अधिक महत्वपूर्ण यह है कि परिश्रम का कोई भी विकल्प नहीं, इसलिए परिश्रम से हमें बिलकुल नहीं बचना चाहिए। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने जीवन में बेहतर करियर निर्माण में पॉजिटिव सेल्फ टॉक, गोल्डन रूल ऑफ टेन थाउजेंड हवर्स तथा मेंटल विजुअलाइजेशन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

युवा संसद में प्रो. डा खेम ठाकुर ने भारत दृष्टि 2047 पर अपने विचार व्यक्त किए। परिष्टि ठाकुर ने गौरवशाली भारत विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में जिला क्रीड़ा अधिकारी कविता ठाकुर, विभिन्न समाजसेवी, जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए युवा, टीम सहभागिता के बीजू ठाकुर तथा अन्य सदस्य, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# उड़नदस्ते ने पैदल तय किया 18 किलोमीटर का जोखिम भरा सफर

**सैंज।** इन दिनों जिले के सभी सरकारी स्कूलों में बोर्ड की परीक्षाएं हो रही है। इन परीक्षाओं में किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी न हो इसके लिए निरीक्षण के लिए उड़नदस्ते की टीमें जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में औचक निरीक्षण कर परीक्षा संबंधी सभी जरूरी इंतजामों को करीब से परख रहे हैं। सोमवार को सैंज खंड की उड़न दस्ते की टीम ने 8वीं कक्षा की परीक्षाओं का निरीक्षण करने के लिए कुल्लू जिला के सबसे दुर्गम विद्यालय में शुमार राजकीय माध्यमिक विद्यालय शाक्टी पहुंचे। राजकीय उच्च विद्यालय सिंहण के मुख्याध्यापक नरेश धीमान व उनके साथ राजकीय माध्यमिक पाठशाला दुशाहड़ के अध्यापिका अंजू बाला ने करीब 18 किलोमीटर पैदल चलकर परीक्षा केंद्र शाक्टी का निरीक्षण किया।

मुख्याध्यापक नरेश धीमान ओर अध्यापिका अंजू बाला ने बताया कि इससे पहले उन्होंने रैला, भूपन ब्रेहिण, शैंशर, सैंज रुआड़ आदि स्कूलों में भी औचक निरीक्षण कर स्कूलों में चल रही परिक्षाओं ओर परिस्थितियों का जायज़ा लिया। उन्होंने शाक्टी स्कूल के बारे में बताते हुए कहा कि निरीक्षण के लिए किया गया ये दौरा हमेशा याद रहेगा क्योंकि यहां पहुंचना किसी भी सूरत में खतरे से खाली नहीं था क्योंकि अभी कुछ महीने पहले ही बाढ़ से यहां का रास्ता क्षतिग्रस्त हो गया था। विपरीत परिस्थितियों और जोखिम भरे रास्ते के बावजूद उड़न दस्ते की टीम की टीम ने पैदल ही इतने दूर सफर को तय कर निरीक्षण करने के लिए पहुंचे।

# अस्पताल में परेशान मरीज बोले- सरकार डॉक्टरों की मांगों का निकाले समाधान

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**



पेन डाउन स्ट्राइक पर कुल्लू क्षेत्रीय अस्पताल के सभी चिकित्सक।

एक तरफ चिकित्सकों की मांग दूसरी तरफ मरीजों को आस और ऐसे में सरकार का अड़ियल रवैया मरीजों को बहुत भारी पड़ रहा है। सोमवार को पेन डाउन स्ट्राइक का पालन कर रहे चिकित्सक जहां अपनी मांगों को लेकर एकजुट और एक मत दिखे वहीं मरीजों में चेहरे पर निराशा और परेशानी के भाव साफ दिख रहे थे।

क्षेत्रीय अस्पताल में इलाज के लिए आए मरीज अढाई घंटे के इंतजार को जैसे तैसे काट कर ओपीडी के बाहर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं मगर यहां पर भी इंतजार करना पड़ रहा है। अस्पताल में आए चेकअप के लिए आए खरहाल के वीर चंद, सुल्तानपुर के रोशन, लाहौल से आए शमशेर, रायसन से आए प्रेम लाल ओर डाबे राम, लग वैली से आये भिमी देवी, टीकम राम ओर सोहन लाल ने प्रदेश सरकार को कोसते हुए कहा कि सरकार मरीजों के दु:ख दर्द को भूल गई है।

उन्होंने कहा कि चिकित्सक के बिना किसी भी मरीज का इलाज कैसे होगा ये तो सरकार को सोचना चाहिए और कम से कम चिकित्सकों के साथ बैठ कर बात तो करो। सभी ने एक स्वर में कहा कि हम मरीजों ने सरकार का क्या बिगाड़ा है जो हम रोज अस्पताल में परेशानी का सामना कर रहे हैं। बबेली से आए दिलीप और फोजल गांव से आए ठाकुर दास ने भी गुस्सा जाहिर करते हुए कहा कि हम अपने घर से सुबह सवेरे अस्पताल के लिए आते हैं और यहां पर सारे चिकित्सक 12 बजे तक तो हड़ताल पर होते हैं ऐसे में हमारा सिर्फ चेकअप ओर टेस्ट में ही पूरा दिन निकल जाता है तो अगले दिन फिर से आना पड़ता है इस तरह से जो चेकअप ओर टैस्ट एक दिन में हो सकता है उसके लिए 2 दिन लग जाते हैं, जोकि हमारे लिए मुश्किल भरा हो जाता है, अब तो सरकार को चिकित्सा के मामले को तो गंभीरता से लेना चाहिए।

दूसरी तरफ चिकित्सक भी अपनी मांगों के लिए पीछे हटने को तैयार नहीं है। ऐसे हालातों में अस्पतालों में आए दिन इस मरीजों को ही सरकार और चिकित्सकों की खींचतान का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। पेन डाउन स्ट्राइक के 21 दिन पूरे हो चुके हैं मगर सरकार की ये चुप्पी जनता के लिए परेशानी पैदा कर रहा है।

# हिमाचल की चारों लोकसभा सीटों से चुनाव लड़ेगी हिमाचल जनता पार्टी : महेश सैणी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**





हिमाचल जनता पार्टी के राज्य उपाध्यक्ष एवं मंडी लोकसभा क्षेत्र के पार्टी उम्मीदवार महेश सैणी पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए, साथ ही अन्य गणमान्य ।

हिमाचल जनता पार्टी के राज्य उपाध्यक्ष एवं मंडी लोकसभा क्षेत्र के पार्टी उम्मीदवार महेश सैणी ने कहा है कि पार्टी हिमाचल की सभी चारों सीटों से लोकसभा चुनाव लड़ेगी। सोमवार को कुल्लू के गौड़ निवास में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश की खुशहाली के लिए कोई भी राजनीतिक दल सही से काम नहीं कर रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार ने महिलाओं को 1500 रुपए मासिक देने के की बात कि है, लेकिन सरकार के पास उन्हें देने के लिए धन ही उपलब्ध नहीं है। उसके बाद भी लोकसभा चुनावों के दौरान 1500 रुपए धन देने की प्रक्रिया शुरू करना कहीं न कहीं लोकसभा चुनावों में इसका फायदा लेने की मात्र कोशिश है, लेकिन कांग्रेस का यह मंसूबा पूरा नहीं होगा। उन्होंने सरकार की इस योजना पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि महिलाओं के साथ साथ पुरुषों को भी इस तरह का भत्ता मिलना चाहिए। महिलाओं ने यदि यह योजना चलाई जा रही है वह सही है लेकिन महिलाओं के साथ प्रदेश के पुरुष भी बेरोजगार हैं और उनके लिए भी यह योजना शुरू की जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि भाजपा हो या कांग्रेस पार्टी दोनों ही राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जो भी पार्टी आज तक सत्ता में रही है उनमें से किसी ने भी प्रदेश के युवाओं के लिए न तो रोजगार दिया और न ही प्रदेश के मुद्दों पर कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल जनता पार्टी ने निर्णय लिया है कि प्रदेश के चार लोकसभा क्षेत्रों से चुनाव लड़कर केंद्र के समक्ष प्रदेश की समस्याओं की पैरवी करेंगे, ताकि प्रदेश विकास पथ पर आगे बढ़ सके। जल्द ही प्रदेश के अन्य तीन लोकसभा क्षेत्रों से भी उम्मीदवार मैदान में उतारे जाएंगे। इस दौरान उनके साथ पार्टी के जिलाध्यक्ष और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।



उपायुक्त तोरूल एस रवीश प्रायोजन एवं फोस्टर केयर अनुमोदन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

# उपायुक्त ने 15 नए मामले फोस्टर केयर के लिए स्वीकृत किए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

उपायुक्त तोरूल एस रवीश ने सोमवार को प्रायोजन एवं फोस्टर केयर अनुमोदन समिति की बैठक की अध्यक्षता की जिसमें आज 15 नए मामले फोस्टर केयर के लिए स्वीकृत किए गए। उपायुक्त ने बताया कि किशोर न्याय बोर्ड (बालकों की देखरेख और संरक्षण) के प्रावधानों के अनुसार शासन द्वारा संचालित बाल देखरेख संस्थाओं में रहने वाले ऐसे बच्चे जिन्हें देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता है, उन बच्चों को पारिवारिक माहौल प्रदान करने के लिए अल्प या दीर्घावधि के लिए उपयुक्त व्यक्ति अथवा संस्था को फोस्टर केयर योजना के अंतर्गत सौंपा जाता है।

इस फोस्टर केयर योजना के अनुसार उपयुक्त परिवार, व्यक्ति और संस्था को प्रति बालक के पालन-पोषण एवं देखभाल के लिये 18 वर्ष की उम्र तक प्रतिमाह आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाती है।

उपायुक्त ने कहा की हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष योजना की शुरुआत, भी की गई है जिसमे जरूरतमंद छात्रों और निराश्रित महिलाओं को उच्च शिक्षा हासिल करने में मदद करने के लिए की गई है।

# पेखड़ी गांव में दो साल से अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पाई बस

**अनंत ज्ञान, तीर्थन**



गुशैणी-पेखड़ी सड़क मार्ग की खस्ताहालत को सुधारने बारे मांग करते ग्रामीण।

उपमंडल बंजार की तीर्थन घाटी के दूर दराज गावों को जोड़ने वाली अधिकतर संपर्क सड़कें इस समय बदहाल स्थिति में है। यहां की गुशैणी-पेखड़ी गांव की सड़क पर पिछले करीब दो सालों से बस अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पाई है। यह बस गांव में बने बस अड्डे से करीब दो किलोमीटर पिछे लाम्बा नामक स्थान पर ही रुकती है।

पिछले दो सालों से स्थानीय लोगों को दो किलोमीटर तक का पैदल सफर तय करना पड़ रहा है जिस कारण ग्राम पंचायत पेखड़ी के सैंकड़ों लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। तीर्थन घाटी विश्व धरोहर ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क के ईको जोन स्थित गांवों को जोड़ने वाली यह नौ किलोमीटर लंबी गुशैणी-पेखड़ी सड़क इस समय अपनी दुर्दशा बयान कर रहा है। वैसे तो इस संपर्क सड़क मार्ग को बने करीब एक दशक से ज्यादा समय हो चुका है और कुछ वर्ष पूर्व इस पर टायरिंग भी कर दी गई है। लेकिन रखरखाव के अभाव में इसकी हालात वद से भी बदतर होती जा रही है।

इस सड़क की निकासी नालियां और कलवट बंद पड़े है। पिछली से पिछली बरसात में ही यह सड़क कई स्थानों से क्षतिग्रत हो गई थी। पार्क प्रभावित क्षेत्र की ग्राम पंचायत पेखड़ी के हजारों लोगों को लाभान्वित करने वाला यह सड़क मार्ग आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। इस सड़क मार्ग पर बने तीखे और उतार चढ़ाव वाले करीब 20 से अधिक मोड़ पर वाहन चलाना किसी खतरे से खाली नहीं है। इस सड़क के किनारे पानी की निकासी के लिए बनाई गई नालियों में मिट्टी और मलबा भर गया है जिसमें घास उगी हुई है। हल्की सी बारिश में भी पानी सड़क से बहता हुआ लोगों के खेतों और मकानों में चला जाता है।

# प्रेम राज बने लाहौल-स्पीति कल्याण संघ के अध्यक्ष



गृहरक्षक कल्याण संघ जिला कुल्लू व लाहौल-स्पीति के पदाधिकारी बैठक के दौरान।

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

गृहरक्षक कल्याण संघ जिला कुल्लू व लाहौल-स्पीति की बैठक महाकाली मंदिर शाढ़ाबाई में आयोजित हुई। इस बैठक में जिला कुल्लू व लाहौल-स्पीति के गृह रक्षक जवानों ने भाग लिया। इस बैठक में गृह रक्षक कल्याण संघ के राज्य अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष जोगिंद्र सिंह चौहड़िया को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था।

बैठक का मुख्य उद्देश्य गृह रक्षक जवानों के प्रति सरकार की बेरुखी के चलते अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाने की रणनीति व गृह रक्षक कल्याण संघ का तीन साल का कार्यकाल पूर्ण होने पर नई कार्यकारिणी का गठन किया जाना था।यह जानकारी जिला कुल्लू व लाहौल-स्पीति के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रेम राज शर्मा ने दी। प्रेम राज शर्मा ने बताया कि वर्तमान सरकार ने अपने कार्यकाल में हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ घोषणा की है, लेकिन होमगार्ड जवानों को अनेक सुविधाओं से वंचित रखा गया है। वहीं राज्य अध्यक्ष की देखरेख में लाहौल स्पीति कल्याण संघ की नई का गठन भी किया गया। कार्यकारिणी में जिला लाहौल स्पीति से कंपनी कमांडर प्रेम राज शर्मा को कल्याण संघ का अध्यक्ष, आनी से अशोक ठाकुर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महिला विंग से उर्मिला देवी को महासचिव, गृह रक्षक चालक टेक चंद व सेसराम को उपाध्यक्ष, हरिन्द्र ठाकुर को कोषाध्यक्ष, कम्पनी कमांडर राज सिंह व रेत राम को मुख्य सलाहकार व अन्य जवानों को अन्य पदों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# तंजिन व कुंगा भारतीय आइस हॉकी टीम में शामिल

**केलांग।** स्पीति की तंजिन सेलडोन और कुंगा यनगचेन राष्ट्रीय महिला आइस हाकी टीम में शामिल हुई हैं। स्पीति घाटी की दोनों होनहार खिलाड़ी एशियन महिला आइस हाकी चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाएगी।

एशियन महिला आइस हाकी चैंपियनशिप 24 से 31 मार्च तक किर्गिस्तान में आयोजित होने जा रही है। एसोसिएशन के सहयोग से स्पीति के विभिन्न स्थानों पर ट्रेनिंग कैंप आयोजित किए जा रहे है। एसोसिएशन के अध्यक्ष छेरिंग ने बताया कि दोनों खिलाड़ी काजा से शिमला के लिए रवाना हो गई हैं। एडीसी काजा राहुल जैन ने एशियन महिला आइस हाकी चैंपियनशिप में भारत का नेतृत्व करेगी स्पीति की तन्जिन सेलडोन और कुंगा यनगचेन को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि स्पीति में विंटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने का काम हो रहा है।

इससे पहले सिर्फ लद्दाख में ही इस तरह के स्पोर्ट्स इवेंट हो रहे थे, लेकिन धीरे-धीरे स्पीति में भी आधारभूत ढांचा तैयार किया जा रहा है।

**मीटिंग** | **पर्वतारोहण संस्थान का एडवांस व बेसिक स्कीइंग कोर्स आयोजित**

# सोलंगनाला स्की कोर्स सेंटर में 69 प्रशिक्षुओं ने लिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**



सोलंगनाला स्की कोर्स सेंटर में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के दौरान भाग लेते प्रशिक्षु।

अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान मनाली का एडवांस व बेसिक स्कीइंग कोर्स सोमवार को संपन्न हुआ। सोलंगनाला स्की कोर्स सेंटर आयोजित हुए इन प्रशिक्षण शिविरों में 69 प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण लिया। फरवरी में हुए भारी बर्फबारी के बाद संस्थान लगातार स्की इंग के बेसिक व एडवांस कोर्स करवा रहा है।

संस्थान का 46वां एडवांस कोर्स 27 फरवरी से 11 मार्च तक आयोजित हुआ जिसमें 24 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। 196वां बेसिक कोर्स भी 27 फरवरी से 11 मार्च तक आयोजित हुआ। इसमें 45 प्रशिक्षुओं ने स्कीइंग के प्राथमिकी गुर सीखे। इन प्रशिक्षण शिविर में हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान सहित अनेकों प्रदेशों से युवाओं ने भाग लिया।

**कोर्स जारी रहने से सोलंगनाला में बढ़ रही रौनक**

पर्वतारोहण संस्थान के कोर्स जारी रहने से सोलंगनाला में रौनक बढ़ लगी हुई है। संस्थान की मानें तो इस वर्ष तीन बेसिक कोर्स में 133 प्रशिक्षु प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। इंटरमीडिएट कोर्स में 70 प्रशिक्षु व छह प्रशिक्षु एमोआई के कोर्स करने में सफल रहे हैं।

संस्थान मनाली में 104 प्रशिक्षुओं के लिए जल्द ही एडवेंचर कोर्स आयोजित कर रहा है। संस्थान का अंतिम स्कीइंग कोर्स 14 मार्च से शुरु हो रहा है। जिसकी ऑनलाइन प्रक्रिया शुरु हो गई है।

स्की केंद्र नारकंडा में 72 प्रशिक्षुओं ने स्की इंग कोर्स किया जबकि 230 प्रशिक्षुओं ने एडवेंचर कैंप में भाग लिया। हटकोटी केंद्र में 190 प्रशिक्षुओं के लिए एडवेंचर कैंप का आयोजन किया।

### प्रशिक्षुओं को साहसिक खेलों के विभिन्न विषयों में किया प्रशिक्षित

संस्थान ने हिमाचल प्रदेश को दुनिया के मानचित्र पर रोमांच प्रेमियों के लिए स्वर्ग के रूप में लाने में अग्रणी भूमिका निभाई है। संस्थान दशकों से पर्वतारोहण, रॉक क्लाइम्बिंग, ट्रेकिंग, साहसिक शिविर, स्कीइंग, जलक्रीड़ा, आपदा प्रबंधन, माउंटेन बाइकिंग और पर्वतारोहण अभियान जैसी साहसिक गतिविधियों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है। अब तक संस्थान द्वारा देश और विदेश से लगभग 2,00,000 प्रशिक्षुओं को साहसिक खेलों के विभिन्न विषयों में प्रशिक्षित किया जा चुका है।

> इस बार दिसंबर से जनवरी तक बर्फबारी न होने से उनके कोर्स स्थगित भी करने पड़े है लेकिन फरवरी में हुए बर्फबारी से संस्थान सोलंगनाला सहित नारकंडा व हटकोटी में लगातार स्की इंग के कोर्स करवा रहे है। जबकि लाहौल के जिस्पा में भी अप्रैल तक स्की इंग कोर्स चलेंगे। प्रशिक्षुओं को कोल्ड इंजरी, प्राथमिकी चिकित्सा, बर्फ से बचाव, बर्फ की रूपरेखा, हिमस्खलन, ढलान का एवलांच के अध्ययन बारे जानकारी दी जा रही है।
>
> **-अविनाश नेगी, निदेशक अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतरोहण संस्थान मनाली।**

सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने वालों के खिलाफ पॉल्यूशन बोर्ड ने की सख्त कार्रवाई, बिलासपुर और मंडी जिले में किए 92 चालान

# प्लास्टिक यूज पर वसूला 1.05 लाख जुर्माना

**शुभम राही, बिलासपुर**

बिलासपुर और मंडी जिले में स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की ओर से बड़ी कार्रवाई की गई है। स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड बिलासपुर द्वारा इन दो जिलों में लगातार छापामारी की गई है और कुल 92 चालान काटे गए हैं। वहीं, विभाग की ओर से कुल एक लाख पांच हजार रुपए जुर्माना भी लगाया गया है।



सिंगल यूज प्लास्टिक का यूज करने वाले दुकानदारों के खिलाफ बोर्ड द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है, जिसमें विभाग द्वारा होल सेलर्स सहित अन्य दुकानों में छापामारी की जा रही है। ऐसे में अगर कोई सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करता हुआ पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।



जानकारी देते हुए स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड बिलासपुर के पर्यावरण अभियंता अतुल परमार ने बताया कि प्रदेश में 19 प्रकार के प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया गया है, जिसमें थर्माकोल से बनी प्लेट, कप, गिलास, कटलरी जैसे कांटे, चम्मच, चाकू, पुआल, ट्रे, मिठाई के बक्सों पर लपेटी जाने वाली फिल्म, निमंत्रण कार्ड, सिगरेट पैकेट की फिल्म, प्लास्टिक के झंडे, गुब्बारे की छड़ें और आइसक्रीम पर लगने वाली स्टिक, क्रीम, कैंडी स्टिक और 100 माइक्रोन से कम के बैनर आदि शामिल हैं।

**▶ पॉल्यूशन बोर्ड बिलासपुर में तैनात पर्यावरण अभियंता अतुल परमार बोले-विभाग ने शुरू किया है अभियान, कार्रवाई जारी**

प्रतिबंध के बावजूद कई जगह इसे बेचा जा रहा है। ऐसे लोगों पर बोर्ड द्वारा लगातार नजर रखी जा रही है। प्रदेश स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के रीजनल ऑफिस के पर्यावरण अभियंता अतुल परमार ने बताया कि केंद्र सरकार की अधिसूचना के अनुसार प्लास्टिक से बने 19 उत्पादों पर बैन लगाया है। जिला बिलासपुर में अभी तक करीब 56 चालान किए जा चुके हैं, जिसमें 71 हजार 500 रुपए का जुर्माना वसूला गया है। जबकि, जिला मंडी में करीब 36 चालान हुए हैं, इसमें 34 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

साथ ही समय-समय पर लोगों को इसके बारे में जागरूक भी किया जाता है। (अनंत ज्ञान)

### 19 प्रकार के प्लास्टिक उत्पादों पर लगाया बैन

उन्होंने बताया कि एक जुलाई, 2022 को इन 19 प्रकार के प्लास्टिक उत्पादों पर बैन लगाया गया था। इससे पहले करीब एक साल का समय दिया गया कि जिनके पास इसका स्टॉक गोदामों और दुकानों में पड़ा है, वह इसे अपने आप खत्म कर लें। साथ ही लोगों को जागरूक किया गया कि कौन-कौन से प्लास्टिक बंद हैं। इसके बाद चालान का सिलसिला शुरू हुआ। इस दौरान जिला बिलासपुर में कार्रवाई के दौरान एक व्यक्ति ने चालान देने से मना कर दिया था, तो उसके खिलाफ कोर्ट में क्रिमिनल केस फाइल किया गया, जो प्रदेश का पहला केस था। इसके बाद सरकार ने पॉलिसी भी बना दी थी कि यदि कोई चालान देने से मना करता है, तो अधिकृत अधिकारी अभियुक्त के खिलाफ कोर्ट में केस फाइल किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से भी अपील की है कि अगर कोई दुकानदार इस तरह से प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करता है, तो उसकी जानकारी संबंधित अधिकारी को दी जाए। सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने वालों को बिलकुल भी बख्शा नहीं जाएगा।

## किक बॉक्सिंग ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी स्पर्धा में अखिल ठाकुर ने जीता गोल्ड



अखिल स्वामी विवेकानंद सुभारती यूनिवर्सिटी में किक बॉक्सिंग स्पर्धा में गोल्ड मेडल के साथ।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

अखिल ठाकुर ने स्वामी विवेकानंद सुभारती यूनिवर्सिटी में 4-9 मार्च तक आयोजित ऑल इंडिया किक बॉक्सिंग स्पर्धा में किक लाइट इवेंट में 84 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त कर राम मनोहर अवध विश्वविद्यालय अयोध्या से खेलते हुए गोल्ड मेडल जीतकर यूनिवर्सिटी के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस टूर्नामेंट में 97 यूनिवर्सिटी के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। अखिल इससे पहले भी एशियन किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत चुके हैं तथा अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक वर्ल्ड चैंपियनशिप व वर्ल्ड कप में भी भाग ले चुके हैं।

वहीं, अखिल इसका श्रेय अपने मुख्य कोच परशुराम अवार्डी डॉक्टर संजय यादव एवं हिमाचल किक बॉक्सिंग संघ के जनरल सेक्रेटरी हंसराज शर्मा, कोच मनोज पटियाल एवं अपने परिवार को दिया है। अखिल ठाकुर गांव डेलग तहसील सदर बिलासपुर के निवासी हैं और इनकी इस उपलब्धि पर पूरे इलाके में खुसी का माहौल है।

## दिव्यांग व सीनियर सिटीजन फ्रेंडली बना बिलासपुर का डीसी ऑफिस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला बिलासपुर का उपायुक्त कार्यालय अब दिव्यांग एवं सीनियर सिटीजन फ्रेंडली बन गया है। डीसी के दफ्तर को सीधे सड़क से जोड़ने के लिए 22 लाख की लागत से बने रैंप का सोमवार को टीसीपीए हाउसिंग एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री मंत्री राजेश धर्माणी और डीसी बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक के उपस्थिति में एक दिव्यांग महिला के हाथों रिबन कटवाकर उद्घाटन करवाया गया।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि डीसी कार्यालय में रोजाना हजारों लोग किसी न किसी काम से पहुंचते हैं, लेकिन दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए भवन की सीढ़ियों के माध्यम से चलकर दफ्तर तक पहुंचाना मुश्किल कार्य बन जाता था। डीसी कार्यालय में बनी लिफ्ट भी अक्सर खराब हो जाता था और इसके रखरखाव में भी लाखों रुपए व्यय हो रहे थे। इसके मद्देनजर डीसी ने 22 लाख की लागत में रैंप निर्माण करवाया, जिससे अब डीसी कार्यालय हमेशा के लिए सीनियर सिटीजन और दिव्यांग फ्रेंडली हो गया। राजेश धर्माणी ने कहा कि कई बार करोड़ों रुपए व्यय करने के बावजूद भवन, पुल और अन्य जन सुविधा के लिए बनाए गए इंफ्रास्ट्रक्चरों का सदुपयोग नहीं हो पाया, लेकिन डीसी कार्यालय में कम राशि से बने इस रैंप से वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांगजन सहित आम जनता सीधा सड़क से डीसी कार्यालय पहुंच सकेंगे। इस कार्य के लिए धर्माणी ने डीसी की जमकर तारीफ की। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि बिलासपुर में विशेष अभियान चलाकर जिले के सभी दफ्तरों और स्कूल कॉलेजों को दिव्यांग फ्रेंडली बनाया जाएगा, ताकि समाज के सभी वर्गों को लाभ मिल सके। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक सभा के अध्यक्ष आरएल और प्रदेश दिव्यांग कल्याण समिति के अध्यक्ष विनोद आदि उपस्थित रहे।



डीसी के दफ्तर को सीधे सड़क से जोड़ने के लिए बने रैंप का धर्माणी उद्घाटन करते हुए।

## शाहतलाई-चंडीगढ़ बस सेवा शुरू करने की मांग : निक्कू

**अनंत ज्ञान, बरठीं**

बरठीं क्षेत्र में लोगों ने हिमाचल पथ परिवहन निगम से शाहतलाई-चंडीगढ़ वाया बरठीं, पनौल और भगेड़ रूट पर बस सेवा शुरू करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि सुबह आठ से दस बजे के बीच चंडीगढ़ के लिए इस क्षेत्र से कोई बस सेवा उपलब्ध नहीं है।

इस कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगों ने बताया कि इससे पहले हमीरपुर डिपो की चंडीगढ़ के लिए बाया घोड़ी धवीरी व बिझड़ से होती हुई बस चल रही थी, जिसे 2022 में बंद कर दिया गया है। बरठीं और आसपास की पंचायतों के यात्रियों को चंडीगढ़ जाने के लिए काफी लंबा रूट तय करना पड़ता है। इससे समय के साथ पैसे का भी नुकसान उठाना पड़ता है। इसके अलावा हमीरपुर से ही कालका रूट पर एक बस चलती है, लेकिन वह सुबह जल्द निकल जाती है। स्थानीय लोगों में नरेश सहोड़, बरठीं के प्रधान कुलदीप धीमान, बड़गांव प्रधान निक्कू राम, सुन्हाणी प्रधान उपेंद्र परमार, बलोह की प्रधान संगीता देवी सहित अन्य यात्रियों में संजीव गौतम, सतीश कुमार और अजय ने कहा कि एक बस शाहतलाई से बाया दसलेहड़ा, झबोला, बल्ह सीहणा, मलारी, बरठीं, सुन्हाणी, पनौल, भगेड़ और फोरलेन से होती हुई चंडीगढ़ के लिए चलाना आवश्यक है। यह बस बरठीं से चलते हुए क्षेत्र की दर्जनों पंचायतों के लोगों को सुविधा देगी।

> यदि पंचायत से लिखित में उनके पास मांग आती है, तो अवश्य इस पर विचार किया जाएगा।
> **राकेश परमार, हिमाचल पथ परिवहन निगम के निरीक्षक।**

## घुमारवीं में एक दिन के भीतर 20 को आवारा कुत्ते ने बनाया शिकार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

नगर परिषद घुमारवीं के तहत घुमारवीं बाजार में सोमवार दोपहर एक पागल कुत्ते ने आतंक मचा दिया। दोपहर के समय एक भूरे रंग के कुत्ते ने अचानक लोगों को काटना शुरू कर दिया।

शहर के गांधी चौक तथा एसबीआई बैंक के सामने इस कुत्ते ने 20 लोगों को काटकर घायल कर दिया। कुत्ता चुपचाप आता और लोगों पर झपट्टा मारकर उन्हें घायल कर देता। इससे पूरे बाजार में हड़कंप मच गया। इस कुत्ते के काटने के बाद एक-एक करके लोग अस्पताल पहुंचने लगे। सभी लोगों का नागरिक अस्पताल घुमारवीं में प्राथमिक इलाज के दौरान वैक्सीन लगाई गई। हालांकि इस पागल कुत्ते का कहर लगातार बना हुआ है तथा पूरे शहर में अब इस कुत्ते को लेकर डर का माहौल है। बताते चले कि इससे पहले भी घुमारवीं तथा आसपास के क्षेत्र में कुत्तों ने दर्जनों लोगों को अपना शिकार बनाया था। अस्पताल प्रशासन की माने, तो आए दिन कुत्तों के काटने के लोग रेबीज के वैक्सीन के लिए अस्पताल पहुंचते हैं, लेकिन कुछ दिनों से कुत्ते के काटने की घटनाएं लगातार बढ़ गई हैं। सोमवार को शहर के बीचो-बीच पागल कुत्ते के द्वारा मचाए गए इस आतंक से पूरे शहर वासी सहम गए हैं। पिछले कुछ दिनों से घुमारवीं के अधिकतर क्षेत्रों में आवारा कुत्ते का आतंक किस कदर बढ़ गया है कि लोगों का घर से बाहर निकलना दूभर हो गया है।



दूसरी तरफ बच्चों की परीक्षाएं चल रही हैं, लेकिन अभिभावक अपने बच्चों को कुत्तों के डर से स्कूल भेजने से भी चिंतित नजर आ रहे हैं। ज्यादातर अभिभावक अपने बच्चों को साथ लेकर स्कूल पहुंच रहे हैं।

> मामला ध्यान में आया है इसके लिए एक टीम तैयार करके इन कुत्तों को पकड़ने के लिए भेजी गई है। इसके साथ ही पशुपालन विभाग को भी अवगत करवा दिया गया है तथा पशुपालन विभाग की तरफ से भी एक टीम इन कुत्तों को पकड़ने के लिए भेजी जा रही है। जल्द ही इस पागल कुत्ते को पकड़ लिया जाएगा।
> **रीता सहगल, अध्यक्ष, नगर परिषद घुमारवीं।**

## श्रीमद् भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ

**झंडूता।** उपमंडल झंडूता की पंचायत गेहड़वीं के गांव छुमाहण स्थित हनुमान मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ।

**▶ 16 मार्च तक चलेगी कथा**

कथा के प्रारंभ में कन्या पूजन, श्रीमद्भागवत पुराण पूजन, व्यास पूजन, मंडली पूजन किया गया। कथा के मुख्य यजमानों ने कलश यात्रा के लिए समीपवर्ती बड़ैल स्थित बावड़ी पर जाकर वरुण पूजन करके कलश यात्रा पूर्ण की। आयोजकों ने बताया कि कथा 10 से 16 मार्च तक चलेगी। इसका आयोजन विश्वकल्याण की भावना से ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है।

इसमें झंडूता उपमंडल के बलघाड़ निवासी कथावाचक विजय शास्त्री इस संगीतमय कथा में प्रवचन दे रहे हैं। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर बाद एक से चार बजे तक रहेगा। कथा का आयोजन इलाका वासियों के सहयोग से किया जा रहा है। हर दिन संगीतमय कथा श्रवण करने के बाद भंडारा किया जाएगा। कथा में आचार्य सुभाष शर्मा, संजीव कुमार मोदगिल, योगेश भारद्वाज कुमार, अमित गर्ग भाग ले रहे हैं।

## हिमकेयर के तहत प्रीमियम की दरें की तय, पांच लाख की मिलती सुविधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार की ओर से प्रायोजित स्वास्थ्य योजनाओं क्रमश हिमकेयर योजना और आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत अस्पताल में दाखिल होने पर परिवार को पांच लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलती है।

हिमकेयर के अंतर्गत स्मार्ट कार्ड बनाने की सुविधा लोकमित्र केंद्रों, साइबर कैफे या आवेदक स्वयं वेबसाइट पर, आधार कार्ड, राशन कार्ड, मोबाइल नंबर और श्रेणी प्रमाण पत्र अपलोड करवाकर और निर्धारित प्रीमियम का भुगतान कर बनवा सकते हैं। हिमकेयर योजना के अंतर्गत श्रेणियों को ध्यान में रखते हुए प्रीमियम की दरें तय की गई हैं।

### 50 रुपए का लिया जाएगा शुल्क

इस कार्डों की वैद्यता तीन साल के लिए होगी, योजना के अंतर्गत लोकमित्र केंद्र या कॉमन सर्विस सेंटर में नामांकन करने और दस्तावेजों को अपलोड करने के लिए लाभार्थी से प्रीमियम के अतिरिक्त 50 रुपए का शुल्क लिया जाएगा। योजना में विभिन्न प्रकार की आम व गंभीर बीमारियों को शामिल किया गया है। लाभार्थी प्रदेश में हिमकेयर कार्ड के अंतर्गत पंजीकृत अस्पतालों में जाकर मुफ्त इलाज करवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त पीजीआई चंडीगढ़ में भी इस कार्ड पर मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध है।

## महिलाएं सभी क्षेत्रों में दे रहीं योगदान : धर्माणी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

बिलासपुर के भराड़ी में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता विभाग की ओर से सोमवार को जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें टीसीपी आईपी हाउसिंग और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि सुखद है कि महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में अच्छी हुई है और महिलाएं सभी क्षेत्रों में अपना योगदान दे रही हैं। साधारण और आर्थिक तौर पर कमजोर स्थिति के परिवारों में भी लिंगानुपात में सुधार हुआ है। आज अधिक से अधिक महिलाएं शिक्षित हो रही हैं और एक शिक्षित महिला से एक साथ दो परिवार शिक्षित होते हैं शिक्षा समाज में बहुत बड़ा परिवर्तन लाती हैं। सामाजिक जागरुकता और सरकार के जागरूकता कार्यक्रमों की वजह से महिलाओं के खिलाफ अपराध कम हुए हैं, परंतु अभी भी इस क्षेत्र में और कार्य करने की आवश्यकता है। महिलाओं के लिए माता-पिता की संपत्ति और पति के संपत्ति में बेटों की तरह हक मिलना देश में महिला सशक्तिकरण का सबसे बड़ा उदाहरण है। महिलाओं को पंचायत व शहरी निकायों में आरक्षण दिया गया, ताकि महिलाएं सीधे ही नीति निर्माण में अपना योगदान दे सकें। यह पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की सोच थी।



जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सम्मान समारोह में सम्मानित करते हुए धर्माणी।

## भौतिक विज्ञान और बिजनेस स्टडी की 611 छात्रों ने दी परीक्षा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सरकारी और निजी स्कूलों के छात्रों कि सोमवार को भौतिक विज्ञान तथा बिजनेस स्टडी की परीक्षाएं आयोजित की गई। घुमारवीं में दो परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षाएं आयोजित की गई, जिसमें भौतिक विज्ञान में कुल 611 छात्रों ने भाग लिया। वहीं, 21 बच्चे बिजनेस स्टडी विषय का पेपर देने परीक्षा केंद्र पहुंचे थे। परीक्षा केंद्र से बाहर निकालने के बाद छात्र खुश दिखे। इस दौरान कई छात्र एक-दूसरे के साथ परीक्षा पर चर्चा करते हुए भी नजर आए। छात्रों से बात करने पर उन्होंने बताया कि भौतिक विज्ञान का पेपर आसान रहा। लगभग सभी प्रश्न सिलेबस के अनुसार ही पूछे गए थे। कुल 60 अंकों का पेपर आया था, जिसमें 29 प्रश्न पूछे गए थे। पेपर में ए और भी दो सीरीज पर रखी गई थी।



टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर ने कैफे निहाल का किया निरीक्षण

## गुणवत्ता के साथ नहीं होगा समझौता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सोमवार को हिमाचल प्रदेश टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर राजीव कुमार ने बिलासपुर में स्थित कैफे निहाल का निरीक्षण किया।

उन्होंने कैफे निहाल के रेस्टोरेंट एवं किचन का निरीक्षण किया तथा पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए एवं बेहतर सुविधाएं देने के लिए कैफे निहाल के कर्मचारियों को निर्देश दिए। हिमाचल प्रदेश टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि प्रदेश में पर्यटकों को बेहतर खाना एवं रहने के लिए उचित व्यवस्था देने के लिए विभाग एवं सरकार हमेशा प्रयासरत हैं। गुणवत्ता के साथ कभी समझौता नहीं किया जाएगा। प्रदेश पूरे विश्व में एक टूरिस्ट डेस्टिनेशन है। टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर राजीव ने कहा कि प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त पत्रकारों एवं प्रदेश के वर्तमान और भूतपूर्व सैनिकों को प्रदेश के सभी टूरिज्म के होटल में रहने पर आइ महीनों के लिए 50 प्रतिशत डिस्काउंट और अन्य चार माह मार्च, अप्रैल, मई और जून के लिए 30 फिसदी डिस्काउंट दिया जाएगा, मान्यता प्राप्त पत्रकारों एवं सभी सैनिकों को खाने पर 30 प्रतिशत डिस्काउंट रहेगा।



## घुमारवीं में आज कैंपस साक्षात्कार का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिले की एक निजी कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड के 100 पदों की भर्ती के लिए आज उपरोजगार कार्यालय घुमारवीं में कैंपस साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। साक्षात्कार सुबह 10:30 बजे से शुरू होंगे। जिला रोजगार अधिकारी राजेश मेहता ने बताया कि साक्षात्कार में पुरुष उम्मीदवार ही भाग ले सकते हैं। इसके लिए उम्मीदवार की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं अथवा बारहवीं पास हो। उम्मीदवार की लंबाई न्यूनतम 168 सेंटीमीटर और वजन 56 किलोग्राम या इससे अधिक होनी चाहिए। साक्षात्कार में चयनित उम्मीदवार को मासिक मानदेय 17,500 रुपए से लेकर 19,500 रुपए दिया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों सहित उपरोजगार कार्यालय घुमारवीं पहुंच कर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। उम्मीदवार साक्षात्कार में भाग लेने के लिए एंप्लॉयमेंट एक्सचेंज के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## आईटीआई छात्रों के पास नौकरी के विविध अवसर : प्रेम डोगरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सोमवार को कौशल भारत सशक्त भारत प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेले की कड़ी के तहत बिलासपुर के इंडस्ट्रियल एरिया में आईटीआई पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने वाले या अंतिम वर्ष में पढ़ाई करने वाले उम्मीदवारों के लिए एक प्रशिक्षु मेले का आयोजन किया था।

**▶ मेले में 169 उम्मीदवारों ने लिया भाग**

जिला लघु उद्योग संघ इंडस्ट्रियल क्लस्टर द्वारा आयोजित इस मेले में कुल 169 उम्मीदवारों ने भाग लिया। इन उम्मीदवारों को विभिन्न कंपनियों की ओर से प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के लिए चुना गया। मेले में डोगरा होजरी, एबी मोटर्स, शशि ग्रामोद्योग, आरएसएन इंटरप्राइजेज, देवभूमि मोटर्स, एनजी मोटर्स टाटा तथा हिमाचल न्यूट्रीशन कंपनियों ने भाग लिया। जिला लघु उद्योग संघ के प्रधान प्रेम डोगरा ने बताया कि आईटीआई छात्रों को हीन भावना विकसित नहीं करनी चाहिए। कई छात्र जिन्होंने अपना आईटीआई पाठ्यक्रम पूरा कर लिया है, वह उपयुक्त नौकरी पाने में असफल हो जाते हैं। छात्रों को अपना कोर्स करते समय कड़ी मेहनत करनी चाहिए और खुद को पेशेवर के रूप में प्रशिक्षित करना चाहिए। आईटीआई छात्रों के पास नौकरी के विविध अवसर हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता मेला पीएमएनएएम का उद्देश्य युवाओं को कॉरपोरेट्स के भीतर ऑन-ग्राउंड प्रशिक्षण के अधिक अवसरों से जोड़ना और रोजगार पाने का मौका प्रदान करना है। रीतू ने बताया कि भारत सरकार ने देश के बेरोजगार लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला 2024 का आयोजन किया है।

**सुविधा** 4760 करोड़ की लागत से निर्मित इस फोरलेन से किरतपुर से नेरचौक की दूरी 37 किलोमीटर कम हुई

## किरतपुर-नेरचौक विकास के लिए मील का पत्थर: त्रिलोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि किरतपुर-नेरचौक फोरलेन हिमाचल के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। लगभग 4760 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित इस फोरलेन से किरतपुर से नेरचौक की दूरी 37 किलोमीटर कम हुई है।

कांग्रेस नेताओं के भ्रष्टाचार की वजह से फोरलेन का निर्माण कार्य शुरुआती दौर में ही ठप हो गया था। यहां तक कि कांग्रेस की पिछली सरकार के समय फोरलेन निर्माता कंपनी दिवालिया घोषित हो गई थी। मोदी सरकार ने नए सिरे से बजट का प्रावधान किया और रिकॉर्ड समय में फोरलेन का निर्माण पूरा करके सोमवार को इसे जनता को समर्पित भी कर दिया है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तथा केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका निभाती हैं। पहाड़ी राज्यों में इनका महत्व और अधिक बढ़ जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए नेशनल हाई-वे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने वर्ष 2012 में किरतपुर से नेरचौक तक फोरलेन का निर्माण शुरू किया था। इसमें सहयोग करने के बजाए कांग्रेस नेताओं ने इसे अवैध कमाई का जरिया बना दिया। प्रदेश की तत्कालीन कांग्रेस सरकार के समय सत्ता पक्ष के नेताओं ने धौंस दिखाकर और दबाव बनाकर जमकर लूट की। कांग्रेस के ही कुछ वरिष्ठ नेताओं ने भी अपनी पार्टी के एक तत्कालीन विधायक पर फोरलेन में 200 करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। इसी भ्रष्टाचार की वजह से फोरलेन का निर्माण कर रही कंपनी को न केवल काम छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा था, बल्कि वह दिवालिया तक घोषित हो गई थी। फोरलेन का काम भी पूरी तरह से ठप हो गया था।



सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल किरतपुर-नेरचौक फोरलेन का निरीक्षण करते हुए।

### 4759 करोड़ से तैयार हुआ किरतपुर-नेरचौक फोरलेन

**बिलासपुर।** किरतपुर-नेरचौक फोरलेन का शुभारंभ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से शिमला से किया। इस फोरलने को बनने में काफी लंबा समय लगा और काफी दिक्कतों का भी सामना करना पड़ा। भारी बरसात और कोविड के चलते यह फोरलेन कार्य में देरी हुई है। परंतु यहां की निर्माता कंपनी और सरकार की ओर से तेजी से कार्य करने के आदेशों के बाद इस फोरलेन के कार्य ने काफी गति पकड़ी और यह अब पूरी तरह से बनकर तैयार हो गया है। जानकारी के अनुसार फोरलेन को बनाने में 4759 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। 69 किलोमीटर लंबे फोरलेन को बनाने में कंपनी को करीब चार साल लगे। इसमें ग्रीन फील्ड की लंबाई 4753, ब्राउन फील्ड की 2145 किलोमीटर है। 14 अगस्त, 2019 को ब्राउन फील्ड का 249 करोड़ का टेंडर अवॉर्ड हुआ था। 27 नवंबर, 2019 को काम शुरू हुआ और 30 अप्रैल, 2023 को इसे पूरा कर लिया गया। ग्रीन फील्ड का टेंडर 16 अक्तूबर, 2020 को अवॉर्ड हुआ और 12 अगस्त, 2021 को काम शुरू कर सात जून, 2023 को इसे पूरा कर दिया। इस परियोजना में पांच टनल बनाई गई हैं। इनमें सबसे बड़ी टनल 1800 मीटर गरामोड़ा है। टीहरा टनल 1265 मीटर, भवाणा टनल 740 मीटर, तुन्हू टनल 550 मीटर और सबसे छोटी टनल बागछाल 465 मीटर है। सभी टनल डबललेन तैयार हो गई हैं। चार टनल की समानांतर सुरंग के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया जारी है। उसका काम भी काम जल्द पूरा कर लिया जाएगा। परियोजना में कुल 37 पुल बने हैं। इनमें 22 बड़े और 15 छोटे पुल हैं। हालांकि इससे पहले लोगों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था।

## न्यूज ब्रीफ

### गगरेट में बागी विधायक के खिलाफ प्रदर्शन आज

**गोंदपुर बनेहड़ा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गगरेट बागी विधायक चैतन्य शर्मा के खिलाफ 12 मार्च को गगरेट में विरोध-प्रदर्शन करेगी। यह जानकारी गगरेट ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रधान सुरेंद्र ठाकुर और महासचिव वेद पराशर ने दी। सुरेंद्र ठाकुर ने एक भेंट वार्ता में कहा कि विधायक चैतन्य शर्मा ने गगरेट को शर्मसार किया है। कांग्रेस पार्टी से विधायक बनकर सरकार के खिलाफ षड्यंत्र करना दुर्भाग्यपूर्ण है। ठाकुर ने कहा कि चैतन्य शर्मा ने गगरेट के आम जनमानस की भावनाओं से खेला किया है और गगरेट की जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। इस मौके पर गगरेट के स्थानीय कांग्रेसी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पंडित राम लुभाया और रमन जसवाल भी उपस्थित रहे।

### टकोली में लगे कैंप में 70 लोगों की जांच

**अंब।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम चिंतपूर्णी ने ग्राम पंचायत टकोली में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। डॉ. शशांक की अगुवाई में स्टाफ नर्स नीलम, लैब टैक्नीशियन वीरेंद्र व राहुल पर आधारित टीम ने गांव में विभिन्न रोगों से पीड़ित 70 स्थानीय लोगों की स्वास्थ्य जांच की और मौके पर 32 मरीजों के अलग-अलग प्रकार के टैस्ट भी किए।

### नशे पर जागरूकता के लिए कराया मैत्रीपूर्ण मैच

**अंब।** उपमंडल अंब के तहत ग्राम पंचायत बेहड जसवां में शिव शक्ति क्लब बेहड जसवां द्वारा नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान के चलते वॉलीबाल का मैत्रीपूर्ण मैच आयोजित करवाया गया। मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिव कुमार हाकम और देसराज द्वारा किया गया। मैत्री पूर्ण मैच शिव शक्ति क्लब बेहड जसवां और नेहरू क्लब चक्क के बीच में करवाया गया। इस दौरान शिव ने नशे से दूर रहने और खेलों में बड़ चढ़ कर भाग लेने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। शिव और देसराज ने कहा कि गांव के बच्चों के लिए शाइन स्टार अकेडमी का संचालन भी करवाया गया है, जिसमें भाग लेकर बच्चे निशुल्क शारीरिक व्यायाम कर सकते हैं।

# बर्खास्त विधायकों के क्षेत्रों में खुफिया तंत्र का जाल

**राजेश शर्मा, ऊना**

जिले के दो विधानसभा क्षेत्रों में सरकार का खुफिया तंत्र पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। साल भर में इन दो विधानसभा क्षेत्रों में चलती रही गतिविधियों के आंकड़े को जुटाया जाने लगा है।

शिकंजा ऐसे कसने की तैयारी है कि कोई भी चूक मिलते ही बर्खास्त विधायकों या उनके साथियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। शिमला के बालूगंज थाने में भ्रष्टाचार को लेकर एक विधायक और गगरेट के विधायक के पिता पर दर्ज मामले के बाद पूरा खुफिया तंत्र सक्रिय हो उठा है। मामला इसलिए और भी गंभीर इसलिए हो गया है कि मुख्यमंत्री ने खनन माफिया के साथ कनेक्शन भी कुछ बर्खास्त विधायकों को लेकर बताया है। उनके इशारे मात्र से ही अब सियासी तूफान खड़ा हो गया है। कांग्रेस समर्थक मामले की सीबीआई जांच की मांग करने लगे हैं। उधर, अपने ऊपर एफआईआर दर्ज होने के बाद विधायक चैतन्य शर्मा के पिता भूमिगत हो गए हैं। रविवार बाद दोपहर गगरेट में एक कार्यक्रम में उनको देखा गया था।

**गगरेट के विधायक के पिता हुए भूमिगत**

ऊना जिले में अब मुख्यमंत्री के बर्खास्त विधायकों को लेकर तेवरों को देख जहां खुफिया विभाग दो चर्चित विधानसभा क्षेत्रों के पिछले एक साल के विधायकों के रिपोर्ट कार्ड को खंगालने लगे हैं, वहीं कांग्रेस विचारधारा के नेताओं के हाथ बटेर लगा है। जो लोग अभी तक मुंह में मूंग डाले बैठे थे वे लंबी लंबी छोड़ने लगे हैं। ऐसे मौके पर नेता अपने समर्थकों के साथ मुख्यमंत्री के सामने अपनी अलग छबि देने का प्रयास में हैं। हालांकि मौका उनके लिए भी अच्छा है उनके धुर विरोधियों पर चल रहे सियासी संकट के कारण टक्कर कोई नजर नहीं आ रही है। (अनंत ज्ञान)

### बागी विधायक की स्वयंसेवी संस्था की हो सीबीआई जांच : राकेश कालिया

**गगरेट।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव व तीन बार विधायक रहे राकेश कालिया ने विधानसभा से अयोग्य करार दिए गए विधायक व उनकी संस्था के खिलाफ बड़ा हमला बोला है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू से अयोग्य करार दिए गए विधायक की स्वयंसेवी संस्था की जांच सीबीआई से करवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जनता के यह पता लगना चाहिए कि उक्त स्वयंसेवी संस्था को फंडिंग कहां से होती थी और कौन-कौन वो लोग हैं जो इस संस्था से जुड़े हैं। कालिया ने कहा कि इस संस्था के माध्यम से लाखों रुपऐ समाजसेवा पर खर्चे जा रहे हैं। इस संस्था के आय से स्रोत क्या हैं, वे कौन लोग हैं जो इसे फंडिंग कर रहे हैं। संस्था के खाते कहां है और इसका पंजीकरण कहां हुआ है। यह सब जांच का विषय है। इसके लिए इसकी जांच सीबीआई जैसी जांच एजेंसी से होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि ऐसे भी आरोप लगे हैं कि कुछ लोग सरेआम गगरेट क्षेत्र में सत्ता का प्रभाव दिखाकर जबरन उगाही करते रहे हैं। कुछ लोग तो अभी भी अपनी खून-पसीने की कमाई वापस पाने के लिए मारे-मारे फिर रहे हैं। ऐसे लोगों की लंबी फेरहिस्त है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि इस प्रकरण में ऐसी नजीर पेश की जानी चाहिए कि भविष्य में कोई भी आम जनता को बेवकूफ बनाने की हिमाकत न सके और यह साफ हो सके कि स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से पैसे का कोई और खेल तो नहीं चल रहा है।

### सुक्खू सरकार को गिराने की चाल कामयाब नहीं होगी : कुलदीप



पूर्व मंत्री कुलदीप कुमार कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ गगरेट में बातचीत करते हुए।

**गगरेट।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के प्रभारी व पूर्व मंत्री कुलदीप कुमार ने सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस गगरेट के पदाधिकारियों से भेंट कर विधानसभा क्षेत्र गगरेट में उपजे राजनीतिक घटनाक्रम की जानकारी हासिल की।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस सरकार अटल है और मुख्यमंत्री सुक्खू की सरकार को गिराने की कोई भी चाल कामयाब नहीं होगी। ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारियों की उपस्थिति में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कुलदीप कुमार ने कहा कि यहां से पूर्व में रहे कांग्रेस विधायक ईमानदारी छवि के रहे और पार्टी के कर्मठ सिपाही रहे हैं। कभी भी किसी कांग्रेसी विधायक ने लक्ष्मण रेखा पार करने का प्रयास नहीं किया लेकिन इस बार जो कांग्रेस प्रत्याशी दिए गए बेशक गगरेट की जनता ने उन्हें दिल खोलकर प्यार दिया और रिकार्ड मतों से जीत दिला कर विधानसभा पहुंचाया लेकिन वही गद्दारों की श्रेणी में जा खड़े हुए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता बिलकुल चिंतित न हों क्योंकि पांच साल तक सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार डंके की चोट पर चलेगी।

इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कंवर, पूर्व पार्षद व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नंबदार अश्विनी ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस सचिव रमन जसवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता यशपाल राणा, प्रदेश ट्रेडर्स बोर्ड के पूर्व सदस्य अनिल नीटू, जिला कांग्रेस महासचिव अजेश जसवाल, ब्लॉक कांग्रेस सचिव यशपाल सिंह आदि मौजूद थे।

## बिलासपुर ने पहली इनिंग में बनाए 296 रन

**ऊना।** स्थानीय इंदिरा स्टेडियम ऊना हिमाचल प्रदेश में सीनियर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मुकाबला बिलासपुर और हमीरपुर के बीच में आरंभ हुआ बिलासपुर की टीम ने टॉस जीता था और बल्लेबाजी का निर्णय लिया था जिसमें बिलासपुर की टीम ने पहले खेलते 10 विकेट पर 296 रन बनाए। हमीरपुर की टीम ने बिना विकेट खोए दिन का खेल खत्म होने तक 16 रन बना लिए हैं, उधर अटल बिहारी वाजपई स्टेडियम नादौन में क्वार्टर फाइनल मुकाबला सिरमौर और ऊना के बीच में सोमवार को आरंभ हुआ जिसमें सिरमौर ने 10 विकेट खोकर 128 रन बनाए। वहीं ऊना के गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए सिरमौर को सस्ते में समेट दिया। इधर ऊना की टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक विना विकेट खोए 151 रन बना लिए हैं।

## अनुराग ठाकुर के प्रयासों से लठियानी मंदली पुल बनने का सपना हुआ साकार : चरणजीत

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधान सभा क्षेत्र के बहुचर्चित लठियानी मंदली पुल का गत दिनों देश के केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा 871 करोड़ की लागत से बनने वाले पुल का शिलान्यास करने पर कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा, महामंत्री मास्टर रमेश शर्मा ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और अनुराग सिंह ठाकुर एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर का आभार प्रकट करते हुए कहा कि एशिया के सबसे बड़े बांध पर स्थित लठियानी मंदली पुल का निर्माण अपने आप में एक इतिहास है।



चरणजीत शर्मा ने कहा कि राज्य में जब 2017 में भाजपा की सरकार बनी थी तो तत्काल मंत्री वीरेंद्र कंवर ने उक्त पुल निर्माण के लिए केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर और नितिन गडकरी के साथ चर्चा करते रहे। आखिर में कुटलैहड़ के बहुचर्चित पुल को बनाने की स्वीकृति मिल गई। मंत्री वीरेंद्र ने पहले उक्त पुल का सर्वे करवाया, फिर डीपीआर तैयार करवाई। फिर 871 करोड़ की धनराशि मुहैया करवाई। शर्मा ने कहा कि पूर्व में मंत्री रहे बिरेंद्र कंवर का लठियानी मंदली पुल बनाना एक सपना था और आज उनका यह सपना साकार हो रहा है। जो लोग लठियानी मंदली पुल निर्माण के समाचार पर जनता को भ्रमित करते थे। और चुनावों के समय झूठी शिलान्यास पट्टिकाओं को लगाकर जनता को भ्रमित करते थे। आज उक्त पुल का शिलान्यास उनके मुंह पर तमाचा है।

### पुल निर्माण होने से कुटलैहड़ में पर्यटन को लगेंगे पंख : रमेश

**कुटलैहड़** भाजपा मंडल महामंत्री मास्टर रमेश शर्मा ने कहा कि उक्त पुल निर्माण होने पर कुटलैहड़ में सेलानियों के लिए पुल एक आकर्षण का केंद्र होगा। और पुल के दोनो छोर से झील से पानी उठाने के लिए अलग वाटर डैंप बनेंगे, जिससे कुटलैहड़ के किसानों के खेतों की सिंचाई होगी। शर्मा ने कहा कि पुल निर्माण होने से पूर्व दोनो छोर से अप्रोच रोड बनाए जा रहे हैं। जिन पर करीब सौ करोड़ की धनराशि अलग से खर्च होगी।



### अध्यक्ष नीलम की अध्यक्षता में हुई जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक

## आगामी वित्त वर्ष को 11.93 करोड़ का बजट अनुमोदित

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक सोमवार को जिला परिषद अध्यक्ष नीलम कुमारी की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर उपायुक्त महेन्द्र पाल गुर्जर भी उपस्थित रहे।

बैठक में विभिन्न विकास मुद्दों पर सार्थक चर्चा के साथ-साथ वित्त वर्ष 2024-25 के लिए लगभग 11 करोड़ 92 लाख 89 हजार रुपए का बजट प्रस्तावित किया गया, जिसे पंचायत भवनों के सुधार, बिजली, पानी, लाइटों के सुधारीकरण तथा अन्य विकास कार्यों पर आवश्यकतानुसार व्यय किया जाएगा। बैठक में जिला की सभी पंचायतों के शैल्फ को अनुमोदित किया गया।

इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ने आगामी वर्ष की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रस्तावित



ज़िला परिषद की बैठक में जिला परिषद् अध्यक्ष तथा अन्य सदस्य

बजट में जिला परिषद के अन्तर्गत संयुक्त कार्यों के लिए 72.49 लाख रुपए, विभिन्न प्रायोजनों हेतु 50 लाख, शिक्षा कार्यक्रमों के लिए 30 लाख, पंचायत भवनों के रेनोवेशन हेतु 20 लाख, मनरेगा के अंतर्गत 50 लाख रूपये की राशि व्यय की जाएगी, जबकि 26.47 लाख रुपए की राशि आरक्षित निधि के तौर पर रहेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित विभाग के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं बारे जिला परिषद को विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई जाए ताकि लोगों को उनका लाभ मिल सके।

इस मौके पर जिप उपाध्यक्ष कृष्णपाल, जिला पंचायत अधिकारी नीलम कुमारी, जिला परिषद के समस्त सदस्य, जिला के समस्त विकास खंड अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राहुल ने जीता हटवाना का दंगल

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के तहत ग्राम पंचायत पीपलू के गांव हटवाना में युवा क्लब हटवाना द्वारा छिंज मेले का आयोजन किया गया। इस दंगल मेले में स्थानीय पहलवानों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में राहुल और रिकी में काफी देर कर खेल चला, जिसमें राहुल विजेता रहे और रिकी उपविजेता रहे।

क्लब के सदस्यों ने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को इनामी राशि 3100 और 2100 और माली देकर सम्मानित किया। इस मौके पर किशोर सिंह, दर्शन सिंह,



दंगल में विजेता रहे पहलवान के साथ आयोजक

जनक सिंह, दिलबाग सिंह, सुरेश मनकोटिया, मनीष कुमार, बीडीसी राजकुमार मनकोटिया सहित अन्य युवा और ग्रामीण मौजूद रहे।

## हटली क्लब में कल से शुरू होगी श्री राम कथा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के श्री राम नाटक क्लब हटली के लगातार 7वीं श्री राम कथा कल से शुरू होने जा रही है और 21 मार्च को कथा विश्राम होगा, जिसकी तैयारियां कमेटी ने पूर्ण कर ली हैं।

क्लब के निदेशक विपन साजन ने बताया कि उत्तरी भारत के प्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य डॉ. सुमन शर्मा अपने मुखारबिंद से श्री राम कथा का रसपान करवाएंगे। हटली क्लब के निदेशक विपन साजन ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री राम नाटक क्लब हटली में लगातार 7वीं श्री राम कथा 13 मार्च से 21 मार्च तक होने जा रही है, जिसकी तैयारियां जारी हैं। 13 मार्च को हटली के गांव रिवाड़ हनुमान मंदिर से सुबह दस बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस उपरांत कथा प्रसारण शुरू होगा और प्रतिदिन यह एक बजे से शाम चार बजे तक होगा। रात्रि आरती समय सात से आठ बजे तक रहेगा। हर दिन भंडारे का आयोजन भी होगा। उन्होंने बताया कि 21 मार्च को विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

## छात्रों को यातायात नियमों की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा सड़क सुरक्षा क्लब के नोडल ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी के अध्यक्षता में महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मंच का संचालन परीक्षा ने किया।

प्रो. सिकंदर ने छात्रों को नशीले पदार्थों का सेवन कर वाहन न चलाने, गाड़ी चलान से पहले सीटबेल्ट अथवा हेलमेट का अवश्य उपयोग करने, ओवरटेक करते समय सुरक्षा के नियमों का ध्यान रखने और ओवरस्पीड में वाहन को



सड़क सुरक्षा विषय पर छात्रों को शपथ दिलाते प्रो. सिकंदर नेगी।

न चलाने की शपथ दिलाई।

इस मौके पर महाविद्यालय रोड सेफ्टी के मैंबर प्रो. नंद लाल, प्रो. कमलेश महाजन, रोड़ सेफ्टी बंगाणा के कैंपस लीडर अनिता राणा, वंशिका, एनएसएस कैप्टन विशाल सोनी आदि मौजूद रहे।

## कर्नाटक में चमके खड्ड कॉलेज के पुष्पेंद्र ठाकुर

**अनंत ज्ञान, हरोली**

भारत स्काउट एंड गाइड के सौजन्य से बेहतर भारत निर्माण के लिए पांच दिवसीय राष्ट्रीय एडवोकेसी कार्यशाला में खड्ड कॉलेज के रोवर पुष्पेंद्र ठाकुर चमके हैं। कार्यशाला 28 फरवरी 2024 से 3 मार्च 2024 तक डॉक्टर एनी बेसेंट ट्रेनिंग एंड कैंपिंग सेंटर कर्नाटक में आयोजित की गई, जिसमें पुष्पेंद्र का बेहतर प्रदर्शन रहा है। इस कार्यशाला के लिए विभिन्न महाविद्यालयों के दो रोवर, दो रेंजर और एक रेंजर लीडर का चयन हुआ था जिसमें राजकीय महाविद्यालय खड्ड के रोवर पुष्पेंद्र ठाकुर भी एक थे जिसने इस कार्यशाला में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र शर्मा ने पुष्पेंद्र ठाकुर को बधाई देते हुए कहा कि

- राष्ट्रीय एडवोकेसी कार्यशाला में किया बेहतर प्रदर्शन
- कॉलेज पहुंचने पर भव्य स्वागत

पुष्पेंद्र एक होनहार विद्यार्थी है। इसने विभिन्न राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में अपनी अहम भूमिका अदा की है। सत्र 2023- 24 में पुष्पेंद्र को महामहिम राज्यपाल द्वारा राज्य पुरस्कार से नवाजा गया। निश्चय प्रोजेक्ट के अंतर्गत नशे के विरुद्ध चलाए गए अभियान में सराहनीय भूमिका निभाइ। रिवालसर में पायनरिंग और मैपिंग स्टार्गेजिंग कोर्स भी पूरा किया। महाविद्यालय के लिए बड़े गर्व की बात है।

रोवर और रेंजर इकाई रेंजर लीडर डॉ.



खड्ड कॉलेज के रोवर पुष्पेंद्र ठाकुर को कर्नाटक में सम्मानित करते आयोजक।

आरती व रोवर लीडर प्रोफेसर मनीराम के निर्देशन में कार्य कर रही है तथा महाविद्यालय के सौंदर्यीकरण के लिए भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। प्रोफेसर रविराज, प्रो. राकेश शर्मा, प्रो. लखबीर सैनी, प्रो. वीरेंद्र तथा समस्त महाविद्यालय परिवार ने पुष्पेंद्र को शुभकामनाएं दी तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### हरकत में आया लोक निर्माण विभाग

## गोंदपुर बनेहड़ा स्कूल के खेल मैदान में की पानी निकासी की व्यवस्था

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोंदपुर बनेहड़ा के खेल के मैदान के समतलीकरण के कार्य के बारे में समाचार पत्र में समाचार प्रकाशित होने के बाद लोक निर्माण विभाग हरकत में आ गया है। मैदान से पानी की निकासी की व्यवस्था कर दी गई है।

**अनंत ज्ञान इंपैक्ट**

इस खेल के मैदान के समतलीकरण हेतु मिट्टी के टिप्पर डाले गए थे, लेकिन पानी की निकासी नहीं थी। बारिश के कारण खेल के मैदान की मिट्टी बह रही थी और इस खेल के मैदान का कार्य बजट होने के बावजूद भी रुका हुआ था। स्थानीय पंचायत की सदस्य एडवोकेट राज कुमारी शर्मा ने 'अनंत ज्ञान' के माध्यम से इस मामले को प्रमुखता से उठाया था।

## सीएम कर्मचारी वर्ग के सच्चे हितैषी : राजन

**गोंदपुर बनेहड़ा।** लेक्चरर संघ के प्रांतीय सगठन सचिव राजन शर्मा ने एक भेंट में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री कर्मचारी वर्ग एवं आम जनमानस के सच्चे हितेषी हैं। हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ ने ओल्ड पेंशन बहाली के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। राजन शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री का ओपीएस बहाली का अनुकरणीय निर्णय हिमाचल के कर्मचारी सदैव याद रखेंगे। प्रदेश सरकार के इस बहुआयामी ऐतिहासिक निर्णय से राज्य के लगभग डेढ़ लाख कर्मचारियों के सेवानिवृत्त जीवन और भविष्य को नया विश्वास और गरिमापूर्ण आधार मिलेगा।

## बढेड़ा को-ऑपरेटिव सोसायटी का हुआ चुनाव, कार्यकारिणी का गठन जल्द

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हरोली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पड़ती बढेड़ा को-ऑपरेटिव एग्रीकल्चर सोसायटी के चुनाव सोमवार को हुए। ये चुनाव 9 वार्डो में हुए, जिनमें समिति द्वारा नामजद किए खाताधारकों ने भाग लिया। इन चुनावों में हर वार्ड में दोनों पक्षों की ओर से प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इस दौरान वार्ड नंबर एक में राकेश कुमार, वार्ड नंबर दो में राम लाल, वार्ड नंबर तीन में जीत सिंह, वार्ड नंबर चार में छोटू राम, वार्ड नंबर पांच में देशराज राणा, वार्ड नंबर छह में अनिल कुमार, वार्ड सात में नरेंद्र सिंह राणा, आठ में



देसराज राणा समेत विजेता सदस्य।

धर्मपाल, नौ वार्ड में रक्षा देवी विजयी घोषित किए गए। चुनाव रिटर्निंग अधिकारी उमेश कुमार शर्मा इंस्पेक्टर को-ऑपरेटिव सोसायटी की अध्यक्षता में संपन्न हुए। अब जल्द ही सोसायटी की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा, जिसके लिए विजयी हुए प्रतिनिधियों ने रणनीति तैयार करनी शुरू कर दी है। बता दें कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में बढेड़ा को-ऑपरेटिव सोसायटी क्षेत्र में विकास उपलब्धियों के लिए जानी जाती है। सोसायटी की विकास सक्रियता से प्रदेश का पहला हिमकैप्स संस्थान भी संचालित किया जा रहा है। वहीं सोसायटी द्वारा विभिन्न सामाजिक कार्य भी करवाए जाते हैं।

**टूर्नामेंट** बंगाणा के गांव बुधान में खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

## खेलों से पैदा होती है संगठनात्मक भावना : कंवर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय नेहरू युवा केंद्र ऊना द्वारा खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लॉक बंगाणा के गांव बुधान में करवाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री वीरेंद्र कंवर व विशेष अतिथि बीडीसी चेयरमैन देवराज शर्मा रहे। कार्यक्रम की शुरुआत महिला फिटनेस रन से की गई उसके बाद वालीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ करवाया गया।

इस दौरान वीरेंद्र कंवर ने अपने संबोधन में कहा कि जब हम खेल



वीरेंद्र कंवर प्रतिभागियों के साथ।

खेलते हैं तो हम साथी खिलाड़ियों के साथ ग्रुप में संगठित होते हैं और टीमवर्क करते हैं। इससे हमारे सामाजिक और संगठनात्मक कौशल विकसित होते हैं और हम अन्य लोगों के साथ सहयोग करने का कौशल बनाते हैं। खेल हमें नेतृत्व के गुण विकसित करता है, हमारी सामरिक बुद्धि को मजबूत बनाता है। इस प्रतियोगिता में नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवी अक्षय शर्मा व रिशव चौधरी रहे। वॉलीबाल प्रतियोगिता में विजेता युवक मंडल पड़ियोला रहा, जिसमें उन्हें 5100 रुपए व पुरस्कार दिया गया और उपविजेता हटली युवक मंडल की टीम रही, जिन्हें 3100 रुपए व पुरस्कार दिया गया।

नेहरू युवा केन्द्र ऊना के जिला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया खेल हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण हैं। वे हमें स्वस्थ, मनोरंजन, और संघर्ष करने की क्षमता प्रदान करते हैं। खेल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक विकास और सामाजिक योग्यता को सुधारते हैं। इसलिए, हमें नियमित रूप से खेल खेलना चाहिए युवा स्वयंसेवी अक्षय शर्मा ने बताया कि खेल खेलने से हमारा मन ताजगी और सक्रियता से भर जाता है। इस कार्यक्रम में स्थानीय युवक मंडलों की टीमों ने हिस्सा लिया व नेहरू युवक मण्डल बुधान के हिमांशु, दीपक, अखिल, निखिल, अनुराग, नितिन आदि मौजूद रहे।

# शिमला में प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने निकाला मशाल जुलूस

## मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हुए शामिल, केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ की खूब नारेबाजी

अनंत ज्ञान ब्यूरो। शिमला

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सोमवार को हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा शिमला के रिज मैदान तक निकाले गए मशाल जुलूस में शामिल हुए। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने यह कैंडल मार्च कथित तौर पर असंवैधानिक तरीकों का उपयोग करते हुए राज्य सरकार को अस्थिर करने की कोशिशों के लिए भाजपा नेतृत्व के खिलाफ निकाला, जिसमें भारी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल हुए।

यह मशाल जुलूस अंबेडकर चौक, चौड़ा मैदान में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि भाजपा ने अनैतिक तरीके अपनाकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करने का प्रयास किया। भाजपा की केंद्र सरकार ने सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राज्य सरकार को आघात पहुंचाने तथा जनमत की अनदेखी करने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार ने सत्ता में रहते हुए राज्य के संसाधनों का जम कर दुरुपयोग किया तथा उनके आर्थिक कुप्रबंधन से प्रदेशवासियों पर कर्ज का भारी बोझ बढ़ता गया। उन्होंने कहा कि हम सत्ता सुख के लिए नहीं, बल्कि व्यवस्था परिवर्तन के लिए आए हैं। इसी भावना से कार्य करते हुए प्रदेश सरकार ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल में राजस्व बढ़ाने के सफल प्रयास किए हैं। इस दौरान अपनी पांच चुनावी गारंटियों को पूरा करते हुए युवा, महिला, किसान व कर्मचारियों सहित प्रत्येक वर्ग को लाभ पहुंचाया है। उन्होंने दोहराया कि जनता द्वारा चुनी गई कांग्रेस सरकार अपना पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करेगी। मशाल जुलूस में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह, सभी कैबिनेट मंत्री, विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार, मुख्य संसदीय सचिव, विधायकगण, विभिन्न पार्टी पदाधिकारी, नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।



शिमला के रिज पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने केंद्र सरकार के खिलाफ मशाल जुलूस निकाला। इस जुलूस में सीएम सुक्खू भी शामिल हुए।


# हिमाचल में बिगड़ा मौसम का मिजाज

## लाहौल-स्पीति में बर्फबारी, पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश के अधिक ऊंचाई वाले कई क्षेत्रों में मौसम फिर बिगड़ गया है। राज्य के जनजातिय जिला लाहौल-स्पीति के ऊंचाई वाले कुछ क्षेत्रों में सोमवार सुबह बर्फबारी दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 12 मार्च की रात से एक और ताजा पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना जताई है, जिसके प्रभाव से 13 व 14 मार्च को भी कई स्थानों पर बारिश-बर्फबारी के आसार हैं।

14 मार्च को उच्च पर्वतीय कुछ स्थानों पर मौसम खराब रह सकता है। 16 मार्च से राज्य में मौसम साफ रहने के आसार हैं। वहीं, जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में अभी भी कई रोड बंद चल रहे हैं, जिसे खोलने के लिए प्रशासन द्वारा कड़ी मशक्त की जा रही है। केलांग-उदयपुर सड़क को बीआरओ ने बहाल कर दिया है। वहीं, भारत-तिब्बत सीमा से सटे छितकुल की सड़क को लोक निर्माण विभाग ने बहाल कर दिया है। गांव में पिछले दिनों से छह पर्यटक फंस हुए थे, उन्हें भी छितकुल से घर रवाना कर दिया गया है।



न्यूनतम तापमान

| | |
|---|---|
| शिमला | 7.6 |
| कुकुमसेरी | -6.3 |
| कल्पा | 1.6 |
| नारकंडा | 3.8 |
| मनाली | 5.4 |
| धर्मशाला | 13.1 |
| मंडी | 11.1 |
| भुंतर | 11.5 |
| चंबा | 10.3 |
| कुफरी | 6.4 |

लाहुल घाटी के गोंधला में सड़क से बर्फ हटाकर बहाल किया जा रहा सड़क मार्ग।

# 51 करोड़ से बनेगा पंडोगा-त्युड़ी ब्रिज

## डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने किया भूमि पूजन, बोले- पुल बनने से 15 पंचायतों के लोगों को मिलेगा लाभ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

हरोली विधानसभा क्षेत्र की पंचायतों में विकास कार्यों को गति प्रदान करने के लिए नए पंचायत सामुदायिक भवनों का निर्माण जा रहा है, ताकि हरोली हलके की पंचायतों के लोगों को अपने कार्य करवाने के लिए एक छत के नीचे सभी पंचायत सुविधाएं मिल सकें। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हरोली विस क्षेत्र में लगभग 57 करोड़ रुपए के विभिन्न विकासात्मक कार्यों के शिलान्यास व लोकार्पण किए जिसमें पंचायत घर बाथू, कुंगड़त, पंचायत घर समनाल, पंचायत घर लोअर खड्डु व पंचायत घर बढ़ेड़ा शामिल हैं।

इन सभी पंचायत सामुदायिक केंद्र भवनों पर प्रति भवन 1.14 करोड़ रुपए की राशि व्यय की जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने लगभग 51 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले पंडोगा-त्युड़ी ब्रिज का भूमि पूजन किया। उन्होंने हरोली में नए पीडब्ल्यूडी डिवीजन ऑफिस का शुभारंभ भी किया और लगभग 25 लाख की लागत से नवनिर्मित केलुआ स्कूल भवन का लोकार्पण भी किया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हरोली विस क्षेत्र में विकास के रथ को लगातार गति प्रदान की जा रही है, ताकि लोगों को अपने घरद्वार पर ही हर प्रकार की सुविधा मिल सके।

इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में सबसे लंबा पुल हरोली विस क्षेत्र में है। इसी कड़ी में दूसरा पुल, जो कि लगभग 51 करोड़ रुपए की लागत से पंडोगा से त्यूड़ी तक बनाया जाएगा, जिसका विधिवत रूप से भूमिपूजन कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस पुल के निर्मित होने से हरोली और कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा तथा क्षेत्र विकास के लिए यह पुल मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि यह पुल लगभग 1.5 से दो वर्ष में बनकर तैयार हो जाएगा तथा लगभग आसपास की 15 पंचायतों को लाभ मिलेगा और लोगों के समय में बचत के साथ-साथ दूरी भी कम होगी। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली अस्पताल में मरीजों को बेहतर सुविधा मिल सके।

इसके लिए अस्पताल की 50 बेड की क्षमता को बढ़ाकर 100 कर दिया गया है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि हरोली उत्सव को भी राज्य स्तरीय उत्सव का दर्जा भी प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि बालीवाल में पीएचसी भी खोला जाएगा।

इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने की ओर कदम उठाए जा रहे हैं।



हरोली में विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास करते डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री।

### इन्होंने भरी हाजिरी

इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा, कांग्रेस प्रदेश कमेटी सचिव अशोक ठाकुर, पवन ठाकुर, ओबीसी सैल के प्रमोद कुमार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनोद बिट्टू, महिला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुमन ठाकुर, एसडीएम राजीव ठाकुर, ग्राम पंचायत प्रधान सुरेखा राणा, मेहताब ठाकुर सहित अमित ठाकुर, अश्वनी सैणी, एसई लोक निर्माण विभाग जीएस राणा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल कल नाहन में



नाहन। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल का 13 मार्च को नाहन के प्रवास पर रहेंगे। उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 मार्च को राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल का नाहन प्रवास प्रस्तावित है। सुमित खिमटा ने राज्यपाल के नाहन प्रवास कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध पूरा करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दे दिए हैं।

## सीएम कल सिरमौर में

नाहन। उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के 13 मार्च को प्रस्तावित सिरमौर जिला के शिलाई क्षेत्र के प्रवास के दृष्टिगत सोमवार को नाहन में विभिन्न विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का 13 मार्च को शिलाई प्रवास प्रस्तावित है और इस दौरे को सफल बनाने के लिए सभी विभाग अपनी-अपनी तैयारियां समय पर मुक्कमल करना सुनिश्चित बनाएं। मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान विभिन्न विकास योजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास प्रस्तावित हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### एक-दूसरे के कपड़े फाड़ रहे कांग्रेसीः अनुराग



सरकाघाट। सोमवार को केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने मंडी जिला के धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के टीहरा में पंजाब नेशनल बैंक की शाखा का शुभारंभ किया। इसके बाद धर्मपुर भाजपा के त्रिदेव सम्मेलन को संबोधित करते हुए अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि इस क्षेत्र में राष्ट्रीय कृत बैंक की शाखा खोलने की मांग लंबे समय से सैनिक, पूर्व सैनिक, सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारी व यहां की स्थानीय जनता कर रही थी, जो आज पूरी हो गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश की नरेंद्र मोदी सरकार आज हर मोर्चे पर सफल साबित हुई है। देश और विदेश में मोदी सरकार का डंका बज रहा है। मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार अपने 14 महीने के कार्यकाल में फेल हो गई इनकी आपसी लड़ाई के चलते कांग्रेसी अपने आप में ही एक-दूसरे के कपड़े फाड़ रहे हैं। इनकी गारंटियां फेल हो गई।

### विश्व स्तरीय सड़कें हिमाचल की जरूरतः जयराम



मंडी। जयराम ठाकुर ने किरतपुर-नेरचौक फोरलेन के लोकार्पण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस फोरलेन से हिमाचल की सूरत बदल गई। पहले चंडीगढ़ से मंडी के लिए पांच से छह घंटे का समय लगता था, लेकिन अब यह दूरी आधे से भी कम समय में पूरी हो रही है। प्रधानमंत्री द्वारा हिमाचल प्रदेश में एक लाख करोड़ की सड़कें बनाए जाने के लिए भी उन्होंने हिमाचल प्रदेश की तरफ से उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस फोरलेन को बनाने में 4,759 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। 69 किलोमीटर लंबे फोरलेन को बनाने में लगभग चार साल लगे। इस प्रोजेक्ट में पांच टनल बनाई गई हैं। जयराम ठाकुर इस भव्य लोकार्पण कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़े। जयराम ठाकुर ने कहा कि विश्व स्तरीय सड़कें हिमाचल की जरूरत हैं। हिमाचल प्रदेश के पर्यटन उद्योग को ऊंची उड़ान देने के लिए सड़कें सबसे महत्वपूर्ण होती हैं।

### हमारा लक्ष्य हर कदम विकास की ओरः जम्वाल



शिमला। सुंदरनगर फोरलेन को जनता को समर्पित करने के लिए विधायक राकेश जम्वाल ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा जब से प्रधानमंत्री मोदी ने इस देश का नेतृत्व संभाला। हमारा देश निरंतर तरक्की करके आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा समय-समय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश को अनेक बड़े तोहफे दिए, जिसकी हम कभी कल्पना नहीं कर सकते थे। हिमाचल जैसे छोटे से प्रांत में एम्स की स्थापना हुई है। इसके लिए नरेंद्र मोदी का धन्यवाद और विभिन्न परियोजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल वासियों को कोई दुर्घटना हो जाती थी, तब पीजीआई चंडीगढ़ जाने के लिए जब कोई मंडी, कुल्लू, सुंदरनगर से व्यक्ति चलता था तो कितनी दिक्कतें आती थीं, लेकिन आज फोरलेन के निर्माण के पश्चात आज ऐसा दृश्य बना है, जहां पर्यटन को भी बढ़ावा मिल रहा है व किसी संकट काल में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### जनता का विश्वास खो चुकी है सरकारः बलबीर



शिमला। हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा चुनाव से शुरू हुई सियासी उठा पटक में भले ही नरमाई नजर आ रही हो, लेकिन इसके बाद से लगातार प्रदेश में सियासी बयानबाजी का दौरा जारी है। सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री से लेकर कांग्रेस के बागी विधायक एक-दूसरे पर तंज के बाण छोड़ते हुए नजर आ रहे हैं। अब इस पर भाजपा ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए नेताओं के बीच चल रही बयानबाजी को दुर्भाग्यपूर्ण और हिमाचल की संस्कृतिक के विरुद्ध बताया है। शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा प्रदेश प्रवक्ता बलबीर वर्मा ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस के नेता बौखलाहट में आकर एक-दूसरे पर अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री प्रदेश की जनता और प्रदेश के चुने हुए प्रतिनिधियों का विश्वास खो बैठे हैं। बलवीर वर्मा ने अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए कहा कि सरकार जैसे ही अल्पमत में आई पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंपने चले गए, तब केवल एक वोट से सरकार गिरी थी, लेकिन हिमाचल प्रदेश में विधायकों को पिंजरे में बांधकर सरकार बचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है।

### वीरेंद्र कश्यप को टिकट मिलने की आस



सोलन। शिमला संसदीय सीट से दो बार सांसद रह चुके भाजपा नेता वीरेंद्र कश्यप को इस बार के लोकसभा चुनाव में टिकट मिलने की आस है। कयास लगाए जा रहे हैं कि सिरमौर के गिरीपार क्षेत्र के हाटी समुदाय को केंद्र से मिले एसटी स्टेटस को कैश करने के लिए आलाकमान उन्हें लोकसभा चुनाव में शिमला संसदीय सीट के लिए पार्टी का उम्मीदवार बना सकती है। कश्यप का सिरमौर सहित सोलन और शिमला जिला में भी अच्छा खासा होल्ड है। बता दें कि हाटी समुदाय को एसटी का दर्जा दिए जाने के मुद्दे को वीरेंद्र कश्यप ने सांसद रहते लोकसभा में जोरशोर से उठाया था। इसके बाद मोदी सरकार ने इसे मंजूरी दी। कश्यप कई बार अपने वक्तव्य में कह चुके हैं कि हिमाचल निर्माता डॉ. यशवंत सिंह परमार, पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार, प्रेम कुमार धूमल सहित तमाम नेताओं के सामूहिक प्रयासों से यह मामला सिरे चढ़ा, जहां तक श्रेय का सवाल है सारे मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसका श्रेय जाता है।

### अधूरी योजनाओं का उद्घाटन कर रहे मंत्रीः भाजपा

रोहडू। भारतीय जनता पार्टी जुब्बल कोटखाई मंडल अध्यक्ष उमेश शर्मा ने कहा कि जुब्बल कोटखाई के विधायक एवं शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर भाजपा सरकार के समय में बनी पेयजल योजनाओं व सिंचाई योजनाओं का आधे-अधूरे में उद्घाटन करके झूठा श्रेय लेने का काम कर रहे हैं। कठासू क्षेत्र से स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता नरेश सिथटा, हरीश केस्टा, मोहिंदर राजटा व दीपक सरजोलटा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार के समय तत्कालीन मंत्री नरेंद्र बरागटा द्वारा कठासु और बरथाटा क्षेत्र में सिंचाई एवं पेयजल योजनाओं का शुभारंभ किया गया था, परंतु अभी तक ये योजनाएं आधी-अधूरी हैं। वहीं, लोकसभा चुनावों की जल्दबाजी में झूठा श्रेय लेने के प्रयास में स्थानीय विधायक और मंत्री अपनी पट्टिका लगाने के लिए अधूरे कार्यों का उद्घाटन कर रहे हैं।

## शिमला में छात्र ने निगला जहर, इलाज के दौरान हुई मौत



शिमला। अपर शिमला के चौपाल उपमंडल के एक छात्र की जहरीले पदार्थ के सेवन से मौत हो गई है। छात्र ने शिमला के आईजीएमसी अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच के मुताबिक छात्र ने जहरीला पदार्थ गलती से पी लिया था। मृतक की पहचान चौपाल के झलास गांव निवासी कृष पुत्र योगेंद्र कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। कृष ने पिता को बताया था कि 29 फरवरी को उसने गलती से जहरीला पदार्थ पी लिया था, लेकिन उस पर किसी ने ऐसा करने के लिए दबाव नहीं डाला था। योगेंद्र ने किसी पर भी शक जाहिर नहीं किया है। एसपी शिमला संजीव गांधी ने खबर की पुष्टि की है।

# 10.200 किलो चरस के साथ दो गिरफ्तार

## बद्दी में चंबा के दो युवकों से पुलिस ने बरामद की नशे की खेप

अनंत ज्ञान, बीबीएन

जिला बद्दी पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को 10.200 किलोग्राम चरस समेत गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान दिनेश कुमार (22) तहसील सलूणी जिला चंबा व अजय कुमार (19) तहसील सलूणी जिला चंबा से हुई।

जानकारी के अनुसार बद्दी पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि दो युवक टाटा नेक्सान गाड़ी में नशे की खेप लेकर आ रहे हैं, जिस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने खाबड़ियां सड़ोली के समीप कार को रोका, जिसकी तलाशी लेने पर भारी मात्रा में 10.200 किलोग्राम चरस बरामद हुई, जिसे अलग-अलग जिलों में सप्लाई किया जाना था। पुलिस ने आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करते हुए चरस की खेप को जब्त कर लिया है। अब पुलिस आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड हासिल करेगी और पूरे मामले को लेकर पूछताछ करेगी, ताकि ड्रग रैकेट का पर्दाफाश किया जा सके। जिला बद्दी पुलिस के एएसपी अशोक वर्मा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सड़ोली के समीप से एक कार में सवार दो युवकों के पास से 10.200 किलोग्राम चरस बरामद की गई। थाना बद्दी के तहत आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।



बद्दी में चरस के साथ पकड़े गए आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

### 504 ग्राम चरस बरामद

मंडी। पुलिस थाना सदर मंडी की टीम ने नाकाबंदी के दौरान हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस में सवार सागर (25), उत्तराखंड निवासी से 504 ग्राम चरस बरामद की है। आरोपी के खिलाफ थाना सदर में एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी सागर चंद्र ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश कर तीन दिन की पुलिस हिरासत में लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

## एचआरटीसी में कैशलैस सिस्टम शुरू करने के लिए कंडक्टरों को टिप्स

शिमला। हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों में कैशलैस सिस्टम शुरू करने को लेकर निगम प्रबंधन ने परिचालकों को ट्रेनिंग देना शुरू कर दिया है। प्राथमिक चरण में सोमवार को शुरू हुए ट्रैनिंग सैशन में निगम प्रबंधन ने लोकल यूनिट, तारादेवी यूनिट और वोल्वो सैल के परिचालकों को मशीनों के संबंधीत विस्तृत जानकारी प्रदान की। आरएम शिमला विनोद शर्मा ने परिचालकों को नई ई-टिकटिंग मशीन में गूगल पे, क्रेडिट, डेबिट कार्ड और क्यूआर कोड स्कैनर से किराया लेने की बारकियों के बारे में बताया कि किस तरह से मशीन चलेगी और कैसे कंर्फम होगा कि किराए का भुगतान हो गया है। इसके अतिरिक्त निगम प्रबंधन की टीम ने परिचालकों की मशीन चलाने से संबंधित प्रश्नों के भी उत्तर दिए और उनके संश्य को दूर किया।

आरएम विनोद शर्मा ने बताया कि परिचालकों को नई मशीनों के बारे में ट्रेनिंग दी जा रही है। मशीन चलाने की बारिकियों को परिचालकों को बताया जा रहा है, ताकि सफर के दौरान किसी भी यात्री को कैशलैस भुगतान को लेकर परेशानी न आए। उन्होंने कहा कि परिचालकों को नई मशीनें चलाने के पूर्ण प्रशिक्षण के बाद ही उनके हाथों में मशीनें थमाई जाएंगी। आगामी एक सप्ताह में लोकल डिपो में नई ई टिकटिंग मशीनों से कैशलैस व्यवस्था शुरू होगी। उन्होंने बताया कि परिचालकों के लिए एक अलग से सैशन भी रखा जाएगा, जिसमें उनकी मशीनों से संबंधित प्रश्नों के जवाब दिए जाएंगे।

अनंत ज्ञान
अनुभवी स्टाफ चाहिए
'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।
संपादकीय विभाग
प्रूफ रीडर, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर एवं उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।
डिजिटल मीडिया
डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।
मार्केटिंग विभाग
मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।
सर्कुलेशन विभाग
अनंत ज्ञान अखबार को प्रचार और प्रसार के लिए कुशल और अनुभवी सर्कुलेशन एग्जीक्यूटिव चाहिए।
मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

**सियासत** सरकार गिराने, बचाने की कशमकश में तय नहीं हुए भाजपा-कांग्रेस के उम्मीदवार

# अभी नहीं रुकी कांग्रेस-बीजेपी की 'सियासी छिंज'

अरविंद शर्मा, शिमला

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा के बीच एक सियासी छिंज अभी रुकी नहीं है कि अब दूसरी महाछिंज (लोकसभा चुनाव) का नगाड़ा बजने वाला है। कांग्रेस में बगावत और इसे हवा देती भाजपा ने इस महाछिंज के अखाड़े को ही बदल दिया है। हालांकि अभी प्रमुख पहलवान (प्रत्याशी) तय नहीं हैं। सरकार गिराने और बचाने की कशमकश के बीच भाजपा और कांग्रेस दोनों के ही उम्मीदवार अभी तय नहीं हो पाए हैं।

दोनों दल कठोर कसरत कर रहे हैं। पिछले दो आम चुनाव में कांग्रेस को चारों खाने चित कर चुकी भाजपा हैट्रिक लगाने की हुंकार भर चुकी है।

सवा दो साल पहले उपचुनाव में कांग्रेस ने भाजपा से मंडी की सीट झटककर प्रतिभा सिंह को अकेला सांसद बनाया जरूर था, पर बदले माहौल में अंतर्कलह से जूझती कांग्रेस के पास चारों सीटों पर इसी दमखम को बनाए रखना पहाड़ जैसी चुनौती है। गृह राज्य होने के चलते भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ प्रादेशिक नेताओं के लिए भी यह चुनाव प्रतिष्ठा का सवाल है। कांग्रेस के घर में फूट पड़ने के बाद सीएम सुक्खू और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह की भी कड़ी परीक्षा है।

तीन सीटों हमीरपुर, कांगड़ा और शिमला में भाजपा का परचम है। कांग्रेस की अकेली मंडी सीट पूर्व सीएम जयराम का भी प्रभाव क्षेत्र है। (अनंत ज्ञान)

### कांग्रेस के सामने बागी सबसे बड़ी चुनौती

चुनाव से पहले कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी चुनौती अपने बागी हैं। पार्टी के छह विधायक कांग्रेस के प्रत्याशी को राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग से हरा उत्तराखंड में पड़ाव डालकर कांग्रेस की परेशानी बने हैं। हरियाणा के बाद उन्होंने उत्तराखंड में भाजपा शासित राज्य में पनाह ली है।

### मोदी फैक्टर और कांग्रेस की फूट से भाजपा को आस

भाजपा को हिमाचल में मोदी के नाम पर करिश्मे की आस है। भाजपा को यह उम्मीद है कि मोदी फैक्टर इस बार भी काम करेगा। भाजपा को एक आस यह भी है कि राम मंदिर का मुद्दा भी देवभूमि में काम कर सकता है। आदर्श चुनाव आचार संहिता लगने से पहले केंद्र ने प्रदेश में उद्घाटन और शिलान्यास की झड़ियां लगा दी हैं। भाजपा यहां कांग्रेस के बागियों को टिकट देकर मैदान में उतारने के विकल्प पर भी विचार कर रही है।

### तीसरा कोई विकल्प नहीं

इस चुनावी कुश्ती में कांग्रेस और भाजपा के अलावा कोई तीसरा बड़ा पहलवान नजर नहीं आ रहा है। हिविकां के गठबंधन से 1998 में भाजपा की सरकार बनने के बाद 1999 में धनीराम शांडिल शिमला लोकसभा सीट से गठबंधन के बाद हिविकां से सांसद बने। यह बात साफ हो गई कि यहां पर द्विदलीय प्रणाली ही जनता की पसंद है। लोकसभा चुनाव के दौरान प्रदेश में अन्य दलों में सिर्फ जनता पार्टी और हिमाचल विकास कांग्रेस को एक-एक बार जीत मिली। इसके अलावा वर्ष 1977 में मंडी सीट से जनता पार्टी के प्रत्याशी गंगा सिंह जीते।

### पहाड़ में चुनौती से कम नहीं चुनाव करवाना

हिमाचल में इस चुनाव में नेताओं और पार्टियों की ही नहीं, मतदाताओं की भी परीक्षा होगी। अभी भी कई क्षेत्र बर्फ से लकदक हैं, जहां मई में बर्फ पिघलती है। प्रदेश में 20 मतदान केंद्र 12,000 फुट की ऊंचाई पर स्थापित होते हैं। 65 मतदान केंद्र ऐसे हैं, जो 10,000 से 12,000 फुट की ऊंचाई पर बनाए जाते हैं। इन मतदान केंद्रों तक बुजुर्गों, दिव्यांगों का पैदल पहुंचना आसान नहीं होता। राज्य निर्वाचन विभाग में पिछली बार से मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के लिए अभियान शुरू कर दिए हैं।

# मोटी-मोटी अक्ख गाने पर नाचा पंडाल

## शिवजोत के नाम रही राज्य स्तरीय बैजनाथ शिवरात्रि महोत्सव की तीसरी संध्या

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

राज्य स्तरीय शिवरात्रि महोत्सव की तीसरी संध्या पंजाबी सिंगर शिवजोत के नाम रही। उन्होंने प्लाजो, शरारा, मोटी-मोटी अक्ख, पंजेबा, टोर टप्पा तथा बार्बी डॉल आदि गाकर खूब वाहवाही लूटी।

हिमाचली जोड़ी के नाम से प्रसिद्ध गायक अर्जुन गोपाल तथा उनकी पत्नी गायिका रंजना रघुवंशी ने लामा इश्के दे अंबरे उडारियां, तुम्हें दिल्लगी भूल जानी पड़ेगी, इतने में बारिश शुरू हो गई और लोग रफ्ता-रफ्ता घरों की और कुछ करने लगे, परंतु हिमाचली टप्पे, ए वतन, इसी ग्रांए देया लंबड़ा ओ के बाद नॉन स्टॉप पहाड़ी नाट्टियां गाकर लोगों को पंडाल में बैठने को मजबूर ही नहीं कर दिया, बल्कि लोग पंडाल में नाचने लग पड़े पहाड़ी गायक हेमंत शर्मा ने लाल तेरे होठरू, सुने रा काने झुमका के बाद नॉन स्टॉप पहाड़ी नाट्टियां गाकर लोगों को झुमाया। हास्य कलाकार पंकज डोगरा ने हंसा हंसा कर लोगों को लोटपोट किया।



इससे पहले अंतिम संध्या के मुख्याथिति कैबिनेट मंत्री यादविंद्र गोमा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। मेला कमेटी ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एसडीएम देवी चंद ठाकुर, रविंद्र बिट्टू, अनुराग शर्मा, वीरेंद्र जम्वाल, मनोज कपूर विकास राणा कुलदीप राणा मिलाप राणा शलभ अवस्थी, सचिन शर्मा आदि मौजूद रहे।

# आशा कार्यकर्ताओं ने सीएम को बताया दर्द

## इंदौरा दौरे के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को सौंपा मांगों का ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

हिमाचल प्रदेश आशा कार्यकर्ता संघ की पूर्व प्रदेश अध्यक्षा सुमन देवी का कहना है कि प्रदेश सरकार ने 2014 में आशा कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की थी, जिसमें मात्र जच्चा, बच्चा की सुरक्षा के लिए आशा वर्कर्स को नियुक्त किया गया थ।

समूचे प्रदेश में आशा की नियुक्ति के बाद जच्चा, बच्चा मृत्यु दर में काफी कमी आ रही है और यह आंकड़े बताते हैं देश-प्रदेश को पोलियो मुक्त करवाने में आशा वर्कर्स ने अहम भूमिका निभाई है, और अब हिमाचल को टीबी जैसी बीमारी से मुक्त करवाने का अभियान चला हुआ है और आशा से हर प्रकार के काम करवाए जाते हैं छह पोर्टल पर आशा वर्कर्स काम कर रही हैं।

मगर, आशा वर्कर्स को कम के हिसाब से दाम नहीं दिया जाता है और आठवी पढ़ी लिखी आशा से बीए पास के बराबर के काम करवाए जा रहे हैं, फिर भी आशा को निराशा का ही मुंह देखना पड़ता है हाल ही में बजट पास हुआ, जिसमें सबसे कम मानदेय आशा को दिया गया, जिसके कारण समूचे प्रदेश की आशा बहनों में रोष की स्थिति बनी हुई है, सबसे ज्यादा धरातल पर सेवाएं प्रदान कर रही आशा बहनों को सबसे निम्न श्रेणी में रखा गया, जिसके कारण आशा बहनों का मनोबल ही टूट गया है, क्योंकि आशा वर्कर्स को ऐसी उम्मीद सरकार से कभी नहीं कि सरकार सबसे कम मानदेय आशा वर्कर्स का बढ़ाएगी।

कोरोना काल जैसी वैश्विक बीमारी में आशा वर्कर्स ने सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया, स्वास्थ्य विभाग और सरकार के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए लोगों का घर घर जाकर सर्वे किए हर प्रकार की बीमारियों के आंकड़े स्वास्थ्य विभाग तक पहुंचाए वो भी अपनी जान की परवाह किए बगैर अपनी सेवाएं धरातल तक पहुंचाई आपदा के समय सरकार का साथ दिया मगर सरकार ने तो आशा को ही निराश कर दिया। सरकार से हम यही चाहती हैं कि सरकार आशा वर्कर्स को रेगुलर पे स्केल के दायरे में लाएं।





















# सात्विक और चिराग की जोड़ी ने जीता फ्रेंच ओपन युगल खिताब

## ली झे-ह्यूई और यांग पो-हुआन को 37 मिनट में 21-11, 21-17 से हराया

**एजेंसी, पेरिस**

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने फ्रेंच ओपन में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चीनी ताइपे के ली झे-ह्यूई और यांग पो-हुआन की जोड़ी पर सीधे गेम में जीत के साथ दूसरी बार फ्रेंच ओपन बैडमिंटन पुरुष युगल का खिताब जीता।

दुनिया की नंबर-1 भारतीय जोड़ी ने इससे पहले 2022 इस खिताब को जीता था। यह जोड़ी 2019 में फ्रेंच ओपन में उपविजेता रही थी। एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग ने ली और यांग को 37 मिनट तक चले मुकाबले में 21-11, 21-17 से हराकर सत्र का पहला खिताब जीता।

### साल का तीसरा फाइनल

**भारतीय** जोड़ी इस साल का तीसरा फाइनल खेल रही थी। इस जोड़ी ने इस साल मलेशिया सुपर 1000, इंडिया सुपर 750 में दूसरे स्थान पर रही थी, जबकि पिछले साल चाइना मास्टर्स सुपर 750 में भी उपविजेता रही थी।



विजयी ट्रॉफी के साथ पोज देते सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी।

## सात्विक-चिराग करेंगे ऑल इंग्लैंड में भारत की अगुवाई

**बर्मिंघम ।** फ्रेंच ओपन चैंपियन सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मंगलवार से यहां शुरू हो रही ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में खिताब के लिए भारत का 23 साल का इंतजार खत्म करने की कोशिश करेंगे।




भारत के लिए खिताब प्रकाश पादुकोण (1980) और पुलेला गोपीचंद (2001) ही जीत सके हैं जबकि साइना नेहवाल (2015) और लक्ष्य सेन (2022) उपविजेता रहे। आम तौर पर भारत में यह टूर्नामेंट काफी प्रतिष्ठित माना जाता रहा है लेकिन अब यह अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर में चार सुपर-1000 टूर्नामेंटों में से एक है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू का सामना पहले दौर में जर्मनी की वोन्ने लि से होगा जिसके बाद दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी कोरिया की अन सि यंग से टक्कर हो सकती है। सिंधू ने बाएं घुटने की चोट से उबरकर पिछले सप्ताह फ्रैंच ओपन में वापसी की थी लेकिन क्वार्टर फाइनल में हार गई। लक्ष्य सेन पहले दौर में मलेशिया के एंग जि योंग से खेलेंगे और दूसरे दौर में डेन एंडर्स एंटोनसेन से टक्कर हो सकती है। दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी एचएस प्रणय पहले दौर में चीनी ताइपै के सू लि यांग से खेलेंगे।

## रुद्रांश खंडेलवाल को पैरा विश्व कप में रजत पदक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के रुद्रांश खंडेलवाल और निहाल सिंह ने पैरा निशानेबाजी विश्व कप के तीसरे दिन मिश्रित 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) स्पर्धा में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। रुद्रांश, निहाल और टोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता सिंहराज की तिकड़ी ने मिश्रित 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) टीम स्पर्धा का रजत पदक भी जीता।




पिछले साल पेरिस पैरालंपिक का कोटा हासिल करने वाले निशानेबाज रुद्रांश ने फाइनल में 223.2 अंक जुटाए। इटली के डेविड फ्रांसेचेटी ने 230.0 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। निहाल ने 202.8 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

## ला लीगा : रियल मैड्रिड ने सेल्टा विगो को हराया

**मैड्रिड।** रियल मैड्रिड ने घरेलू मैदान पर संघर्षरत सेल्टा विगो को 4-0 से हराकर ला लीगा के शीर्ष पर अपनी सात अंकों की बढ़त बरकरार रखी है। मैच के 21वें मिनट में विनीसियस जूनियर ने गोल कर मैड्रिड को 1-0 से आगे कर दिया। मध्यांतर के बाद मैच के 79वें मिनट में मैड्रिड के एंटोनियो रुडिगर का हेडर गोल पोस्ट से टकराया और सेल्टा के गोलकीपर विसेंट गुएटा की गलती से गोल पोस्ट में चला गया, जिससे रियल मैड्रिड की बढ़त 2-0 हो गई। इसके बाद कार्लोस डोमिंगुएज ने 88वें मिनट में गेंद को अपने ही गोल पोस्ट में डाल कर मैड्रिड की बढ़त 3-0 कर दी। इंजुरी टाइम में आर्दा गुलेर ने एक और गोल कर मैड्रिड को 4-0 से जीत दिला दी।

## न्यूज ब्रीफ

### नोस्कोवा को हराकर स्वियातेक परीबस ओपन के अंतिम-16 में



**इंडियन वेल्स ।** पोलैंड की इगा स्वियातेक ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में मिली हार का बदला चुकता करते हुए लिंडा नोस्कोवा को 6-4, 6-0 से हराकर बीएनपी परीबस ओपन के अंतिम-16 में प्रवेश कर लिया। दूसरी वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज और तीसरी वरीयता प्राप्त यानिक सिनेर भी अगले दौर में पहुंच गए लेकिन पांचवीं वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव को 32वीं वरीयता प्राप्त जिरि लेहेका ने 6-4, 6-4 से हराया। अल्काराज ने फेलिक्स आगर एलियास्सिमे को 6-2, 6-3 से मात दी जबकि सिनेर ने जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6-3, 6-4 से हराया। स्वियातेक का सामना अब कजाखस्तान की यूलिया पुतिनत्सेवा से होगा ।

### बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में हो सकती है शमी की वापसी

**धर्मशाला।** टखने की सर्जरी से उबर रहे भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इस साल सितंबर में बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के दौरान वापसी कर सकते हैं। यह जानकारी बीसीसीआई सचिव जय शाह ने दी। शमी इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से बाहर रहे थे। पिछले महीने हुई टखने की सर्जरी के कारण वह बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र से भी बाहर रहेंगे। शमी ने भारत के अपना पिछला मैच एकदिवसीय विश्व कप में खेला था। भारत सितंबर में दो टेस्ट और तीन टी-20 मैचों के लिए बांग्लादेश की मेजबानी करेगा।



### आयरलैंड के खिलाफ वापसी के लिए तैयार राशिद खान

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के जरिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार हैं। राशिद पिछले साल नवंबर में 50 ओवर के विश्व कप के बाद से पीठ की सर्जरी के बाद क्रिकेट से दूर हैं। आयरलैंड ने एकमात्र टेस्ट मैच जीता जबकि अफगानिस्तान मौजूदा तीन मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 से आगे है। पहला मैच अफगानिस्तान ने 35 रन जीता था जबकि दूसरा मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। 12 मार्च को सीरीज के आखिरी वनडे के बाद, अफगानिस्तान तीन टी-20 मैचों में आयरलैंड से भिड़ेगा, जिसके मैच 15, 17 और 18 मार्च को होंगे।



### गैर-बिरादरी में किया प्रेम विवाह तो होगा हुक्का-पानी बंद

**हरिद्वार।** अंबेडकर पार्क शिवदासपुर उर्फ तेलीवाला में समाजसेवी सोनू कश्यप की अध्यक्षता में गांव के सभी सर्व समाज के लोगों की एक बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि अलग-अलग बिरादरियों की लड़का-लड़की प्रेम प्रसंग के चलते प्रेम विवाह करते हैं तो उनका बिरादरी से हुक्का-पानी बंद किया जाएगा। बैठक में लोगों का कहना था कि आजकल के नए लड़के-लड़कियां, जो प्रेम में पड़कर घर से फरार हो रहे हैं, जिस कारण से गांव के अंदर माहौल खराब हाता है और एक-दूसरे की दुश्मनी बढ़ रही है। बैठक में कश्यप समाज ने तय किया कि अगर कोई कश्यप समाज का लड़का या लड़की किसी भी बिरादरी के साथ गांव से फरार होते हैं तो उनका हुक्का-पानी बंद करते हुए गांव में नहीं रहने दिया जाएगा।

### चेक बाउंस पर अमीषा पटेल ने दी 20 लाख की पहली किस्त

**रांची ।** फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल से जुड़े चेक बाउंस मामले में सोमवार को शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह को प्रथम किस्त की राशि 20 लाख रुपए आरटीजीएस के माध्यम से अकाउंट में जमा करवा दी गई है। इससे पूर्व नौ मार्च को सिविल कोर्ट में लगी राष्ट्रीय लोक अदालत में अमीषा पटेल एवं शिकायतकर्ता के बीच दो करोड़ 75 लाख रुपए में सहमति बनी थी। इसमें पांच किस्तों में पूरी राशि लौटाने है। किस्त की पहली राशि सोमवार को शिकायतकर्ता को मिल गई। चेक बाउंस की पूरी राशि शिकायतकर्ता के खाते में आने के बाद ही केस बंद होगा।



### अजय देवगन की 'शैतान' का बॉक्स ऑफिस पर जलवा जारी

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार अजय देवगन की फिल्म 'शैतान' 8 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। पहले तीन दिन में फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की है। इस फिल्म में पहली बार अजय देवगन और आर माधवन एक साथ नजर आए हैं। आज तक हीरो के तौर पर मशहूर आर माधवन ने इस फिल्म में विलेन का किरदार निभाकर दर्शकों को हैरान कर दिया है। काले जादू, वशीकरण पर आधारित हॉरर और थ्रिलर 'शैतान' दर्शकों के बीच हिट हो गई है ।

## त्रियुंड की ट्रैकिंग पर गए इंग्लैंड के खिलाड़ी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

स्वदेश लौटने से पहले इग्लैंड टीम के खिलाड़ी विश्व विख्यात पर्यटन स्थल धर्मशाला के सुगम और सरल ट्रेक के रूप में विख्यात त्रियुंड की ट्रैकिंग के लिए पहुंचे। इस दौरान इंग्लिश टीम के कोच कोलिंवुड, कप्तान बेन स्टोक्स, बेन मैथ्यू डकेट, जैफ क्राले, मार्क वुड समेत टीम स्टाफ ने बर्फ पड़े पहाड़ों से गुजरने का मजा लिया। इस दौरान टीम के खिलाड़ियों ने जहां यहां के कुदरती नजारों को कैमरे में कैद किया तो, वहीं क्रिकेट फैंस के साथ सेल्फी भी ली। यहां बताते चलें कि मंगलवार को इंग्लैंड की टीम स्वदेश लौटेगी। वहीं इसे पूर्व रविवार को भारतीय टीम के खिलाड़ी भी धर्मशाला से लौट चुके हैं। ट्रैकिंग के दौरान पुलिस के कर्मचारी भी टीम के खिलाड़ियों के साथ मौजूद रहे।



इग्लैंड के खिलाड़ी त्रियुंड में ट्रेकिंग के लिए पहुंचे। खिलाड़ियों ने स्थानीय लोगों के साथ सेल्फी भी ली।

## ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को रोमांचक टेस्ट में तीन विकेट से दी पटकनी

**एजेंसी, क्राइस्टचर्च**

**विकेटकीपर** एलेक्स कैरी के नाबाद 98 रन और मिशेल मार्श के साथ 140 रन की साझेदारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट में न्यूजीलैंड को तीन विकेट से हराकर सीरीज 2-0 से जीत ली। चौथे दिन कोई भी टीम जीत सकती थी लेकिन मार्श की 80 रन की पारी और कैरी के साथ उनकी साझेदारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने इस रोमांचक टेस्ट में बाजी मारी। उन्होंने 281 रन का लक्ष्य सात विकेट खोकर हासिल किया।

न्यूजीलैंड टीम अपनी सरजमीं पर 31 साल में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट हराने से चूक गई। मार्श के आऊट होने के समय ऑस्ट्रेलिया को 59 रन की जरूरत थी और उसके चार विकेट हाथ में थे। मिशेल स्टार्क अगली गेंद पर आऊट हुए तब उसके पास तीन ही विकेट बचे थे। कैरी ने हालांकि कप्तान पैट कमिंस (नाबाद 32) के साथ 61 रन की नाबाद साझेदारी करके टीम को जीत तक पहुंचाया।

### ऑस्ट्रेलिया डब्ल्यूटीसी तालिका में दूसरे स्थान पर

**दुबई ।** न्यूजीलैंड को टेस्ट सीरीज में 2-0 से हराकर ऑस्ट्रेलिया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लयूटीसी) तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। ऑस्ट्रेलिया को इस जीत से 12 अंक मिले । अब 12 मैचों के बाद उसके प्रतिशत अंक 59.09 से 62.50 हो गए हैं। न्यूजीलैंड के 60 प्रतिशत अंक से गिरकर 50 हो गए हैं और वह तालिका में तीसरे स्थान पर है।

## प्रियंका चोपड़ा का ऑस्कर जीतने का सपना टूटा यूक्रेन युद्ध पर बनी डॉक्यूमेंट्री ने जीता अवॉर्ड

**एजेंसी, नई दिल्ली**


डॉक्यूमेंट्री फीचर ऑस्कर कैटेगरी में भारत में आधारित कहानी 'टु किल ए टाइगर' यूक्रेन पर आधारित '20 डेज इन मारियुपोल' से हार गई। यूक्रेनी फिल्म मेकर और वॉर कॉरसपॉन्डेंट मस्टीस्लाव चेर्नोव के डायरेक्शन में बनी '20 डेज इन मारियुपोल' रूस के आक्रमण के बाद मारियुपोल में फंसे यूक्रेनी पत्रकारों की कहानी है। बेस्ट डॉक्युमेंट्री फीचर कैटेगरी में 'बॉबी वाइन: द पीपल्स प्रेसिडेंट', 'द इटरनल मेमोरी' और 'फोर डॉटर्स' भी शामिल थे।

कनाडाई प्रोडक्शन 'टु किल ए टाइगर' का डायरेक्शन दिल्ली में जन्मी निशा पाहुजा ने किया था। वो टोरंटो में एमी-नॉमिनेटेड फिल्म मेकर हैं। इसका वर्ल्ड प्रीमियर टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2022 में हुआ जहां इसने बेस्ट कनाडाई फीचर फिल्म के लिए एम्प्लीफाई वॉयस अवार्ड जीता। इसके अलावा 'टु किल ए टाइगर' को एक्टर देव पटेल, मिंडी कलिंग, प्रियंका चोपड़ा जोनस, कनाडाई कवि रूपी कौर और सर्जन-बेस्टसेलिंग लेखक अतुल गवांडे इस फिल्म के एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर हैं। नेटफ्लिक्स पर इसका प्रीमियर ऑस्कर सेरेमनी से कुछ घंटे पहले ही हुआ है।




### बिना कपड़ों के ही ऑस्कर के स्टेज पर पहुंचे जॉन सीना

**'ऑस्कर'** अवॉर्ड का अंतरराष्ट्रीय समारोह हर वर्ष किसी न किसी वजह से चर्चा में रहता है। ऑस्कर के मंच पर कई अजीब घटनाएं हुई, जिनकी चर्चा पूरी दुनिया में होती रही है। आज भी ऑस्कर समारोह में भी कुछ ऐसा ही हुआ है। ऑस्कर 2024 पुरस्कार समारोह के दौरान रेसलर और हॉलीवुड अभिनेता जॉन सीना सर्वश्रेष्ठ कस्टूम डिजाइन का पुरस्कार देने के लिए बिना कपड़ों के स्टेज पर पहुंच गए।



### ओपेनहाइमर ने बेस्ट फिल्स सहित जीते सात अवॉर्ड

**लॉस** एंजल्स के डॉल्बी थिएटर में 96वें ऑस्कर अवॉर्ड का ऐलान हो गया है। ओपेनहाइमर ने बेस्ट फिल्म समेत कुल सात अवॉर्ड अपने नाम किए।

**बेस्ट निर्देशन**
क्रिस्टोफर नोलन (ओपेनहाइमर)

**सर्वश्रेष्ठ अभिनेता**
सिलियन मर्फी
(ओपेनहाइमर)



**बेस्ट सपोर्टिंग अभिनेता**
रॉबर्ट डाउनी जूनियर(ओपेनहाइमर)

**बेस्ट फिल्म एडिटिंग**
'ओपेनहाइमर'

**बेस्ट सिनेमैटोग्राफी**
'ओपेनहाइमर'

**लुडविग गोरानसन बेस्ट ओरिजनल स्कोर**
'ओपेनहाइमर'

**सर्वश्रेष्ठ पिचर**
'ओपेनहाइमर'

**बेस्ट एक्ट्रेस**
एमा स्टोन
(पुअर थिंग्स)



## बॉलीवुड के 'जी सिने अवॉर्ड्स' में शाहरुख को मिला सर्वश्रेष्ठ अवार्ड

**मुंबई ।** हॉलीवुड में इस वक्त 96वें ऑस्कर अवॉर्ड की चर्चा हो रही है। वहीं भारत में 'जी सिने अवॉर्ड्स' के रेड कार्पेट पर पूरा बॉलीवुड कला जगत एक साथ नजर आ रहा है। समारोह दौरान मनोरंजन जगत में अच्छा प्रदर्शन करने वाली हस्तियों को सम्मानित किया गया। 'जी सिने अवॉर्ड्स' में शाहरुख खान को इस साल का सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और उनकी फिल्म 'जवान' को बेस्ट फिल्म के अलावा वीएफएक्स, बेस्ट एक्शन का भी अवॉर्ड मिला है।



शाहरुख खान, रानी मुखर्जी, अनन्या पांडे, आलिया भट्ट, बॉबी देओल जैसे दिग्गज कलाकारों ने शिरकत की। वर्ष 2023 में, शाहरुख ने चार साल के अंतराल के बाद बॉक्स ऑफिस पर वापसी की। इस समारोह में पुरस्कार के लिए अभिनेता की तीन फिल्में 'पठान', 'जवान', 'डंकी' दौड़ में थीं। किंग खान को सबसे ज्यादा सफलता 'जवान' के लिए मिली। शाहरुख के साथ-साथ रानी मुखर्जी, कार्तिक आर्यन, बॉबी देओल, आलिया भट्ट, कियारा आडवाणी को भी अवॉर्ड मिले।

## कच्चा तेल 82 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में कुछ गिरावट दर्ज की गई है। ब्रेंट क्रूड 82 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 78 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने सोमवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए, डीजल 89.62 रुपए, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए, डीजल 94.27 रुपए, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए, डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।




## सीबीआई ने टीएमसी शाहजहां शेख के नौ करीबी सहयोगियों को भेजा समन

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के निलंबित नेता शाहजहां शेख के नौ करीबी सहयोगियों को समन भेज कर जांच एजेंसी के सामने पेश होने के लिए कहा है। एजेंसी को संदेह है कि ये नौ व्यक्ति कथित तौर पर पांच जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हुए हमले में शामिल थे और जब वे (अधिकारी) पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में शेख के परिसरों में छापेमारी करने गए थे तो (जांच एजेंसी की) टीम को निशाना बनाने के लिए उन्होंने भीड़ को उकसाया था। शेख 14 मार्च तक सीबीआई की हिरासत में है और हमले में उसकी भूमिका की जांच जारी है।

## मुंबई कीकोस्टल रोड का लोकार्पण अब 5 घंटे का सफर 15 मिनट में



**एजेंसी, मुंबई**

महानगर के महत्वाकांक्षी कोस्टल (तटीय) रोड के पहले चरण का उद्घाटन सोमवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने किया। बहुप्रतीक्षित इस तटीय रोड को मंगलवार से मुंबईवासियों के लिए खोल दिया जाएगा। इससे 5 घंटे का सफर सिर्फ 15 मिनट में संभव हो सकेगा।

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बताया कि तटीय मार्ग को पूरी तरह टोलमुक्त रखा गया है। साथ ही इस तटीय सडक़ पर सप्ताह में पांच दिन सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक ही यात्रा की जा सकेगी। शनिवार और रविवार को तटीय मार्ग को पर यातायात पूरी तरह से बंद रहेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि कोस्टल रोड का नाम छत्रपति संभाजी महाराज के नाम पर रखा जाएगा।

जानकारी के अनुसार 10.58 किमी लंबी मुंबई कोस्टल रोड परियोजना पर कुल 14 हजार करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। इन परियोजनाओं में जलाशय सडक़ें, पुल, बेहतर सडकें शामिल हैं।

## नुकसान

### शेयर बाजार में कोहराम, निवेशकों के डूबे 3.21 लाख करोड़ रुपए

# सेंसेक्स में 600 से ज्यादा अंकों की टूट, निफ्टी भी लुढ़का

**एजेंसी, मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार में 11 मार्च को चौतरफा गिरावट देखी गई। सेंसेक्स जहां 600 अंकों से ज्यादा टूट गया, वहीं निफ्टी गिरकर 22,350 के नीचे आ गया।

स्मॉलकैप शेयरों में तो तबाही का आलम रहा। बीएसई का स्मॉलकैप इंडेक्स 2 फीसदी से ज्यादा लुढ़कर बंद हुआ। इसके चलते शेयर बाजार में आज निवेशकों के करीब 3.21 लाख करोड़ रुपए का घाटा हुआ। फार्मा को छोड़कर बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स भी लाल निशान में बंद हुए। रियल्टी, बैंकिंग, मेटल, टेलीकम्युनिकेशंस और कमोडिटी शेयरों के इंडेक्स 1प्रतिशत से अधिक गिरकर बंद हुए। कारोबार के अंत में, बीएसई सेंसेक्स 616.75 अंक या 0.83 प्रतिशत टूटकर 74,119.39 अंक पर बंद हुआ। वहीं एनएसई का 50 शेयरों वाला इंडेक्स निफ्टी 160.90 अंक या 0.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,332.65 के स्तर पर बंद हुआ।



बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेसन घटकर 389.60 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गए, जो इसके पिछले कारोबारी दिन यानी 7 मार्च को 392.81 लाख करोड़ रुपए था। इस तरह बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप करीब 3.21 लाख करोड़ रुपए घटा है।

### एसबीआई निवेशकों को भारी नुकसान

सुप्रीम कोर्ट ने आज भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को इलेक्टोरल बॉन्ड मामले में कोई राहत नहीं दी। उल्टा फटकार लगाते हुए उसे 12 मार्च की शाम तक ही इलेक्टोरल बॉन्ड की सारी जानकारी सार्वजनिक करने को कहा है।

एक तरफ जब देश की सबसे बड़ी अदालत देश के सबसे बड़े बैंक की इस तरह क्लास लगा रही थी, वहीं दूसरी तरफ एसबीआई के निवेशकों का पैसा लगातार डूब रहा था। तभी तो 6 घंटे में उन्हें 13,075 करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है।